RNI NO.DELHIN/2012/48369
वर्ष 10 अंक 342
नई दिल्ली, रविवार, 23 अक्टूबर, 2022
पृष्ठ 12 मूल्य ₹ 3
नगर संस्करण

नई दिल्ली, लखनऊ, रायपुर और फरीदाबाद से प्रकाशित

# पायनियर

www.dailypioneer.com




मंत्रिमंडल के बारे में चर्चा करने दिल्ली जाऊंगा

राष्ट्रीय-9

# 75 हजार युवाओं को रोजगार का तोहफा

- नरेंद्र मोदी ने की रोजगार मेले की शुरुआत, अगले डेढ़ साल में दस लाख सरकारी नौकरियां देने के वादे पर हुई पहल
- पूरे देश से युवाओं का हुआ चयन, केंद्र सरकार के 38 मंत्रालयों व विभागों में मिलेगी नौकरी



चेन्नई में आयोजित रोजगार मेले में आए युवा वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को सुनते हुए

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**अगले** डेढ़ वर्ष में मिशन मोड में 10 लाख लोगों को सरकारी नौकरी देने के वादे पर अमल करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को रोजगार मेले की शुरुआत की। इस मौके पर देशभर से चुने गए 75000 युवाओं को नियुक्ति पत्र सौंपे, जिन्हें गृह, रक्षा, रेलवे, बैंकिंग और श्रम जैसे केंद्र सरकार के 38 मंत्रालयों एवं विभागों में ग्रुप ए और ग्रुप बी (गैजेटेड), ग्रुप बी (नॉन-गैजेटेड) एवं ग्रुप सी स्तर की नौकरी दी गई। इसके अलावा सेंट्रल बलों में जवान, सब इंस्पेक्टर, कांस्टेबल, एलडीसी, स्टैनो, पीए, इन्कम टैक्स इंस्पेक्टर और एमटीएस जैसे पदों पर भी युवाओं को रखा गया है। प्रधानमंत्री ने जून में विभिन्न सरकारी विभागों और मंत्रालयों से कहा था कि वे अगले डेढ़ साल में 10 लाख लोगों को मिशन मोड पर नौकरियां दें। अब उस पर अमल शुरू हो गया है। इस मौके पर नौकरी पाए युवाओं को वीडियो कांफ्रेंसिंग से संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि आज देश में रोजगार मेला आयोजित कर रोजगार एवं स्वरोजगार अभियान की शुरुआत हो रही है। यह ऐतिहासिक दिन है। देशभर के चुनिंदा 75 स्थलों पर आयोजित रोजगार मेलों में उपस्थित इन नौकरी पाने वाले युवाओं की दिवाली को विशेष बनाते हुए पीएम मोदी उनसे वीडियो कॉल के जरिए सीधे जुड़ गए।

यहां युवाओं के साथ सांसद और मंत्री पहले से मौजूद थे। चंडीगढ़ में सूचना और प्रसारण मंत्री अनुराग ठाकुर, बिहार में ग्रामीण विकास मंत्री गिरिराज सिंह, ओडिशा में शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान, राजस्थान में रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव एवं तमिलनाडु में वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने प्रधानमंत्री की ओर से युवाओं को व्यक्तिगत तौर पर नियुक्ति पत्र सौंपे। इसी प्रकार महाराष्ट्र में वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल, झारखंड में आदिवासी मामलों के मंत्री अर्जुन मुंडा और गुजरात में स्वास्थ्य मंत्री मनसुख मंडाविया मौजूद रहे। यह पहला अवसर है जब देश में केंद्र सरकार द्वारा इस प्रकार रोजगार मेला अयोजित किया गया और मौके पर ही नियुक्ति पत्र दिया गया। इस अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि इस प्रकार के और मेले सरकार द्वारा आयोजित किए जाएंगे। नौकरियां पैदा करने के लिए केंद्र सरकार कई मोर्चों पर एक साथ लगातार काम कर रही है। प्रधानमंत्री ने बेरोजगारी के मुद्दे पर विपक्ष की ओर से लगातार आलोचना के बीच पिछले आठ वर्षों में नौकरियां पैदा करने के लिए अपनी सरकार के प्रयासों को रेखांकित किया। मोदी ने अपने संबोधन में रिकॉर्ड महंगाई और बेरोजगारी से प्रभावित कई देशों के साथ-साथ दुनिया भर में अर्थव्यवस्था के सामने आने वाली चुनौतियों को स्वीकार किया और कहा कि भारत हालात से उबरने के लिए हरसंभव प्रयास कर रहा है। प्रधानमंत्री ने कहा कि यह ( शेष पेज 8 )

## प्रधानमंत्री ने फिर उठाया रेवड़ी संस्कृति का मुद्दा

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी ने शनिवार को 'रेवड़ी कल्चर' के मुद्दे को फिर से उठाया और अपनी मुफ्त राशन योजना का बचाव करते हुए इशारों-इशारों में विपक्ष पर खूब हमला बोला। मुख्य रूप से उनके निशाने पर दिल्ली के मुख्यमंत्री और आम आदमी पार्टी के संयोजक अरविंद केजरीवाल रहे। क्योंकि, केजरीवाल दिल्ली और पंजाब के बाद हिमाचल प्रदेश एवं पीएम मोदी के गृह प्रदेश गुजरात में विधानसभा चुनाव के मद्देनजर फ्री बिजली समेत कई लुभावने वादे कर रहे हैं।

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि उनकी सरकार महामारी के दौरान 80 करोड़ देशवासियों को मुफ्त राशन प्रदान कर रही है। इस योजना पर तीन लाख करोड़ से अधिक खर्च कर चुकी है। जब करदाता को लगता है कि उसका पैसा सही जगह खर्च हो रहा है, तो उसे भी खुशी होती है। आज देश में करोड़ों करदाता कोरोना काल में करोड़ों लोगों का पेट भरने में मदद कर संतुष्ट हैं। यही करदाता जब देखता है कि उससे वसूले गए पैसे से मुफ्त रेवड़ी बांटी जा रही है तो उसे दुख होता है। आज कई ऐसे करदाता मुझे खुलेआम चिट्ठी लिख रहे हैं। मुझे खुशी है कि देश का एक बड़ा तबका देश को रेवड़ी संस्कृति से मुक्ति दिलाने के लिए कमर कस रहा है।

प्रधानमंत्री ने इस साल जुलाई में पहली बार रेवड़ी कल्चर का मुद्दा उठाते हुए अपने राजनीतिक विरोधियों पर निशाना साधा था। विपक्षी दलों पर वोट के बदले मुफ्त सेवाओं का वादा करने का आरोप लगाते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने लोगों, विशेषकर युवाओं को रेवड़ी संस्कृति के खिलाफ चेताया था। उन्होंने कहा था कि यह देश के भविष्य के लिए बहुत खतरनाक साबित होगा। आम आदमी पार्टी और उसके संयोजक केजरीवाल ने प्रधानमंत्री की इस टिप्पणी का कड़ा विरोध किया था और उपभोक्ताओं ( शेष पेज 8 )

# झारखंड में महिला इंजीनियर के साथ सामूहिक दुष्कर्म



- आरोपियों ने दोस्त से भी की मारपीट, जांच के लिए एसआईटी गठित, 10 लोगों के खिलाफ केस दर्ज
- चाईबासा से सटे हवाई अड्डे के पास हुई घटना, इंजीनियर बेंगलुरू में करती है काम

**पीएनएस/एजेंसी।** चाईबासा

**झारखंड** के पश्चिमी सिंहभूम जिले में सॉफ्टवेयर इंजीनियर युवती के साथ करीब 10 लोगों ने कथित रूप से सामूहिक बलात्कार किया और उसके दोस्त के साथ मारपीट की। वारदात की तफ्तीश करने के लिए पुलिस ने तीन सदस्यीय एक विशेष जांच दल (एसआईटी) गठित किया है। पुलिस के मुताबिक, युवती के साथ सामूहिक बलात्कार की घटना बृहस्पतिवार शाम को जिला मुख्यालय शहर चाईबासा से सटे हवाई अड्डे के पास हुई है।

पुलिस अधीक्षक आशुतोष शेखर ने एजेंसी को बताया कि युवती की ओर से 9-10 अज्ञात लोगों के खिलाफ सामूहिक बलात्कार का मामला दर्ज कराया गया है। उन्होंने बताया कि युवती की चिकित्सिकीय जांच करा ली गई है जिसमें बलात्कार की पुष्टि हुई है तथा आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है और दर्जन भर संदिग्धों को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। उन्होंने बताया कि मामले की छानबीन के लिए तीन सदस्यीय एसआईटी गठित की गई है जिसमें चाईबासा और जगन्नाथपुर के अनुमंडलीय पुलिस पदाधिकारियों एवं संबद्ध मुफस्सिल थाने के थानेदार शामिल हैं। पीड़ित युवती झींकपानी की रहने वाली है और बेंगलुरू में सॉफ्टवेयर इंजीनियर है।

वर्तमान में वह चाईबासा शहर के कमरहातु में किराए के मकान में रह रही है जहां से वह कंपनी के लिए काम (वर्क फ्रॉम होम) करती है। पुलिस ने बताया कि बृहस्पतिवार की शाम युवती अपने एक दोस्त के साथ हवाई अड्डे की तरफ घूमने गई थी और वहां स्कूटी खड़ी कर दोनों आपस में बात कर रहे थे तभी 9-10 अज्ञात युवक वहां आ धमके और युवती के दोस्त के साथ मारपीट कर उससे मोबाइल और पैसे लूट लिए और युवती के साथ सामूहिक बलात्कार किया। उन्होंने बताया कि वहां से किसी तरह दोनों मुफस्सिल थाने पहुंचे और पुलिस ( शेष पेज 8 )



नई दिल्ली में शनिवार को धनतेरस के मौके पर आभूषणों की दूकान में गहना खरीदती महिला। फोटोः रंजन डिमरी

## आगामी संसद सत्र में 1500 से अधिक अप्रचलित कानून होंगे निरस्त

**पायनियर समाचार सेवा।** शिलांग

**केंद्रीय** कानून मंत्री किरेन रीजीजू ने शनिवार को कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी लोगों के जीवन में सरकारी हस्तक्षेप को कम करना चाहते हैं और केंद्र सरकार संसद के आगामी शीतकालीन सत्र के दौरान 1500 से अधिक अप्रचलित और पुराने कानूनों को निरस्त करेगी।

रीजीजू ने यहां रोजगार मेला कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि अप्रचलित कानून आम लोगों के सामान्य जीवन में बाधा हैं और वर्तमान समय में प्रासंगिक नहीं हैं, न ही क़ानून की किताबों में रहने के लायक हैं। उन्होंने कहा, प्रधानमंत्री की इच्छा है कि लोगों के अनुपालन के बोझ को कम किया जाए, यह सुनिश्चित किया जाए कि वे यथासंभव शांति से रह सकें। वह आम लोगों के जीवन में कम सरकारी हस्तक्षेप चाहते हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ( शेष पेज 8 )

## दुर्घटनास्त होने से पूर्व सेना के हेलीकॉप्टर ने भेजा था संदेश

- एक शव और मिला मृतकों की कुल संख्या बढ़कर पांच हुई

**पायनियर समाचार सेवा।** ईटानगर, नई दिल्ली

**अरुणाचल** प्रदेश के पहाड़ी इलाके मिगिंग में दुर्घटनाग्रस्त होने से पहले सेना के उन्नत हल्के हेलीकॉप्टर (एएलएच) के पायलट ने हवाई यातायात नियंत्रण (एटीसी) कक्ष को तकनीकी खराबी के बारे में आपात संदेश भेजने के लिए मेयडे कॉल किया था। सेना के अधिकारियों ने शनिवार को यह जानकारी दी। वहीं, हेलीकॉप्टर दुर्घटनाग्रस्त होने के मामले में लापता अंतिम सैन्य कर्मी का शव मिल गया है, जिसके बाद मृतकों की कुल संख्या बढ़कर पांच हो गई है।

सेना का एक उन्नत हल्का हेलीकॉप्टर (एएलएच) दो पायलट समेत पांच सैन्य कर्मियों को लेकर शुक्रवार सुबह नियमित उड़ान पर था और इस दौरान करीब 10 बजकर 43 मिनट पर तुतिंग कस्बे से लगभग 25 किलोमीटर दूर मिगिंग गांव के पास वह दुर्घटनाग्रस्त हो गया था। शुक्रवार शाम चीन से लगी सीमा से लगभग 35 किलोमीटर दूर घने जंगल वाले पर्वतीय इलाके में मौजूद दुर्घटनास्थल से सेना के चार अन्य जवानों के शव बरामद कर लिए गए थे। मेयडे कॉल आपात स्थिति के मामले में पायलटों द्वारा हवाई यातायात नियंत्रण को सूचना देने से संबंधित है। एक अधिकारी ने कहा, दुर्घटना से पहले, एटीसी को एक मेयडे कॉल प्राप्त हुआ था, जोकि तकनीकी या यांत्रिक खराबी का संकेत देता है।

कोर्ट ऑफ इंक्वायरी (सीओआई) के दौरान इस पर ध्यान केंद्रित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि दुर्घटना के कारणों का पता लगाने के लिए सेना मुख्यालय ने कोर्ट ऑफ इंक्वायरी का आदेश दिया है। अधिकारी ने कहा, बताया गया है कि उड़ान के लिहाज से मौसम अच्छा था। पायलटों के पास एएलएच-डब्ल्यूएसआई उड़ाने का संयुक्त रूप से 600 से ( शेष पेज 8 )

# मप्र में ट्रेलर से टकराई बस, 15 की मौत

**पायनियर समाचार सेवा।** रीवा

**मध्य** प्रदेश के रीवा जिले में एक बस जो हैदराबाद से गोरखपुर जा रही थी, के ट्रेलर से टकराने से बस में सवार 15 लोगों की मौत हो गई और 40 अन्य घायल हो गए। रीवा जिले के पुलिस अधीक्षक नवनीत भसीन ने बताया कि यह घटना शुक्रवार देर रात करीब 11.30 बजे रीवा के नजदीक राष्ट्रीय राजमार्ग-30 पर सोहागी घाटी में हुई। इनमें से अधिकांश लोग दीपावली पर हैदराबाद से गोरखपुर जा रहे थे।

भसीन ने बताया कि मृतकों में बस चालक एवं परिचालक भी शामिल हैं और कटर से बस को काटकर उनके शवों को बाहर निकाला गया। उन्होंने कहा कि मामूली रूप से घायल हुए 20 यात्रियों को शाम तक उत्तरप्रदेश में उनके गंतव्य के लिए रवाना कर दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि मृतकों की संख्या बढ़ने की आशंका नहीं है। हादसे के बारे में विस्तृत जानकारी देते हुए भसीन ने बताया कि सोहागी घाटी में सबसे आगे एक ट्रक, उसके पीछे ट्रेलर और फिर यह बस जा रही थी। उन्होंने बताया कि ट्रेलर ने आगे जा रहे ट्रक को टक्कर मारी और अचानक ब्रेक लगा दिया, इसकी वजह से पीछे आ रही बस ट्रेलर से टकरा गई। उन्होंने कहा कि यह बस तेलंगाना के हैदराबाद से उत्तर प्रदेश के गोरखपुर जा रही थी। भसीन ने बताया कि हादसे में 12 लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दो व्यक्तियों ने अस्पताल ले जाते समय रास्ते में दम तोड़ दिया और एक व्यक्ति ने रीवा के ( शेष पेज 8 )



रीवा में ट्रेलर और बस की टक्कर में दोनों वाहन बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गए

### योगी सरकार मृतक परिजनों को देगी दो-दो लाख

**लखनऊ।** सीएम योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को मध्य प्रदेश के रीवा जिले में एक बस के खड़े ट्रेलर से टकराने से बस में सवार 14 लोगों की मौत पर गहरा दुख प्रकट किया है। उन्होंने मृतकों के परिजनों को दो-दो लाख रुपए एवं गंभीर रूप से घायलों को 50,000 रुपए की आर्थिक सहायता प्रदान करने के निर्देश दिए हैं। सिलसिलेवार ट्वीट में कहा गया कि मुख्यमंत्री ने मृतकों के परिजनों के प्रति संवेदना व्यक्त करते हुए घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की है। मुख्यमंत्री ने मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री से वार्ता कर घायलों का समुचित उपचार कराने और मृतकों के पार्थिव शरीरों को उत्तर प्रदेश तक पहुंचाने का अनुरोध किया है।

### बाजार

| | | |
|---|---|---|
| सेंसेक्स | 59,307 | |
| निफ्टी | 17,576 | |
| सोना | 50,139 | /10g |
| चांदी | 56,089 | /kg |

### क्विक न्यूज

**राम की पैड़ी पर आज जलेंगे 15 लाख से अधिक दीपक**

**अयोध्या।** भगवान राम की जन्मस्थली अयोध्या मे दीपावली समारोह के हिस्से के रूप मे रविवार को यहां भव्य दीपोत्सव मनाया जाएगा जिस दौरान कुल करीब 18 लाख मिट्टी के दीपक जलाए जाएंगे। समारोह के दौरान आतिशबाजी, एक लेजर शो तथा रामलीला का मंचन भी किया जाएगा। अयोध्या मे यह छठा मौका है जब दीपोत्सव समारोह का आयोजन किया जा रहा है। पहली बार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इस कार्यक्रम मे व्यक्तिगत रूप से भाग लेंगे। अयोध्या संभाग के मंडलायुक्त नवदीप रिनवा ने बताया कि राम की पैड़ी मे 22,000 से अधिक स्वयंसेवकों द्वारा 15 लाख से अधिक दीए जलाए जाएंगे। अधिकारी ने कहा कि बाकी दियों को महत्वपूर्ण चौराहों और स्थानों पर जलाया जाएगा।

## आम्रपाली के पूर्व सीएमडी की अंतरिम जमानत अवधि बढ़ाई

- ग्रुप के पूर्व निदेशक को भी मिली राहत

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**सुप्रीम** कोर्ट ने आम्रपाली समूह के पूर्व प्रबंध निदेशक (सीएमडी) अनिल कुमार शर्मा और रियल एस्टेट कंपनी के पूर्व निदेशक शिव प्रिय की अंतरिम जमानत की अवधि मेडिकल आधार पर शनिवार को विस्तारित कर दी। न्यायमूर्ति उदय उमेश ललित और न्यायमूर्ति बेला एम त्रिवेदी की पीठ ने शीर्ष न्यायालय के गैर कामकाजी दिन एक विशेष सुनवाई की।

पीठ ने शर्मा की अंतरिम जमानत जारी रखने की अनुमति दे दी क्योंकि उनका मोतियाबिंद और ग्लूकोमा की सर्जरी होनी है। उन्होंने दलील दी थी कि उनकी आंखों की रोशनी करीब 90-95 प्रतिशत जा चुकी है। पीठ ने उन्हें सर्जरी के लिए चेन्नई के एक अस्पताल जाने की अनुमति दी और कहा कि उन्हें इस प्रक्रिया के पूरी होने के पांच दिनों बाद अपनी मेडिकल स्थिति के बारे में एक रिपोर्ट दाखिल करनी होगी।

सुनवाई की शुरूआत में, शर्मा की ओर से न्यायालय में पेश हुए अधिवक्ता मनोज सिंह ने कहा कि उनके मुवक्किल की मेडिकल रिपोर्ट यह संकेत देती है कि उनकी दोनों आंखों की सर्जरी किए जाने की जरूरत है। सिंह ने कहा, चिकित्सकों की सलाह सहित सभी संबद्ध सामग्री न्यायालय को सौंप दी गई है। हम आठ से 10 सप्ताह की अंतरिम जमानत का अनुरोध कर रहे हैं। घर खरीददारों की ओर से पेश हुए अधिवक्ता एमएल लाहोटी ने मेडिकल आधार पर जमानत दिए जाने का विरोध नहीं किया, लेकिन कहा कि ग्लूकोमा ( शेष पेज 8 )

# चीन के राष्ट्रपति चिनफिंग तीसरे कार्यकाल की राह पर

- सीपीसी की केंद्रीय समिति के सदस्य चुने गए, प्रधानमंत्री के ली क्विंग समिति से हुए बाहर

**एजेंसी।** बीजिंग

**चीन** के राष्ट्रपति शी चिनफिंग को अभूतपूर्व तरीके से पांच साल का तीसरा कार्यकाल मिलना तय लग रहा है क्योंकि शनिवार को उन्हें सत्तारूढ़ चीन की कम्युनिस्ट पार्टी (सीपीसी) की शक्तिशाली केंद्रीय समिति का सदस्य चुन लिया गया। वहीं, शीर्ष नेतृत्व में बड़े उलट-फेर करते हुए प्रधानमंत्री ली क्विंग सहित कई शीर्ष नेताओं के नाम इस समिति के सदस्यों की सूची से नदारद हैं।

पांच साल में एक बार होने वाला सीपीसी का महासम्मेलन (कांग्रेस) केंद्रीय समिति के 205 नियमित और 171 वैकल्पिक सदस्यों के चुनाव के साथ शनिवार को समाप्त हो गया। केंद्रीय समिति, जिसके सदस्य के तौर पर 69 वर्षीय चिनफिंग चुने गए हैं, उसकी बैठक रविवार को 25 सदस्यीय पॉलिटिकल ब्यूरो का चुनाव करने के लिए होगी और वह (पॉलिटिकल ब्यूरो) देश पर शासन करने के लिए स्थाई समिति के सात या इससे अधिक सदस्यों का चुनाव करेगा। स्थाई समिति महासचिव का चुनाव करेगी जो पार्टी और देश का नेतृत्व करेगा। पर्यवेक्षकों ने यहां कहा कि केंद्रीय ( शेष पेज 8 )



बीजिंग में सत्तारूढ़ कम्युनिस्ट पार्टी ऑफ चाइना के महासम्मेलन में मंच से उठकर नीचे जाते पूर्व राष्ट्रपति हु जिंताओ। मंच पर चीन के राष्ट्रपति शी चिनफिंग और प्रधानमंत्री ली केकियांग (बाएं) बैठे हुए हैं।

### पूर्व राष्ट्रपति हू को बाहर निकाला

**बीजिंग।** चीन में सत्तारूढ़ कम्युनिस्ट पार्टी ऑफ चाइना (सीपीसी) का महासम्मेलन शनिवार को नाटकीय अंदाज में सपंन्न हुआ और मीडिया के सामने ही पूर्व राष्ट्रपति हु जिंताओ को जबरन मंच से उतार दिया गया। जिंताओ (79) राष्ट्रपति चिनफिंग और अन्य शीर्ष नेताओं के साथ ग्रेट हॉल ऑफ पीपुल (संसद भवन) में पहली कतार में बैठे थे कि तभी दो लोगों ने उन्हें बैठक से जाने को कहा। माना जा रहा है कि वे दो व्यक्ति सुरक्षाकर्मी ( शेष पेज 8 )

# दीपावली पर हर्ष फायरिंग की तो लाइसेंस होगा निरस्त

## गाजियाबाद जिला प्रशासन पटाखा विक्रेताओं के साथ-साथ अन्य पर भी हुआ सख्त, अवहेलना पर कार्रवाई

**पायनियर समाचार सेवा।** गाजियाबाद

पटाखे नहीं तो फायरिंग ही सही, इस बार ऐसा भी नहीं कर पाएंगे। यदि कोई भी शस्त्र लाइसेंस धारक दीपावली के मौके पर हर्ष फायरिंग करता पाया गया तो उसका शस्त्र लाइसेंस निरस्त कर दिया जाएगा और संबंधित व्यक्ति के खिलाफ दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी।

दीपावली पर पटाखे बेचने के लिए जिला प्रशासन ने लाइसेंस नही दिये हैं। इस साल 30 से अधिक लोगों ने पटाखे बेचने का लाइसेंस लेने के लिए आवेदिन किया था, सभी को निराशा हाथ लगी। ऐसे में प्रशासन को आशंका है कि पटाखे न मिलने के कारण लोग अपने शस्त्र लाइसेंस से हर्ष फायरिंग कर सकते हैं। इसलिए बेहद कड़ा कदम उठाते हुए कानूनी कार्रवाई का निर्देश जारी किया गया है।



धनतेरस पर खरीदारी करतीं युवतियां।

मालूम हो कि दिल्ली में इस बार पटाखा जलाने पर छह महीने की जेल की सजा है। इसका मकसद वायु प्रदूषण को कम करना है। इस मुहिम को सफल बनाने के लिए एनसीआर के शहरों से भी पटाखे जलाने पर प्रतिबंध लगाने की मांग की गई थी। हालांकि गाजियाबाद प्रशासन पिछले कई साल से हानिकारक पटाखों को हतोत्साहित कर रहा है। इस उसने कड़ा कदम उठाते हुए विक्रेताओं को लाइसेंस ही नहीं दिए।

गाजियाबाद में प्रदूषण से लोगों का बुरा हाल रहता है। दिवाली की रात स्थिति बहुत अधिक खराब हो जाती है। अब पटाखों पर प्रतिबंध के चलते लोग अपने शस्त्र लाइसेंस से फायरिंग कर दिवाली की खुशी मनाते हैं। इससे हादसों का खतरा बहुत अधिक रहता है। प्रशासन ने इससे बचने के लिए हर्ष फायरिंग पर भी प्रतिबंध लगा दिया है। पुलिस टीमों को सख्त हिदायत दी गई है कि ऐसे लोगों पर नजर रखें जो नियमों का उल्लंघन करें। उन पर फौरन कार्रवाई करें।

अभी हाल ही में गाजियाबाद के जिलाधिकारी राकेश कुमार सिंह ने एसएसपी को भेजे पत्र में लिखा है कि शस्त्र लाइसेंस अवेदन पत्रों पर प्राप्त जांच आख्याओं का परीक्षण करने पर पाया गया कि ऐसे आवेदन जिनके पास पहले से ही शस्त्र लाइसेंस है, उनके भी दूसरे शस्त्र लाइसेंस दिए जाने के लिए जांच कर संस्तुति रिपोर्ट कार्यालय में भेजी जा रही है, जबकि उन्होंने पहले से ही शस्त्र लाइसेंस ले रखे हैं।

### खराब श्रेणी में पहुंची नोएडा–ग्रेटर नोएडा की हवा

**नोएडा।** नोएडा और ग्रेटर नोएडा शहर की आबोहवा में सुधार नहीं हो रहा है। शुक्रवार को नोएडा का एक्यूआई 258 और ग्रेटर नोएडा में 246 दर्ज किया गया, जो कि गुरुवार के मुकाबले 27 से 30 अंक ज्यादा है। प्राधिकरण की प्रदूषण को कम करने की सभी योजना नाकाम साबित हो रही हैं। जिले में ग्रेडेड रिस्पांस एक्शन प्लान ग्रैप लागू है। प्रशासन को आशंका है कि दिवाली के बाद हालात और खराब हो सकते हैं।

नोएडा प्राधिकरण और प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड की अलग-अलग टीमें प्रदूषण की रोकथाम के लिए कवायद कर रही हैं। प्रतिदिन सख्ती करने के बाद भी कोई असर दिखाई नहीं दे रहा है। हवा गुणवत्ता को खराब से मध्यम श्रेणी तक पहुंचना बोर्ड के लिए चुनौती बना है। बोर्ड भी अपने स्तर से काफ ी प्रयास कर रहा है, लेकिन उनकी प्रदूषण को कम करने की सभी योजना नाकाम साबित हो रही है। उत्तर प्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड की टीम ने सेक्टर–136 में विभिन्न थानों पर ग्रैप के निमयों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ अभियान चलाया। इस दौरान उन्हें चार कमर्शियल प्लॉट संचालकों द्वारा प्रदूषण फैलाते पाए गए। यहां ग्रैप के तहत नियमों का पालन नहीं किया जा रहा था।

# छठ पूजा को लेकर तैयारी घाटों की साफ-सफाई शुरू

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

दीपावली और छठ को लेकर प्राधिकरण ने तैयारी शुरू कर दी है। इसे लेकर सार्वजनिक स्थानों पर साफ-सफाई की व्यवस्था को लेकर सख्त निर्देश दिए गए हैं। मंदिरों के आसपास लाइटिंग की व्यवस्था करने के निर्देश दिए गए हैं।

प्रकाश के लिए स्ट्रीट लाइट लगाने के लिए कहा गया है। इसके अलावा, छठ पूजा के लिए कृतिम तालाबों की साफ सफाई एवं वहां पर लाइटिंग के लिए कहा गया है। इसके अलावा भीड़-भाड़ व यातायात व्यवस्था को लेकर 84 स्थानों पर सीसीटीवी कैमरे लगाने की व्यवस्था करने के लिए कहा गया है। प्राधिकरण आठ स्थानों पर छठ घाट बना रहा है। यहां साफ .सफाई का काम पूरा किया जा चुका है। साथ ही लाइटिंग का काम किया जा रहा है। बताया गया कि घाटों को छठ से पहले पूरी तरह से तैयार कर इसमें पानी की समुचित व्यवस्था कर दी जाएगी। इन सभी घाटों पर इंतजामों के लिए नोडल अधिकारी भी बना दिए गए है।

### इन स्थानों पर बन रहे घाट

*–प्लाट सीसी–01 सेक्टर–25, मोदी मॉल के पास*
*–प्कामर्शियल भूखंड ए–548, सेक्टर–46 नोएडा*
*–प्सी–57 सेक्टर–62 रामलीला मैदान*
*–प्सेक्टर–116 की मास्टर ग्रीन बेल्ट*
*–प्सेक्टर–105 फेसीलिटी भूखंड एचआईजी पॉकेट बी के सामने*
*–प्सेक्टर–120 की मास्टर ग्रीन बेल्ट*
*–सेक्टर–110 सामुदायिक केंद्र के सामने*
*–एक्सप्रेसवे के समानांतर 45 मीटर चौड़ी सड़क के साथ सेक्टर–135 के वाणिज्यिक भूखंड में सेक्टर–129 के विद्युत सब स्टेशन के समीप।*

# पत्नी को गोली मार बेटे को किया था अगवा

**पायनियर समाचार सेवा।** गाजियाबाद

- पुलिस की जांच में हुआ खुलासा, दो साल के बच्चे के अपहरण का मामला सुलझा, आरोपी पति, उसकी दूसरी पत्नी और मां हुई गिरफ्तार

गाजियाबाद के मसूरी थानाक्षेत्र में एक व्यक्ति ने पत्नी को गोली माकर अपने दो साल के बच्चे का अपहरण कर लिया था। पुलिस ने इस मामले का खुलासा कर महिला के पति प्रविंद्र, उसकी मां सतेंद्री, दूसरी पत्नी शालू चौधरी और एक अन्य साथी को गिरफ्तार कर लिया है।

एसपी ग्रामीण डॉ. ईरज राजा ने बताया कि 26 सितंबर को संजना नाम की महिला को गोली मारकर उसका पति दो साल के बच्चे का अपहरण कर ले गया था। उन्होंने बताया कि गिरफ्तार प्रविंद्र मुजफ्फरनगर के तितावी का रहने वाला है और नाम व पता बदलकर अलग-अलग स्थानों पर किराये के मकान लेकर रहता है। करीब तीन वर्ष पूर्व आरोपी प्रविंद्र और काजीपुरा की रहने वाली संजना की शादी हुई थी। शादी के दौरान आरोपी प्रविंद्र ने खुद को कस्टम इंस्पेक्टर बताया था, जबकि वह प्राइवेट नौकरी भी नहीं करता है।

शादी के बाद प्रविंद्र के फ र्जीवाड़े और झूठ से तंग आकर करीब डेढ़ साल पहले संजना उससे अलग होकर काजीपुरा आकर रहने लगी थी। प्रविंद्र अपनी पत्नी संजना से बच्चे की मांग करता रहा, लेकिन उसने उसे बच्चा नहीं दिया।

फिर बच्चे को पाने के लिए प्रविंद्र ने मेरठ के एक असलहा तस्कर से 55 हजार रुपये में पिस्टल खरीदी और कई दिन तक रेकी करने के बाद 26 सितंबर को संजना को गोली मारकर बेटे शिवांश को अगवा कर लिया था। जिसके बाद पुलिस ने लंबी जांच के बाद इस मामले में आरोपी प्रविंद्र को दूसरी पत्नी शूाल और एक अन्य साथी समेत षडयंत्र में शामिल होने पर गिरफ्तार किया।

# सामूहिक दुष्कर्म का मामला झूठा, तो महिला पर हो कड़ी कार्रवाई

- दिल्ली महिला आयोग ने की उच्च स्तरीय जांच की मांग

**पायनियर समाचार सेवा।** गाजियाबाद

गाजियाबाद के कथित गैंगरेप केस में दिल्ली महिला आयोग की अध्यक्ष स्वाति मालीवाल ने मुख्यमंत्री योगी आदित्नाथ को एक पत्र लिखा है। उन्होंने उच्च स्तरीय कमेटी गठित कर जांच कराने का अनुरोध किया है।

स्वाति मालीवाल ने कहा कि इस बात की जांच की जानी चाहिए कि पीड़िता को किसने चोट पहुंचाई। गुप्तांग में लोहे जैसी वस्तु डालने के लिए कौन जिम्मेदार है। पत्र में उन्होंने ये भी लिखा है कि अगर लड़की इस साजिश में शामिल थी तो उसके खिलाफ भी आईपीसी की धारा 182 में कार्रवाई होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि महिला की जीटीबी हॉस्पिटल की मेडिकल जांच रिपोर्ट गंभीर चोटों को दर्शाती है। रिपोर्ट के अनुसार, वह रस्सियों में बंधी थी। गर्दन और जांघ पर खरोंच थी। खून बह रहा था। निजी अंग से भी लोहे की कुछ वस्तु निकाली गई। स्वाती मालीवाल ने कहा कि हमने इस मामले में यूपी पुलिस को नोटिस जारी किया था।

# धनतेरस पर मिला अपना चोरी हुआ मोबाइल

- पुलिस ने छह राज्यों में चल रहे 53 मोबाइल बरामद कर लौटाए

**पायनियर समाचार सेवा।** गाजियाबाद

धनतेरस के दिन गाजियाबाद पुलिस ने 53 ऐसे लोगों के चेहरे पर खुशी लौटा दी है जिनके मोबाइल चोरी अथवा खो गए थे। गाजियाबाद पुलिस ने सभी मोबाइल बरामद करते हुए उनके असली स्वामी को लौटा दिया है। पुलिस का दावा है कि दिल्ली–एनसीआर समेत कई राज्यों में मोबाइल चल रहे थे। सभी मोबाइल को बरामद करते हुए शनिवार को गाजियाबाद पुलिस लाइन में पीड़ितों को बुलाकर उनके मोबाइल वापस किए गए।



गाजियाबाद पुलिस द्वारा अभियान चलाकर बरामद किया गया मोबाइल।

पुलिस लाइन में अपना मोबाइल लेने आए अजय कालरा ने बताया कि पिछले साल दिसंबर में मेरा मोबाइल खो गया था और अब मिला है। मेरे बेटे ने अपनी पहली सैलरी में मुझे यह मोबाइल गिफ्ट किया था। मोबाइल पाकर पीड़ित ने गाजियाबाद पुलिस को धन्यवाद प्रेषित किया।

## संक्षिप्त समाचार

### खरीदारी कर लौट रही महिला से चेन लूटी

**नोएडा।** ग्रेनो वेस्ट में शनिवार की रात दीपावली की खरीदारी कर घर लौट रही एक महिला को बाइक सवार बदमाशों ने निशाना बनाया है। फ्रेंच अपार्टमेंट के समीप लुटेरों ने महिला के गले से सोने की चेन लूट ली। इसके बाद बदमाश वारदात को अंजाम देकर फरार हो गए। महिला ने शोर भी मचाया, लेकिन बदमाशों को पकड़ा नहीं जा सका। पीड़ित महिला ने मामले की शिकायत पुलिस से की है। कोतवाली प्रभारी उमेश बहादुर सिंह का कहना है कि महिला की शिकायत पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। पुलिस लुटेरों की तलाश में जुटी है।

### पांच साल की बच्ची के साथ अश्लील हरकत

**नोएडा।** सेक्टर–39 थानाक्षेत्र की एक कॉलोनी में पांच साल की बच्ची के साथ अश्लील हरकत करने का मामला सामने आया है। पीड़िता की मां की शिकायत पर आरोपी के खिलाफकेस दर्ज कर पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस को दी शिकायत में थानाक्षेत्र की महिला ने बताया कि उनकी पांच साल की एक बेटी है। महिला ने आरोप लगाया कि शकील नाम के आरोपी ने उनकी बेटी के साथ अश्लील हरकत की है। इसके बारे में बेटी ने घर आकर बताया। आरोपी सलारपुर कॉलोनी में रहता है। पुलिस ने शकील के खिलाफ पोक्सो एक्ट में केस दर्ज कर गिरफ्तार कर लिया।

### ट्रक चालक ने साइकिल सवार को कुचला, मौत

**नोएडा।** तेज गति से आ रहे एक मिक्सर ट्रक चालक ने शुक्रवार देर रात को सेक्टर–50 मेट्रो स्टेशन के पास एक सुरक्षाकर्मी को कुचल दिया। इससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। सुरक्षाकर्मी ड्यूटी खत्म करने के बाद घर जा रहा था। इस संबंध में मृतक के परिजनों की शिकायत पर सेक्टर–113 थाना पुलिस ने आरोपी चालक के खिलाफ केस दर्ज किया है। गाजियाबाद के खोड़ा निवासी 36 वर्षीय मृत्युंजय कुमार सेक्टर–74 स्थित सुपरटेक केपटाउन सोसाइटी में सुरक्षाकर्मी थे। वह शुक्रवार रात करीब साढ़े सात बजे ड्यूटी खत्म कर साइकिल से अपने घर जाते समय सेक्टर 50 मेट्रो स्टेशन के पास तेज गति से आए ट्रक चालक ने उन्हें टक्कर मार दी। हादसे के बाद आरोपी चालक अपने मिक्सर ट्रक को छोड़कर फरार हो गया।

### बिल्डर से रंगदारी मांगने वाला वांछित गिरफ्तार

**नोएडा।** सेक्टर.63 थाना पुलिस ने रंगदारी मांगने के मामले में वांछित चल रहे आरोपी को गिरफ्तार किया है। थाना प्रभारी ने बताया कि पंचशील बिल्डर के अधिकारी से एक आरोपी ने रंगदारी मांगी थी। रंगदारी न देने पर आरोपी ने जान से मारने और व्यापार को बर्बाद करने की धमकी दी थी। इस संबंध में पुलिस ने आरोपी इंदर नागर के खिलाफकेस दर्ज किया था। आरोपी की पहचान बादलपुर के गांव दुजाना निवासी इंदर नागर के रूप में हुई है। पुलिस ने आरोपी को कोर्ट में पेश कर जेल भेज दिया।

### राजेंद्र नगर के स्कूल में गिरने से बच्चा घायल

**गाजियाबाद।** स्कूल में दिवाली कार्यक्रम के लिए गया नर्सरी का बच्चा गिरकर घायल हो गया। बच्चे के सिर में चोट आई है। उसके दो टांके लगे हैं। राजेंद्र नगर स्थित डीएलएफ स्कूल की प्रधानाचार्या सीमा जैरथ का कहना है कि यह महज एक दुर्घटना है। जिस दौरान बच्चा गिरा वहां पर सभी शिक्षक मौजूद थे। स्कूल में दिवाली कार्यक्रम के लिए बच्चा धोती–कुर्ता पहनकर आया था। लंच के बाद वह हाथ धोने के लिए नल के पास गया। वहां हाथ धोने के बाद जैसे ही पीछे की ओर मुड़ा, धोती में उसके पैर में फंस गई और वह गिर गया।

### वैशाली में सीवर का ढक्कन चोरी, हादसे का खतरा

**गाजियाबाद।** वैशाली में बदमाश सीवर मेनहोल का ढक्कन ही चोरी कर लिया। स्थानीय लोगों का कहना है कि इससे राहगीरों के चोटिल होने का खतरा बढ़ गया है। स्थानीय निवासी राजेश कुमार ने बताया कि वैशाली सेक्टर एक और तीन के बीच मेन रोड है। सड़क पर कोई असामाजिक तत्व सीवर का ढक्कन ही निकाल कर ले गया। वसुंधरा जोनल प्रभारी विवेक त्रिपाठी ने बताया कि टीम भेजकर कार्रवाई कराई जाएगी।

# वीडियो आने पर महिला गांजा तस्कर गिरफ्तार

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

- महिला के घर के बाहर लंबी कतार में पैसा लेकर गांजा खरीदने का वीडियो हुआ था वायरल

ग्रेटर नोएडा की नॉलेज पार्क थाना पुलिस ने एक महिला गांजा तस्करी के आरोप में गिरफ्तार किया है। पुलिस की गिरफ्त में आई महिला घर पर अवैध रूप से गांजा बेचती थी। शुक्रवार को इसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ था, जिसमें वह नशेड़ियों को गांजा बेच रही थी। वीडियो वायरल होने पर पुलिस ने कार्रवाई करते हुए महिला को गिरफ्तार कर लिया।

नॉलेज पार्क थाना क्षेत्र के कोंडली का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा था। इसमें एक महिला के घर के बाहर लंबी कतार लगी हुई थी और सभी लोग हाथ में पैसा लेकर गांजे की खरीदारी कर रहे थे। उसी में से एक शख्स ने



वीडियो बना लिया और वीडियो को सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। वायरल वीडियो में महिला अवैध रूप से लोगों को गांजा बेच रही है। वीडियो वायरल होने के बाद पुलिस इस मामले की कार्रवाई में जुट गई। महिला का वीडियो वायरल होने के बाद पुलिस ने अवैध रूप से गांजे की तस्करी करने वाली महिला सोलिना बीवी को गिरफ्तार कर लिया है जोकि मूल रूप से पश्चिम बंगाल की रहने वाली है और ग्रेटर नोएडा के सेक्टर 150 के कुंडली में रहकर गांजे की तस्करी किया करती थी। इसके कब्जे से पुलिस ने 1.6 किलो गांजा और 65000 रुपए बरामद किए गए हैं। गांजे को तोलने के लिए रखे गए इलेक्ट्रॉनिक तराजू को भी पुलिस ने बरामद किया है। नॉलेज पार्क थाना प्रभारी विनोद कुमार ने बताया कि सोशल मीडिया पर एक महिला द्वारा गांजा बेचने का वीडियो वायरल हुआ था। इसी मामले में कार्रवाई करते हुए महिला को गिरफ्तार कर लिया गया है।

# यातायात नियम तोड़ने का किया ट्वीट तो पत्रकार को पीटा

**पायनियर समाचार सेवा।** गाजियाबाद

- आठ-दस लोगों ने आफिस में घुसकर किया हमला, आरोपी गिरफ्तार

गाजियाबाद में एक पत्रकार को उसके कार्यालय में घुसकर पीटा गया। पत्रकार ने ट्रैफिक नियमों के उल्लंघन पर एक ट्वीट किया था, जिसमें संबंधित कार मालिक का भारी–भरकम चालान कट गया। इससे गुस्सा होकर कार मालिक ने अपने साथियों संग पत्रकार के ऑफिस पर हमला बोल दिया और जमकर पिटाई की। पिटाई की वीडियो वायरल होते ही पुलिस ने मुख्य आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।

ये मामला ट्रॉनिका सिटी थाना क्षेत्र के खुशहाल पार्क कॉलोनी का है। एक दैनिक अखबार में कार्यरत पत्रकार शौकत इस इलाके में रहते हैं। शौकत ने बताया कि पिछले दिनों उन्होंने एक ट्वीट किया था जिसमें कुछ युवक गाड़ी को तेज रफ्तार में चला रहे थे और हूटर बजा रहे थे।

# मुरादनगर में गोबर से बनी खल चूरी बेचने वाला गिरफ्तार

**पायनियर समाचार सेवा।** गाजियाबाद

मुरादनगर में गोबर से तैयार खल चूरी को नामी कंपनी के नाम से बेच रहे एक युवक को पुलिस ने शनिवार को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने युवक के पास से नकली खल चूरी की 27 बोरियां बरामद की हैं। हरियाणा से नकली खल चूरी तैयार कर उसे गांव–गांव जाकर बेचा जाता था। एक युवक मिनी ट्रक में मुरादनगर में गली–गली घूमकर नकली खल चूरी की बोरी बेचने के लिए आवाज लगा रहा था।

जलालपुर मार्ग स्थित मुर्गी फार्म के पास पशुपालक ने उससे खल चूरी की बोरी ली। जब बोरी खोलकर देखी तो उसमें से गोबर की बदबू आ रही थी। पूछने पर वह भागने लगा। लोगों ने इसकी सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने एक किलोमीटर तक पीछा कर मिनी ट्रक पकड़ लिया।

थाना प्रभारी सतीश कुमार ने बताया कि पूछताछ में युवक ने अपना नाम अनूप सिंह निवासी गांव गोपालपुर थाना खरखौदा सोनीपत बताया है। उसके पास से अवैध खल चूरी के 27 बोरे बरामद किए गए हैं।

### महिला ने लगाया जेठ पर छेड़छाड़ का आरोप

**गाजियाबाद।** थाना टीला मोड़ क्षेत्र में महिला ने जेठ पर छेड़छाड़ के आरोप लगाए हैं। इस मामले की एफ आईआर टीला मोड़ थाने में दर्ज हुई है। पुलिस मामले की जांच की जा रही है।

पीड़िता ने एफ आईआर दर्ज कराते हुए बताया कि जब घर पर वह अकेली थी तभी उनके जेठ ने आकर उनसे बदसलूकी की। इसी बीच पीड़िता का भाई आ गया। इसके बाद आरोपी पीड़िता और भाई को पीटकर भाग गया। उसके बाद पति, जेठ और एक अन्य लड़का लाठी लेकर आए और उनकी और भाई की पिटाई कर दी, जिससे दोनो को चोटें आई हैं।

# डेबिट कार्ड बदलकर खाते से निकाले 1.5 लाख की रकम

**पायनियर समाचार सेवा।** गाजियाबाद

गाजियाबाद के प्रताप विहार सेक्टर–12 में एक्सिस बैंक के एटीएम में डेबिट कार्ड बदलकर बीएसएनएल के सेवानिवृत कर्मचारी के खाते से 1.15 लाख रुपये निकाल लिए।

प्रताप विहार में रहने वाले जगदीश चंद्र बृहस्पतिवार शाम पास के एक्सिस बैंक के एटीएम में गए और 10 हजार रुपये निकाले। पैसे तो मिल गए, लेकिन डेबिट कार्ड उसी में फंस गया। जगदीश के पीछे दो–तीन लोग और खड़े थे, जिनमें से एक बोला कि जल्दी करो। उन्होंने कार्ड फंसने के बारे में बताया तो उक्त व्यक्ति आगे आया और कहा कि सामने गार्ड का नंबर लिखा है, उस पर काल करो।

काल की तो फोन उठाने वाले ने खुद को गार्ड बताते हुए कहा कि पिन नंबर डालकर कैंसल वाला बटन दबा दो। कार्ड नहीं निकला तो टेक्नीशियन भेजने की बात कही। पीड़ित स्कूटी देखने बाहर निकले और इसी दौरान उनका कार्ड निकाल कर पीछे खड़ा व्यक्ति भी गायब हो गया।

### नोएडा में 30,000 पौधे रोपने का है लक्ष्य रखा

**नोएडा।** स्वच्छ पर्यावरण के प्रति जिम्मेदारी समझते हुए एनटीपीसी दादरी ने वर्ष 2022 में 30,000 पौधे रोपने का लक्ष्य रखा है।

एनटीपीसी दादरी में में समूह महाप्रबंधक दादरी बी श्रीनिवास राव ने वर्ष पावर स्टेशन की उपलब्धियों की चर्चा की। दादरी में ताप विद्युत स्टेशन, गैस परियोजना, सोलर पावर प्लांट फ्लू गैस डीसल्फराईजेशन एफजीडी, सोलर थर्मल हाइब्रिड प्लांट, ड्राई सॉरबेंट इंजेक्शन सिस्टम डीएसआचई, शुष्कराख निस्तारण प्रणाली, एचबीडीसी और सर्वाधिक क्षमता का 400 केवी स्विचयार्ड है।

# इन्वेस्टमेंट रीजन में होगी 300 एमएलडी पानी की आपूर्ति

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

- नोएडा, बुलंदशहर और दादरी के 87 गांवों की जमीन पर दिल्ली-नोएडा-गाजियाबाद इन्वेस्टमेंट रीजन बसाने की तैयारी

नोएडा, बुलंदशहर और दादरी के 87 गांवों की जमीन पर दिल्ली–नोएडा–गाजियाबाद इन्वेस्टमेंट रीजन बसाने की तैयारी है। यहां करीब तीन हजार इंडस्ट्री बनाई जाएंगी। यहां कुल छह लाख की आबादी में माइग्रेंट यानी प्रवासी करीब 3.5 लाख होगा। इनके लिए 300 एमएलडी पानी की सप्लाई की जाएगी। ये पानी गंगाजल, भूमिगत होगा, जिसे मिलाकर सप्लाई किया जाएगा।

डीएनजीआईआर में गिरते भूजल स्तर को बढ़ाने और वेटलैंड के लिए यहां 58.96 हेक्टेयर में लेक और 91.75 हेक्टेयर में कैनाल बनाई जाएंगी। 300 एमएलडी में 212 एमएलडी पानी इंडस्ट्री सप्लाई के लिए जाएगा। यहां से निकलने वाले



दूषित पानी को एसटीपी के जरिए शोधित किया जाएगा। इसके अलावा घरेलू सप्लाई के लिए 85 एमएलडी पानी दिया जाएगा।

इस पानी की सप्लाई के लिए यहां कितने नलकूप खंड और जलाशय बनाए जाएंगे इसे लेकर भी चर्चा की जा रही है। हालांकि डीएनजीआईआर का 2041 मास्टर प्लान का मैप तैयार किया जा चुका है। इसमें बुनियादी सुविधा बिजली, पानी और सड़क और अन्य आधारभूत ढांचे को बखूबी दिखाया गया है।

डीएनजीआईआर में लोगों के रहने के लिए चार कैटेगरी और तीन टाइप के मकान बनाए जाएंगे। इसमें 18.1 हेक्टेयर में ईडब्ल्यूएस, 40.8 हेक्टेयर में एलआईजी, 29.9 हेक्टेयर में एमआईजी और 1.8 हेक्टेयर में एचआईजी फ्लैट होंगे, जिसमें टाइप.1, 2 और 3 तरह के मकान बनाए जाएंगे। डीएनजीआईआर करीब 21 हजार हेक्टेयर क्षेत्र में बसाया जा रहा है।

इसके लिए मास्टर प्लान 2041 बनाया गया है। इसका 8811 हेक्टेयर एरिया औद्योगिक होगा। माना जा रहा है कि इस शहर की कुल आबादी छह लाख में रेजिडेंसिएशल एरिया 2 हजार हेक्टेयर से ज्यादा होगा। लैंड पूल के जरिए जमीन का अधिग्रहण किया जाएगा।

# रैपिड रेल के पहले चरण में वायाडक्ट निर्माण पूरा

**पायनियर समाचार सेवा।** गाजियाबाद

दिल्ली–गाजियाबाद–मेरठ रैपिड रेल कॉरिडोर को निर्धारित समय से पूरा करने के लिए काम तेजी से जारी है। पहले चरण के 17 किलोमीटर लंबाई वाले पहले खंड साहिबाबाद से दुहाई डिपो तक वायाडक्ट का निर्माण कार्य पूरा हो गया।

लॉन्चिंग गैन्ट्री तारिणी द्वारा गर्डर का आखिरी सेगमेंट लिफ्ट करके पिलर पर दुहाई रैपिड रेल स्टेशन के पास फिट किया गया। इसके साथ ही प्रायोरिटी सेक्शन में वायाडक्ट काम पूरा हो चुका है। अब ट्रायल रन शुरू करने की तैयारियां भी आखिरी चरण में पहुंच गई है।

वायाडक्ट का काम पूरा होने के बाद अब इसके ऊपर ट्रैक बिछाने, ओएचई और सिग्नल लगाने का काम तेजी से जारी है। इस प्राथमिकता वाले सेक्शन में चार स्पेशल स्टील पुल भी स्थापित किए गए हैं। 73 मीटर लंबा पुल रेलवे की मुख्य रेललाइन पर वसुंधरा में, 150 मीटर लंबा पुल गाजियाबाद स्टेशन के पास और दो 45 मीटर लंबे स्टील पुल दुहाई डिपो की ओर जा रहे वायाडक्ट के लिए लिये बनाए गए हैं।

एनसीआरटीसी अगले महीने के अंत तक प्रायोरिटी सेक्शन में रैपिड रेल का ट्रायल रन आरंभ करने की तैयारी कर रहा है। 2 ट्रेनें गुजरात के सांवली स्थित मेन्युफेक्चरिंग प्लांट से दुहाई डिपो पहुंच चुकी हैं। इनकी सारी टेस्टिंग प्रक्रिया पूरी हो चुकी है।

सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक नरेन्द्र कुमार द्वारा नं. 6, गुलाब भवन के पीछे, बहादुर शाह ज़फ़र मार्ग, नई दिल्ली–110002, दूरभाषः 011–40110455 से प्रकाशित तथा बीएफएल इन्फोटेक लिमिटेड सी–9 सेक्टर–3, नोएडा–201301 ( उ.प्र. ) से मुद्रित। कार्यकारी संपादकः नवीन उपाध्याय, स्थानीय सम्पादकः प्रदीप तिवारी। पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार के किसी भी विज्ञापन पर प्रतिक्रिया करने से पहले पूरी तरह उसके बारे में दिए गए दावों, शर्तों और तथ्यों की जांच कर लें। पायनियर ग्रुप के मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद तथा सेवा हेतु किए गए किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन या उत्तरदायित्व नहीं लेता है। ऐसे विज्ञापनों के बाद किसी आर्थिक क्षति के लिए वे जिम्मेदार भी नहीं हैं। पत्रवार्ता ऑफिस- एफ-31, सेक्टर 6, नोएडा, गौतमबुद्धनगर-201301, उत्तर प्रदेश, दूरभाष- 120-4879900।

# बाजार में दिख रही दिवाली की रौनक, सुरक्षा कड़ी

## धनतेरस पर जमकर हुई खरीदारी, दीपावली पूजा की भी तैयारी, बाजार क्षेत्रों में बढ़ाई गश्त, अतिरिक्त पुलिस पिकेट लगाए गए

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

पांच दिनों तक चलने वाले दिवाली त्योहार की शुरुआत शनिवार को धनतेरस से हो गई। पहले दिन बाजारों में लोगों की भीड़ रही, सड़कों पर भीषण जाम रहा और दुकानों में काफी चहल-पहल देखी जा रही है। धनतेरस के दिन सोना-चांदी खरीदने का शुभ मुहूर्त 22 अक्टूबर को शाम 6.02 बजे से शुरू होकर 23 अक्टूबर को शाम 6:27 बजे समाप्त होगा। इस दौरान लोग खरीदारी करते हैं तो शुभ मुहूर्त माना जाएगा।

कोविड-19 महामारी के बाद लोगों के लिए यह पहला मौका है। जब वह बिना किसी के पाबंदी के बाजारों में खरीदारी की। रोशनी से सजे बाजार और रंग-बिरंगी कंदील, फूलों वाली झालर, लड़ियों, ओम शुभ-लाभ और सुंदर-सुंदर मिट्टी की लक्ष्मी गणेश की मूर्तियां के अलावा बर्तन और चांदी सोने के गहनों और बर्तनों से सजा बाजार सभी को अपनी ओर आकर्षित कर रहा है।

बाजार का प्रवेश द्वार भी लाल पीली नीली और गुलाबी लाइटों से चमक रहा है। हर दुकान पर खरीदारों की भीड़ खरीदारी के लिए उमड़ रही है। कोरोना महामारी के बाद यह नजारा पहली बार देखने को मिल रहा है, जिसे देखकर हर कोई उत्साहित है। ऐसे में पांच दिवसीय त्योहार धनतेरस, छोटी दीपावली, दीपावाली, गोवर्धन और भाईदूज के लिए बाजार सजकर तैयार है।



**नई दिल्ली में धनतेरस के अवसर पर बर्तन की दुकान पर जुटी खरीदारों की भीड़।** फोटो : रंजन डिमरी

वहीं दिल्ली पुलिस ने सुगम और सुरक्षित दिवाली सुनिश्चित करने के लिए बाजारों, मॉल और भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों में सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी है। विशेष रूप से उन बाजारों, मॉल, महत्वपूर्ण प्रतिष्ठानों और उन स्थानों पर सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए गए हैं जहां लोगों की भारी भीड़ जुटने की संभावना है। भीड़भाड़ वाले बाजारों में गश्त और अतिरिक्त पिकेट की तैनाती के माध्यम से पुलिस की मौजूदगी बढ़ाई गई है। किसी भी अप्रिय घटना को रोकने के लिए सभी कर्मी हाई अलर्ट पर हैं।

विशेष पुलिस आयुक्त (कानून-व्यवस्था) सागर प्रीत हुड्डा ने कहा, त्योहारों के मौसम को देखते हुए, हमने बाजार क्षेत्रों में गश्त बढ़ा दी है, अतिरिक्त पुलिस पिकेट लगाए गए हैं और कर्मियों को तैनात किया गया है। आतंकवाद-रोधी दृष्टिकोण से, यह सुनिश्चित करने के लिए जांच की जा रही है कि कोई भी असामाजिक या राष्ट्र-विरोधी तत्व ऐसी गतिविधियां न करे जो किसी के जीवन को आघात पहुंचा सके। महिलाओं की सुरक्षा के लिए महिला कर्मियों को तैनात किया गया है। वे सुरक्षित वातावरण सुनिश्चित करने के लिए स्कूटरों पर प्रमुख चौराहों पर गश्त भी करेंगी।

पुलिस उपायुक्त (डीसीपी) (पूर्व) प्रियंका कश्यप ने अतिरिक्त डीसीपी सचिन शर्मा, अन्य अधिकारियों और पुलिस कर्मियों के साथ सुरक्षा उपायों का जायजा लेने और जनता के बीच विश्वास उत्पन्न करने के लिए दिल्ली के सबसे व्यस्त बाजारों में से एक लक्ष्मी नगर और वी3एस मॉल, प्रीत विहार में पैदल गश्त की।

दक्षिण-पश्चिम जिले में, नागरिकों को संवेदनशील बनाने और लोगों, विशेष रूप से बच्चों और छात्रों, महिलाओं और वरिष्ठ नागरिकों के बीच जागरूकता उत्पन्न करने के लिए सरोजिनी नगर मार्केट में एक साइबर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। पुलिस उपायुक्त (दक्षिण पश्चिम) मनोज सी. ने कहा कि इस तरह के सत्रों से पुलिस-जनता के बीच सम्पर्क में सुधार होगा और साइबर अपराधों पर अंकुश लगाने में मदद मिलेगी। सरोजिनी नगर के भीड़भाड़ वाले बाजार में फ्लैग मार्च किया गया। देशभर में दिवाली 24 अक्टूबर को मनाई जाएगी।

### सोने के सिक्कों की खनक से झूम उठा बाजार

*धनतेरस पर्व पर लक्ष्मी गणेश के चित्र वाला चांदी का सिक्का और नोट जहां बाजार की चमक में चार चांद लगा रहे हैं, वहीं इस बार सोने के सिक्कों की भी खनक कम नहीं है। इस बार धनतेरस पर सोने के आभूषण के साथ ही सोने के सिक्कों की भी मांग ज्यादा रही। जोकि पिछले साल की अपेक्षा 50 प्रतिशत तक अधिक है। बाजार में सोने के सिक्के 1, 2, 5, 8, 10, 20, 30, 50 और 100 ग्राम वजन में 22 और 24 कैरेट में मिल रहे हैं। इनकी कीमत 5 हजार रुपये से 5 लाख रुपये तक है। यह गोल और चकोर दोनों ही आकार में उपलब्ध है। वहीं चांदी के सिक्के 10 ग्राम वजन से 1 किलो तक वजन में मिल रहे हैं। इनकी कीमत 600 से 60 हजार रुपये तक है।*

# बढ़ने लगा प्रदूषण, प्रतिबंध के बावजूद लोगों ने पटाखे खरीदे

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

राजधानी में एक बार फिर से शहर की हवा प्रदूषित होने लगी है। निर्माण गतिविधियों पर रोक के बावजूद, केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा जारी वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) के आंकड़ें से पता चलता है कि आनंद विहार समेत कुछ अन्य हिस्सों में एक्यूआई 400 के पार पहुंच गया है। इस बीच सरकार द्वारा वायु प्रदूषण को नियंत्रित रखने के लिए पटाखों पर बैन भी लगाया है।

सरकार के इस बैन के बावजूद दिल्ली वालों ने शहर की हवा में जहर घोलने की पूरी तैयारी कर रखी है। दीपावली को देखते हुए अधिकतर परिवारों ने पटाखों को कहीं न कहीं से जुगाड़ कर स्टाक कर लिया है, जिसे वो दीपावली की रात जलाएंगे। आनलाइन प्लेटफार्म लोकल सर्कल्स ने लोगों का मन टटोलने के लिए दिल्ली-एनसीआर के 10 हजार से अधिक परिवारों का सर्वेक्षण किया है। सर्वे से पता चला है कि हर पांच में से दो परिवारों के सदस्य त्योहार पर पटाखे जलाएंगे।

सर्वेक्षण में यह जानकारी दी गई है। लोकल सर्किल द्वारा किए गए सर्वेक्षण के अनुसार, लगभग 10 प्रतिशत लोगों ने जवाब दिया कि उन्होंने दुकानों से पहले ही पटाखे खरीद लिए हैं जबकि 20 प्रतिशत लोगों ने कहा कि उन्होंने एनसीआर के अन्य शहरों से पटाखे खरीदे हैं जो यह दर्शाता है कि ऐसी वस्तुओं की बिक्री पर प्रतिबंध नहीं है।

इस व्यापक सर्वेक्षण में दिल्ली, नोएडा, गाजियाबाद, गुरुग्राम और फरीदाबाद के सभी जिलों के निवासियों से 10,000 से अधिक प्रतिक्रियाएं मिलीं।

### हवा की सुस्त रफ्तार से एक्यूआई 250 पार

**नई दिल्ली।** दिवाली से पहले प्रदूषण में हो रही बढ़ोतरी खतरनाक संकेत के तौर पर देखा जा रहा है। विशेषज्ञों की मानें तो दिवाली के बाद दिल्ली एनसीआर के प्रदूषण में और बढ़ोतरी होने की आशंका है। मौसम विभाग के मुताबिक आने वाले दो दिनों में प्रदूषण की स्थिति में सुधार होने की कोई उम्मीद नहीं है। दिवाली के दिन अगर अधिक पटाखे जलाए गए तो प्रदूषण में और इजाफा हो सकता है।

# दिल्ली विश्वविद्यालय ने रैगिंग रोकने के लिए उठाए कड़े कदम

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**● कॉलेजों के बाहर सादे कपड़ों में महिला पुलिस अधिकारियों की तैनाती, पूरे परिसर में रैगिंग रोधी पोस्टर व पुलिस पिकेट लगाए : रजिस्ट्रार**

दिल्ली विश्वविद्यालय में रैगिंग को रोकने के लिए प्रशासन ने कई महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं। नए सत्र में इन कदमों को सख्ती से लागू किया जाएगा। विवि में नए शैक्षणिक सत्र से अनुशासन बनाए रखने के लिए लागू किए जाने वाले उपायों में कॉलेजों के बाहर सादे कपड़ों में महिला पुलिस अधिकारियों की तैनाती, पूरे परिसर में रैगिंग रोधी पोस्टर, हर कॉलेज में सतर्कता दस्ते की तैनाती और पुलिस पिकेट शामिल हैं।

नए सत्र की शुरुआत के दौरान छात्रों की सुविधा के वास्ते किए जाने वाले उपायों पर विचार-विमर्श करने के लिए शुक्रवार को दिल्ली विश्वविद्यालय के प्रॉक्टोरियल बोर्ड की एक बैठक हुई। बैठक के दौरान दिल्ली पुलिस के अधिकारी और विश्वविद्यालय के वरिष्ठ अधिकारी मौजूद थे। विश्वविद्यालय के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि बैठक में विश्वविद्यालय और कॉलेज परिसरों में अनुशासन बनाए रखने और रैगिंग की रोकथाम सुनिश्चित करने के लिए कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए।

डीयू के रजिस्ट्रार विकास गुप्ता ने कहा, इस संबंध में, कॉलेज और विभागों से समय-समय पर जारी नियमों और विनियमों को सख्ती से लागू करने का अनुरोध किया गया है, विशेष रूप से अध्यादेश एक्सवी-बी, एक्सवी-सी और कार्यस्थल पर महिलाओं का यौन उत्पीड़न (रोकथाम, निषेध और निवारण) अधिनियम, 2013 (2013 का 14)। सभी छात्र-छात्राओं और छात्रावास में रहने वालों के साथ-साथ उनके अभिभावकों को भी प्रवेश के समय रैगिंग रोधी शपथपत्र देने को कहा गया है। विश्वविद्यालय उत्तरी और दक्षिणी परिसरों में एक-एक संयुक्त नियंत्रण कक्ष स्थापित करेगा जो दो नवंबर, 2022 से शुरू होगा और 11 नवंबर, 2022 तक चालू रहेगा। डीयू के उत्तरी और दक्षिणी परिसरों में महत्वपूर्ण स्थानों पर अंग्रेजी और हिंदी में रैगिंग रोधी पोस्टर लगाए गए हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### डीयू पहली मेरिट सूची : 72,865 ने आवंटन स्वीकारा

**नई दिल्ली।** दिल्ली विश्वविद्यालय के पहले चरण के आवंटन के दौरान 80,164 में 72,800 से अधिक अभ्यर्थियों ने आवंटित कॉलेज और पाठ्यक्रम को स्वीकार किया है। स्नातक पाठ्यक्रम में पहली मेरिट सूची के तहत आवंटित सीट को स्वीकार करने का आज अंतिम दिन था, जिसे शुक्रवार को एक दिन के लिए बढ़ा दिया गया था। डीयू के रजिस्ट्रार ने कहा, 72,865 अभ्यर्थियों ने अपने लिए आवंटित कॉलेज और पाठ्यक्रम को स्वीकार किया है। विवि ने बुधवार को सीट आवंटन की बहु प्रतीक्षित पहली सूची का ऐलान किया था।

### मुठभेड़ के बाद दो अपराधी गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** उत्तर पूर्वी दिल्ली के ज्योति नगर में शुक्रवार देर रात मुठभेड़ के बाद दो अपराधियों को गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस ने यह जानकारी दी। आरोपियों की पहचान शक्ति उर्फ सोनू और सचिन के रूप में हुई है। शक्ति मानसरोवर पार्क थाने का बीसी है। उसके खिलाफ 18 आपराधिक मामले दर्ज हैं। जबकि सचिन के खिलाफ चार मामले लंबित हैं। मुठभेड़ बीती रात करीब दो बजे ज्योति नगर में लोनी चौराहे के पास आंबेडकर कॉलेज की ओर सर्विस रोड पर हुई। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि शक्ति के पैर में गोली लगी है। आरोपियों के पास से एक अर्ध-स्वचालित पिस्तौल, दो कारतूस आदि बरामद किए गए हैं। बिना नंबर प्लेट वाली एक मोटरसाइकिल भी जब्त की गई है।

### केंद्रीय मंत्री ने युवाओं को वितरित किए नियुक्ति पत्र

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को 10 लाख कर्मियों के लिए भर्ती अभियान रोजगार मेला का वर्चुअल उद्घाटन किया। इसी कड़ी में केंद्रीय मंत्री जितेन्द्र सिंह, केंद्रीय राज्य मंत्री मीनाक्षी लेखी और प्रदेश भाजपा अध्यक्ष आदेश गुप्ता की उपस्थिति में भर्ती अभियान दिल्ली में शुरु किया गया। जवाहर लाल नेहरू परिसर में 75000 चयनित युवाओं को नियुक्ति पत्र देने के लिए पहले चरण का आज से शुरु हुआ जिसमें 532 युवाओं को नियुक्ति पत्र दिए गए। इस मौके पर मीनाक्षी लेखी ने कहा कि केंद्र सरकार द्वारा दिए गए आदेशों के बाद सरकार के हर विभाग में जितने भी रिक्त स्थान है, उनको भर्ती करने का काम शुरु हो रहा है।

### भारत-पाक क्रिकेट के लिए रेस्तरां, सिनेमा हॉल तैयार

**नई दिल्ली।** भारत और पाकिस्तान के बीच रविवार को होने जा रहे टी20 विश्व कप मैच के मद्देनजर दिल्ली के रेस्तराओं और सिनेमाघरों ने खास व्यवस्था की है तथा इस उत्साह को भुनाने के लिए विशेष व्यंजनों के साथ ही मैच की विशेष स्क्रीनिंग की जाएगी। हिटमैन चीज मसाला पाओ से लेकर केएल अनियन समोसा तक, रेस्तरां भारत के कुछ पसंदीदा खिलाड़ियों के नाम पर व्यंजनों का एक शानदार मिश्रण पेश कर रहे हैं। शानदार विशेष व्यंजनों में आलू वड़ा, साबूदाना वड़ा, पनीर पकोड़ा और पनीर नड्स, चिकन फाइन लेग टिक्का इत्यादि पेश कर रहे हैं।



पायनियर
नई दिल्ली, रविवार, 23 अक्टूबर, 2022



# देश के युवाओं का भविष्य संवारने की बड़ी पहल: सुधीर सिंगला

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

**शनिवार** को देश में 10 लाख कर्मचारियों की भर्ती के अभियान रोजगार मेला का शुभारंभ एवं 75 हजार 226 युवाओं को नौकरी के नियुक्ति पत्र देने के समारोह में पहुंचे भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा, प्रदेश अध्यक्ष ओमप्रकाश धनखड़ का विधायक सुधीर सिंगला ने स्वागत किया।

## प्रधानमंत्री द्वारा देश के 75 हजार युवाओं को नियुक्ति पत्र दिए गए

## गुरुग्राम में हुए कार्यक्रम में विधायक ने किया भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा का स्वागत



गुरुग्राम के सेक्टर-44 स्थित अपैरल हाउस में राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा के स्वागत में विधायक सुधीर सिंगला के साथ कार्यकर्ता।

वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से यहां सेक्टर-44 स्थित अपैरल हाउस में आयोजित किए गए रोजगार मेला कार्यक्रम में राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने शिरकत की। केंद्र सरकार की ओर से रोजगार के क्षेत्र में इस बेहतरीन कदम पर विधायक सुधीर सिंगला ने कहा कि युवाओं का भविष्य संवारने के लिए सरकार का यह बड़ा कदम है। राष्ट्रीय स्तर पर इतने अधिक युवाओं को नौकरी देना ऐतिहासिक कदम है। 75 हजार 226 युवाओं को नौकरी के नियुक्ति पत्र देने के साथ 10 लाख पदों पर भर्ती के लिए रोजगार मेले का भी शुभारंभ करना रोजगार की दिशा में सराहनीय कार्य किया गया है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के वक्तव्य को सांझा करते हुए विधायक सुधीर सिंगला ने कहा कि आज भारत की युवा शक्ति के लिए महत्वपूर्ण अवसर हैं। बीते 8 वर्षों में पहले भी लाखों युवाओं को नियुक्ति पत्र दिए गए हैं। विकसित भारत के संकल्प की सिद्धि के लिए हम आत्मनिर्भर भारत के रास्ते पर चल रहे हैं। इसमें हमारे इनोवेटर्स, उद्यमियों, किसानों, सुविधाओं और मैन्युफैक्चरिंग से जुड़े साथियों की बड़ी भूमिका है। आने वाले महीनों में इसी तरह लाखों युवाओं को भारत सरकार द्वारा समय-समय पर नियुक्ति पत्र सौंपे जाएंगे। इस कार्य के पीछे 7-8 साल की कड़ी मेहनत है। विधायक ने बताया कि देश में पहली बार खादी और ग्रामोद्योग, एक लाख करोड़ रुपए से अधिक का हो चुका है। इन वर्षों में खादी और ग्रामोद्योग में एक करोड़ से अधिक रोजगार बने हैं। स्टार्टअप इंडिया अभियान ने तो देश के युवाओं के सामर्थ्य को पूरी दुनिया में स्थापित कर दिया है।

# भारत अब लेने वाला नहीं, देने वाला देश बन रहा है : जेपी नड्डा

## केंद्र सरकार की नौकरियों के लाभार्थियों को दिए नियुक्ति पत्र

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

**भारतीय** जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा शनिवार को गुरुग्राम के अपेरल हाउस में आयोजित रोजगार मेला समारोह में शामिल हुए और उन्होंने केंद्र सरकार की नौकरियों के लाभार्थियों को नियुक्ति पत्र बांटे। नड्डा ने उपस्थित नवनियुक्त कर्मचारियों और कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि हम भाग्यशाली है कि हम अमृतकाल में प्रवेश कर रहे हैं। हमें एकजुट होकर वषज़् 2047 तक प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के पूर्ण रूप से विकसित भारत के विजन को पूरा करना है।



गुरुग्राम में युवाओं को नियुक्ति पत्र देने के कार्यक्रम में युवाओं के साथ भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा, प्रदेश अध्यक्ष ओमप्रकाश धनखड़ व अन्य।

श्रीनड्डा ने कहा डिजिटल वर्ल्ड की दुनिया में भारत तीव्र गति से आगे बढ़ रहा है और भारत का योगदान 40 प्रतिशत हो गया है। रक्षा उत्पादों में भारत निर्यातक बन गया है, अब हम लेने वाले नहीं, बल्कि देने वाले बन रहे हैं। इस मौके पर केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी, हरियाणा के प्रदेश अध्यक्ष ओम प्रकाश धनखड़, डा. सुधा यादव, विधायक जयप्रकाश जरावता, सुधीर सिंगला, दीपक मंगला समेत भाजपा पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद थे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का वीडियो कांफ्रेंस के जरिए संबोधन सुनने के बाद नवनियुक्त कर्मचारियों को संबोधित करते हुए जेपी नड्डा ने कहा कि एक तो जो आपकी नियुक्ति हुई है तो आप अमृतकाल में प्रवेश कर चुके हैं।

जेपी नड्डा ने कहा कि प्रधानमंत्री का विजन है कि 2047 तक जब हम आजादी के 100 साल मनाएंगे, तब भारत एक विकसित भारत होगा। अर्थव्यवस्था के बारे में बोलते हुए राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के कुशल नेतृत्व में भारत 10वें नंबर से घटकर दुनिया की पांचवीं सबसे बड़ी इकोनोमी बन गया है, हम ब्रिटेन से भी आगे निकल चुके हैं। एक्सपोर्ट की बात की जाए तो हमने एक साल में 21 प्रतिशत की बढ़ोतरी की है। कभी आपने सुना था कि भारत हथियारों का भी एक्सपोर्ट करेगा, हम तो इम्पोर्ट करने वाले लोग थे। उन्होंने कहा कि सभी को मालूम है कि पहले बोफोर्स का स्कैंडल हुआ, हवाई जहाज व हेलीकॉप्टर का भी स्कैंडल हुआ, लेकिन अब भारत बदल रहा है, आज भारत लेने वाला नहीं, बल्कि देने वाला भारत बन रहा है। उन्होंने बताया कि हमारे वर्ल्ड के डिजिटल ट्रांजेक्शन में इंडिया का कांट्रीब्यूशन 40 प्रतिशत हो गया है। यानि की डिजिटल वर्ल्ड में भी भारत बहुत तीव्र गति से आगे बढ़ रहा है। यह सब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की दूरगामी सोच का नतीजा है।

### एक साल में 10 लाख युवाओं को किया जाएगा भर्ती : धनखड़

**भारतीय** जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष ओम प्रकाश धनखड़ ने कहा कि इस रोजगार मेले का मकसद देशभर में 10 लाख सरकारी पदों पर अगले एक साल में भर्ती किया जाना है। इसके तहत हर महीने 75,000 से ज्यादा पात्र लोगों की भर्ती की जाएगी।

# कोरोना कॉल के बाद जमकर धनतेरस पर बरसा धन



सोहना के बाजारों में धनतेरस पर उमड़ी ग्राहकों की भीड़।

पायनियर समाचार सेवा। सोहना

**धनतेरस** के अवसर पर स्थानीय बाजारों में ग्राहकों की भारी भीड़ रही। बर्तन दुकानदारों से लेकर ज्वैलर्स की दुकानों पर ग्राहकों ने जमकर धन बरसाया। शनिवार को शहर के बाजारों में सुबह 11 बजे के बाद ग्राहकों ने खरीददारी के लिए आना शुरू कर दिया।

देखते-देखते दोपहर तक स्थानीय बाजारों में उमड़ी भीड़ से नागरिकों को पैदल चलना भी भारी पड़ गया। सबसे ज्यादा भीड़ बर्तन व ज्वैलर्स की दुकानों पर रही। उसके बाद 15 से 20 मीटर की दूरी पर आम रास्त, सड़क और चौक-चौराहों पर टेबल, कुर्सी, मेंज और फेल्डिंग पर खिल, बतासे-खिलौनों, मिट्टी के दीपक लेकर बैठे दुकानदारों के पास खरीददारों की भीड़ रही। छोटे और अस्थाई दुकानदारों ने सड़क व आम रास्तों के किनारे सामान रखते हुए अतिक्रमण को पूरा-पूरा बढ़ावा दिया हुआ था। जिससे बार-बार जाम की समस्या बनती और बिगड़ती रही।

**कहां-कहां रहा जाम का माहौल:** शहर के नागरिक अस्पताल मार्ग, शहीद भगत सिंह फब्बारा चौक, शहर पुलिस चौकी के सामने जाने वाला पुराना अलवर मार्ग, खेल चौक, पुराना लेबर चौक, अग्रसेन मार्ग आदि स्थानों पर जाम रहा। शहर के पुराना लेबर चौक से शहर पुलिस चौकी के बीच चार पहिया वाले वाहनों को अंदर बाजारों में नहीं जाने दिया। दोनों तरफ लगे पुलिस बैरिगेटों पर तैनात पुलिस ने वाहनों को रोककर रखा।

**दुकानदारों के खिल उठे चेहरे :** धन तेरस के अवसर पर ग्राहकों द्वारा जमकर खरीददारी करने से धन बरसता देख दुकानदारों के चेहरे खिल उठे।

# त्योहार पर फैली गंदगी पर विधायक सुधीर सिंगला ने दिखाए तेवर

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

**व्यापार,** दुकानदारी के हिसाब से सबसे बड़े पर्व दिवाली पर शहर में सफाई कर्मचारियों की हड़ताल के चलते फैली गंदगी और कमेटी द्वारा व्यापारियों को नाजायज तंग करने को लेकर विधायक सुधीर सिंगला ने नाराजगी जाहिर की। वे सदर बाजार के व्यापारियों के बीच पहुंचे थे। उनकी समस्या को सुनकर विधायक ने नगर निगम आयुक्त मुकेश कुमार आहुजा को कॉल करके निर्देश दिए कि स्थिति को तुरंत सुधारें।



गुरुग्राम स्थित सदर बाजार में गंदगी व कमेटी से परेशान व्यापारियों के बीच पहुंचे विधायक सुधीर सिंगला।

अपनी मांगों को लेकर नगर निगम के सफाई कर्मचारियों द्वारा हड़ताल की जा रही है। इस कारण से शहर गंदगी से अट गया है। लोगों का निकलना दुभर हो गया है। विशेषकर यहां सदर बाजार के निकट सब्जी मंडी के बाहर मुख्य सड़क पर कूड़े का बड़ा ढेर लग गया। इस कारण पैदल चलने वालों और वाहन चालकों को काफी दिक्कत हुई। कूड़े से उठने वाली बदबू से और अधिक दिक्कत हुई। एक तो त्योहारी सीजन होने के कारण जाम की स्थिति रही। ऊपर से गंदगी के ढेरों से जाम और ज्यादा बढ़ गया। इससे दुकानदारों की दुकानदारी और व्यापार प्रभावित हुआ। उनके आग्रह पर विधायक सुधीर सिंगला सदर बाजार में उनसे मिलने पहुंचे। व्यापारियों ने सदर बाजार के हालात उन्हें दिखाए। हजारों लोगों की बाजार में भीड़ और उनके कदमों के नीचे सड़क पर पड़ी गंदगी नगर निगम की सफाई व्यवस्था प्रबंधन की पोल खोल रही थी। विधायक सुधीर सिंगला ने व्यापारियों के बीच खड़े होकर नगर निगम आयुक्त मुकेश कुमार आहुजा से फोन करके बात की। उन्हें इस समस्या के तुरंत समाधान के निर्देश दिए। साथ ही कहा कि त्योहारी सीजन में कमेटी द्वारा दुकानदारों को किसी भी तरह से परेशान ना किया जाए। निगमायुक्त ने आश्वस्त किया कि समस्या का जल्द से जल्द समाधान कर दिया जाएगा। किसी भी प्रकार की कोई नाजायज कार्रवाई नहीं की जाएगी। इस अवसर पर रामअवतार गर्ग बिट्टू, सुमेर तंवर, सूरज गोयल, राजेश बोहरा, सुमित कपूर, प्रमोद मंगला मौजूद रहे।

# सोहना का दमदमा मोड़ बनने लगा हादसों का चौक

## लोगों उठाई चौक पर स्पीड ब्रेकर लगाने की मांग

## ट्रैफिक लाइट व स्पीड ब्रेकर न होने से हो रहे हादसें

पायनियर समाचार सेवा। सोहना

**शहर** का दमदमा मोड़ हादसों की वजह बनता जा रहा है। एलिवेटेड मार्ग से तेज गति से आने वाहन आएदिन चौक पर सामने आने वाले या चौक पार करने वाले वाहनों से टकरा रहे हैं। जिससे वाहन चालक चोटिल हो रहे हैं। वाहन क्षतिग्रस्त होने से आर्थिक नुकसान उठाना पड़ रहा है।

गुरुग्राम-सोहना एलिवेटेड मार्ग पर बना दमदमा मोड़ चौक हादसों का कारण बनने लगा है। इस चौक पर ट्रैफिक लाइट व स्पीड ब्रेकर न लगे होने से चारों दिशाओं से वाहन तेज गति से चौक पर आते हैं। चौक को पार करने के दौरान पहले निकलने के प्रयास में संतुलन खो बैठते हैं। यह कारण वाहनों के आपस में भिड़ने का कारण बना हुआ है। चौक से दमदमा जाने वाले मार्ग के कौने पर बैठे एक सब्जी दुकानदार का कहना है कि एलिवेटेड मार्ग से वाहन स्पीड ब्रेकर कमजोर होने के कारण तेज गति से आते हैं। इस चौक पर छह अलग-अलग मार्ग से वाहन आते हैं। जिसमें एलिवेटेड की दो लाइन के साथ-साथ



शनिवार की सुबह सोहना के दमदमा मोड़ पर राजस्थान रोडवेज बस ने कार में टक्कर मारने से लगा जाम।

सर्विस मार्ग, दमदमा मार्ग, नागरिक अस्पताल मार्ग और सोहना का सामान्य बस स्टैंड मार्ग से वाहन चैक को पार करने के लिए आते हैं। सुन्दर ने बताया कि इस चौक पर दिन में हर दिन 2 से 3 हादसे होते हैं। दुकानदार मामराज का कहना है कि इस चौक पर ट्रैफिक बत्ती लगानी चाहिए। जिससे वाहनों का टकराव रुक सकता है।

**बस ने मारी कार में टक्कर :** शनिवार की सुबह 8 बजे राजस्थान रोडवेज की बस दिल्ली से आते समय चौक को पार कर रही कार में साइड से टक्कर मार दी। जिससे कार सवार दो लोग बाल-बाल बच गए। लेकिन वाहनों की भिड़ंत के बाद दोनों ही वाहन चालकों के बीच 15 से 20 मिनट तक बहस हुई। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची शहर थाना से पुलिस दोनों ही वाहन और उवके चालकों को थाने में लेकर गई।

# दीपावली मनाने के लिए जाने वाले यात्रियों की बसों में भारी भीड़





**सोहना।** सामान्य बस स्टैंड पर दीपावली के मनाने के लिए अपने घरों को लौट रहे यात्रियों की भारी भीड़ रही। दोपहर बाद बसें कम होने के कारण यात्रियों को घंटों इंतजार करना पड़ा। शनिवार की दोपहर बाद सामान्य बस स्टैंड पर यात्रियों की भारी भीड़ हो गई। दोपहर तीन बजे के बाद दीपावली का त्योहार मनाने के लिए अपने घरों को लौट रहे यात्रियों भारी संख्या में सोहना से गुरुग्राम, पलवल, रेवाड़ी, आगरा, नूंह, फिरोजपुर झिरका, भिवाड़ी, टपूकड़ा, पटौदी, बिलासपुर, दिल्ली जाने वाले यात्री अपने परिवार समेत जाते हुए नजर आए। यात्रियों में बिहार, झारखंड, उत्तराखंड और उत्तर प्रदेश के अलीगढ़, मथुरा जाने वालों की संख्या सबसे ज्यादा रही।

**यात्रियों ने किया घंटों इंतजार :** सामान्य बस स्टैंड पर दोपहर के बाद सोहना से पलवल, आगरा, फरीदाबाद, नूंह, रेवाड़ी और गुरुग्राम-दिल्ली जाने वाले मार्गों पर चलने वाली बसों की संख्या कम हो जाती है। बल्लभगढ़ के लिए सायं साढे पांच बजे के एक भी बस नहीं है। इसी तरह से नूंह, रेवाड़ी, पलवल मार्ग पर भी रोडवेज की बसें कम होने से यात्रियों को काफी देर इंतजार करना पड़ा। 20 से 25 फीसदी यात्री प्राइवेट चल रहे वाहनों में सफर करके अपने घरों को लौट गए।

**बस की छत पर बैठने को हुए मजबूर :** बसों में अंदर भारी भीड़ होने के कारण पुरुष यात्रियों ने तो ऊपर छत पर बैठकर यात्रा करने के लिए मजबूर हो गए। जिससे निजी बस चालकों ने अधिक कमाई के लालच में यात्रियों को बसों की छत पर बैठाया। जबकि रोडवेज बसों के चालक व परिचालक ने किसी भी यात्री को छत पर नहीं बैठने दिया।

राजेन्द्र सिंह ने बताया कि त्योहार पर यात्रियों की संख्या बसों में 30 से 40 फीसदी अधिक हो जाती है। रविवार को आज से भी ज्यादा यात्रियों का आवागमन होगा। उनकी तरफ से यात्रियों का सफर आसान बनाने का पूरा प्रयास किया जा रहा है। जरुरत पड़ने पर अतिरिक्त बसें भी डिपो से मंगवाई जा रही है।

# ऑर्किड्स द इंटरनेशनल स्कूल, गुड़गांव और जेष्टा प्राइमरी फ्री स्कूल के बच्चों ने मिलकर दिवाली को धूमधाम से मनाया

पायनियर समाचार सेवा। गुरूग्राम

**ऑर्किड्स** द इंटरनेशनल स्कूल, गुड़गांव ने दिवाली मेला का आयोजन किया, जो एक शाम का कार्निवल था, जिसमें शहर भर से 700 से अधिक आगंतुकों ने भाग लिया। वंचित बच्चों की शिक्षा के लिए एक अनाथालय और मुफ्त स्कूल जेष्टा प्राइमरी फ्री स्कूल के बच्चों ने पूरे जोश और उत्साह के साथ उत्सव में भाग लिया। दो वर्ष के मौन समारोह के बाद, ऑर्किड्स - द इंटरनेशनल स्कूल की सभी तीन शाखाएं (गोल्डन हाइट्स, साउथ सिटी और गोल्फ कोर्स रोड) गुड़गांव, उत्सव के लिए एक साथ आए ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि हर एक प्रतिभागी को खुशी देने और बांटने के इस त्योहार की एक झलक मिले।



छात्रों ने अनाथालय के सभी बच्चों को प्यार, गर्मजोशी और दोस्ती के प्रतीक के रूप में किताबें, कपड़े और स्टेशनरी का सामान उपहार में दिया। 'खुशी के इस त्योहार के दौरान बच्चों को एक-दूसरे के साथ उपहारों का आदान-प्रदान करते हुए देखना वाकई दिल को छू लेने वाला था। त्योहार उत्सव मनाने और एक साथ मिलने के लिए हैं। इस पहल का मकसद हमारे बच्चों को इस बात के लिए संवेदनशील बनाना था कि वे कितने विशेषाधिकार प्राप्त हैं, उनके माता-पिता द्वारा उन्हें कितनी सुविधाएं दी गई हैं, और हम जेष्टा प्राइमरी फ्री स्कूल के बच्चों को अपने साथ पाकर खुश हैं', ऑर्किड्स द इंटरनेशनल स्कूल की वीपी एकेडमिक्स - नॉर्थ जोन डॉ कविता नागपाल ने कहा।

बच्चों ने पूरी शाम विभिन्न मनोरंजक गतिविधियों के साथ शानदार समय बिताया। ऑर्किड्स के शिक्षकों ने उत्सव के दौरान कुछ परिधान स्टालों के साथ मुँह में पानी लाने वाले विभिन्न व्यंजनों वाले फूड स्टॉल को भी लगाया।

# संक्षिप्त समाचार

## शांति निकेतन पब्लिक स्कूल में धूमधाम से मनाई दीपावली



खेड़ला में स्थित शांति निकेतन पब्लिक स्कूल में विद्यार्थियों द्वारा बनाई गई रंगोली।

**सोहना।** खंड के गांव खेड़ला में स्थित शांति निकेतन पब्लिक स्कूल के प्रांगण में दीपावली के अवसर पर हवन किया गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों की रंगोली, दीया व कक्षा सजावट आदि कई प्रतियोगिताएं कराई गईं। छोटे-छोटे बच्चों ने रामायण का मंचन किया। इस अवसर पर स्कूल के प्रधानाचार्य डॉ संदीप यादव ने बच्चों को संबोधित करते हुए दीपावली का महत्व बताया। उन्होंने कहा कि दीपावली खुशियों का त्योहार है। इस अवसर पर हम दीया जलाते हुए जीवन को आदर्श बनाएं। हमें अपने अंदर के अंधकार को मिटाकर सत्य व संघर्ष के मार्ग पर आगे बढ़ने की प्रेरणा लेनी चाहिए। निर्देशक विनोद खटाना ने दीपावली पर चलाए जाने वाले पटाखों से सावधान करते हुए बच्चों को पटाखे न चलाने की अपील की।

## पंचायत चुनाव में दूसरे दिन 21 नामांकन पत्र भरे गए

**सोहना।** ग्राम पंचायत चुनाव में दूसरे दिन पंच, सरपंच और समिति सदस्य पद के लिए 21 नामाकंन भरे गए। पहले दिन शुक्रवार को सरपंच पद के लिए मात्र तीन ही नामांकन भरे गए। खंड की 35 ग्राम पंचायतों में चल रहा पंच, सरपंच और समिति सदस्य पद के लिए नामाकंन भरने की प्रक्रिया में बीते दो दिन में 24 नामांकन भरे गए हैं। नामाकंन भरने के दूसरे दिन शनिवार को कुल 21 नामांकन भरे गए। जिसमें पंच पद के लिए 6 सरपंच पद के लिए 12 और समिति सदस्य के लिए मात्र तीन ही नामांकन भरे गए। समिति सदस्य के लिए वार्ड-4 में सन्नी देवल, वार्ड-10 में सुमन देवी और वार्ड-14द में मुकेश कुमार ने नामांकन भरा। सरपंच पद के लिए सबसे ज्यादा नामाकंन ग्राम पंचायत चूहड़पुर में सुनील, धीरज कुमार, कुलदीप, मोहित और रोहित समेत पांच ने नामांकन पत्र भरा। चमनपुरा से आशा, सिलानी से नरेश, हरियाहेड़ा से प्रियंका, बिहलाका से विरेन्द्र सिंह, कुलियाका से मकसूद, दमदमा से रजनी और दौला से कृष्ण शामिल है। पंच पद के लिए ग्राम पंचायत चमनपुरा से आशा, पूनम, सुरेन्द्र सिंह और अजय ने नामांकन भरा। चूहडपुर में सुनील कुमार और ग्राम पंचायत रानी का सिंघौला का गांव ईशाकी से हरिओम ने नामांकन भरा। तीन दिन अवकाश होने के बाद बुधवार से नामांकन भरने की प्रक्रिया शुरू होगी।

## केंद्रीय मंत्री राव इंद्रजीत को गोयल बंधुओं ने दी दिवाली की शुभकामनाएं



केंद्रीय मंत्री राव इंद्रजीत सिंह को दिवाली की बधाई देते नवीन गोयल एवं डीपी गोयल।

**गुरुग्राम।** केंद्रीय मंत्री राव इंद्रजीत सिंह को दिवाली की बधाई देने के लिए पर्यावरण संरक्षण विभाग भाजपा हरियाणा प्रमुख नवीन गोयल और रेल सलाहकार समिति के सदस्य डा. डीपी गोयल पहुंचे। काफी देर तक केंद्रीय मंत्री ने उनसे बातचीत की और स्वयं भी दिवाली की शुभकामनाएं प्रेषित की। सभी के लिए दिवाली का पर्व मंगलमय होने की कामना की। दिवाली की शुभकामनाएं देते हुए नवीन गोयल, डा. डीपी गोयल ने कहा कि केंद्र सरकार की ओर से गुरुग्राम लोकसभा में विकास कार्यों की झड़ी लगवाने के लिए वे सदा प्रयासरत रहते हैं। उनके नेतृत्व में क्षेत्र में खूब विकास हुए हैं। गुरुग्राम रेलवे स्टेशन को विश्व स्तरीय बनाने की घोषणा के लिए भी केंद्रीय मंत्री का धन्यवाद किया। उनके केंद्र सरकार के साथ बेहतर तालमेल से गुरुग्राम-दिल्ली बॉर्डर से लेकर गुड़गांव लोकसभा क्षेत्र के आखिरी छोर तक राष्ट्रीय राजमार्गों पर काम हुआ है। गुरुग्राम शहर के अंदर की सड़कों को लेकर भी वे समय-समय पर निरीक्षण करके काम में तेजी के निर्देश देते हैं। गुरुग्राम में हीरो होंडा चौक से लेकर द्वारका एक्सप्रेस-वे तक कनेक्टिविटी के बीच में सेक्टर-10 चौक पर फ्लाईओवर बनवाने के भी वे पक्षधर हैं। नवीन गोयल ने कहा कि करोड़ों रुपये के विकास कार्यों को सिरे चढ़ाया जा चुका है। उनका लोकार्पण हो चुका है। करोड़ों के विकास कार्य जारी हैं और करोड़ों के विकास कार्य पाइप लाइन में हैं। गुड़गांव लोकसभा क्षेत्र में विकास कार्यों का पहिया थमता नहीं। यहां निर्माणाधीन प्रोजेक्ट के पूरा होने से पहले नए प्रोजेक्ट पर काम शुरू हो जाता है। दिल्ली के निकट होने के चलते गुरुग्राम में केंद्र सरकार के प्रोजेक्ट अधिक चल रहे हैं। सड़कों का जाल बिछा दिया गया है।

## आयुर्वेद दिवसः बच्चों ने पोस्टर बनाकर किया जागरूक

**फरीदाबाद।** गवर्नमेंट मॉडल सीनियर सेकेंडरी स्कूल सराय ख्वाजा फरीदाबाद में प्राचार्य रविंद्र कुमार मनचंदा की अध्यक्षता में जूनियर रेडक्रॉस, सैंट जॉन एंबुलेंस ब्रिगेड और स्काउट्स गाइड्स ने राष्ट्रीय आयुर्वेद दिवस पर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए। प्राचार्य एवं जेआरसी और ब्रिगेड अधिकारी रविंद्र कुमार मनचंदा ने कहा कि आज आयुर्वेद के महत्व को दर्शाते हुए रंगोली सजाई गई और जेआरसी और ब्रिगेड सदस्यों ने पोस्टर और पेंटिंग बना कर अन्य छात्र छात्राओं को जागरूक किया। प्राचार्य मनचंदा ने कहा कि भारतीय पौराणिक दृष्टि से धनतेरस को स्वास्थ्य के देवता का दिवस माना जाता है। भगवान धन्वंतरि आरोग्य, सेहत, आयु और तेज के आराध्य देवता हैं। भगवान धन्वंतरि आयुर्वेद जगत के प्रणेता तथा वैद्यक शास्त्र के देवता माने जाते हैं। आदिकाल में आयुर्वेद की उत्पत्ति ब्रह्मा से ही मानते हैं। आदि काल के ग्रंथों में रामायण, महाभारत तथा विविध पुराणों की रचना हुई है जिस में सभी ग्रंथों ने आयुर्वेदावतरण के प्रसंग में भगवान धन्वंतरि का उल्लेख किया गया है।





**फरीदाबाद।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद की एक बैठक सेक्टर-19 स्थित महाराजा अग्रसेन भवन में आयोजित की गई। जिसमें जिला प्रमुख सरोज ने एबीवीपी के छात्रों को पदभारों की जिम्मेदारी सौंपी इसी कड़ी में एनआईटी फरीदाबाद के नगर सहमंत्री की जिम्मेदारी भोला शर्मा को सौंपी गई।

इस अवसर पर अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के अधिकारियों का छात्रों ने तह दिल से आभार व्यक्त किया।

# सेंट कोलंबस में रंगोली और लक्ष्मी पूजन प्रतियोगिता

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**दयालबाग** स्थित सेंट कोलंबस विद्यालय में दीपों का विशेष पर्व दीपावली पूरे हर्षोल्लास एवं उत्साह से मनाया गया। इस अवसर पर कक्षा पहली से कक्षा बारहवीं तक के विद्यार्थियों ने अपनी-अपनी कक्षाओं को फूलों, झालरों, दीपों, तोरण द्वार एवं रंगोली के माध्यम से सजाया।

ह्यह्यदीपावली में रंगोली बनाना बेहद शुभ माना जाता है। इस विचार से विद्यार्थियों को प्रेरित करवाने हेतु विद्यालय में इंटर हाउस 'रंगोली तथा लक्ष्मी पूजन टेबल डेकोरेशन कंपटीशन' का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता के द्वारा विद्यार्थियों को अपनी प्रतिभा निखारने का सुनहरा अवसर प्रदान किया गया। कक्षा पहली व दूसरी के विद्यार्थियों ने रंग-बिरंगी पोशाकों में सुसज्जित होकर दिवाली पार्टी का लुफ्त उठाया। प्रत्येक विद्यार्थी ने कक्षानुसार शुभ-लाभ, दिया, तोरण, कलश, लालटेन, वॉल हैंगिंग आदि बनाई व उसे सजाया। 'इंटर हाउस रंगोली तथा लक्ष्मी पूजन टेबल डेकोरेशन कंपटीशन' में सभी 6 सदनों (अल्फा, बीटा, डेल्टा, गामा, ओमेगा और सिग्मा) के क्रमश: 6, 5 विद्यार्थियों ने प्रसन्नता एवं प्रतिस्पर्धापूर्वक प्रतिभागिता निभाई तथा टीम भावना का परिचय दिया। सभी सदनों की रंगोलियां वलक्ष्मी पूजाटेबल डेकोरेशन मनमोहक, लुभावनी वबेहद आकर्षक थी। इस प्रतियोगिता की विशेष बात यह थी कि इसमें विद्यार्थियों को 'ग्रीन दिवाली' मनाने की ओर प्रेरित किया गया। इस कार्य के लिए उन्हें प्राकृतिक रंगों एवं फूलों का प्रयोग करने हेतु निर्देशित किया गया।



सेंट कोलबंस स्कूल में दीपावली के अवसर पर छात्राओं द्वारा बनाई गई रंगोली।

अंततः अध्यक्ष ऋषि चौधरी एवं प्रधानाचार्या लेखा वीएम ने इस प्रतियोगिता का परिणाम घोषित किया। रंगोली कंपटीशन ( IX-XII) में प्रथम स्थान- बीटा हाउस की रिद्धि-सिद्धीदाता प्रथम पूज्य श्रीगणेश की रंगोली को प्राप्त हुआ। द्वितीय स्थान पर अल्फा हाउस रहा इनकी रंगोली में मातृत्व प्रेम की महत्तवता दर्शाई गई तथा तृतीय स्थान पर गामा हाउस की शिक्षा का महत्त्व व रोजगार दर्शाती रंगोली रही। लक्ष्मी पूजन टेबल डेकोरेशन कंपटीशन ( VI - VIII) में प्रथम स्थान ओमेगा हाउस, द्वितीय स्थान सिग्मा हाउस तथा तृतीय स्थान बीटा हाउस की सुसज्जित मेजों का रहा। इन सुसज्जित मेजों के माध्यम से विद्यार्थीने अपने घर के पूजा स्थलको सजाने की कला में महारत प्राप्त की।

अंततः अध्यक्ष ऋषि चौधरी एवं प्रधानाचार्या लेखा वीएम ने विद्यार्थियों को दीपावली की हार्दिक बधाई प्रदानकीव विजेताओं को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि वर्तमान समय में बढ़ते हुए प्रदूषण को ध्यान में रखते हुए तथा पर्यावरण को प्रदूषण से बचाने के लिए'इको फ्रेंडली' दीपावली मनाना अति आवश्यक है। साथ ही विद्यार्थियों ने भी यह प्रण लिया कि वे इस बार पटाखारहित प्रदूषण मुक्त दीपावली ही मनाएंगे।

# जर्जर स्वास्थ्य सेवाएं : ऑटो की मदद से बीके पहुंची गंभीर गर्भवती

### बीके में स्ट्रेचर के अभाव में भटकते रहे गर्भवती महिला के परिजन

कविता। फरीदाबाद



बीके अस्पताल में पहुंची गर्भवती, उसके परिजन और स्वास्थ्य कर्मी।



बीके अस्पताल में टूटा पड़ा स्ट्रेचर

**जच्चा-बच्चा** के लिए सरकार हर साल करोड़ों रुपये खर्च कर रही है, लेकिन इसके बावजूद भी गर्भवती महिलाओं और नवजात शिशुओं को बेहतर सुविधाएं नहीं मिल पा रही है। जिले में जहां एम्बुलेंस चालकों का भारी अभाव है। वहीं मरीजों को स्ट्रेचर तक के लिए हर रोज तरसना पड़ रहा है। इसका पता बल्लभगढ़ से रेफर होकर बीके अस्पताल आई एक गर्भवती महिला की हालत को देखकर चला। जुड़वा बच्चों को जन्म देने वाली एक गर्भवती की पहली डिलीवरी नार्मल हो गई। लेकिन दूसरी बार में बच्चा फंस गया। जिससे उसकी हालत गंभीर हो गई। इसे देखते हुए चिकित्सकों ने गर्भवती को बीके के लिए आनन फानन में रेफर कर दिया। लेकिन गर्भवती को एम्बुलेंस नहीं मिली। जिसे देखते हुए परिजन एक ऑटो के माध्यम से गर्भवती महिला को लेकर बीके अस्पताल पहुंचे तो उन्हें यहां स्ट्रेचर नहीं मिला। किसी तरह परिजनों ने स्ट्रेचर की तलाश की और उसे बीके अस्पताल के प्रथम तल तक पहुंचाया। जहां बल्लभगढ़ और बीके अस्पताल के चिकित्सकों ने गर्भवती की डिलीवरी का प्रयास शुरू किया।

**यह था मामला:** बल्लभगढ़ निवासी भारत की पत्नी पूनम पिछले दिनों गर्भवती थी। जांच के दौरान पता चला कि वह जुड़वा बच्चों को जन्म देगी। गतदिवस उसे तेज प्रसव पीड़ा होने लगी। जिस पर उसे बल्लभगढ़ सिविल अस्पताल में भर्ती करवाया गया। जहां उसकी डिलीवरी होने लगी। एक बच्ची की डिलीवरी होने के बाद दूसरा बच्चा फस गया। कोशिश के बाद भी जब कुछ न हो सका तो बल्लभगढ़ सिविल अस्पताल से उसे बीके अस्पताल के लिए रेफर कर दिया गया। लेकिन वहां उसे एम्बुलेंस न मिली। जिस पर परिजनों ने आनन फानन में एक ऑटो चालक चिंटू को रोका और गर्भवती की अधुरी डिलीवरी के संग ही उसे बीके अस्पताल लेकर आने लगे। परिजनों की गुहार पर और गर्भवती की हालत को देखते हुए एक स्टाफ और एक डॉक्टर मौके पर ऑटो में संग आ गई। लेकिन बीके में पहुंचने पर भी उन्हें करीब दस मिनट तक यहां से वहां स्ट्रेचर की तलाश करनी पड़ी, क्योंकि मौके पर मौजूद स्टेचर टूटा हुआ था।

**हो सकता था हादसा :** वहीं देखा जाए तो अधूरी डिलीवरी के बीच में महिला को ऑटो से लाने का खतरा चिकित्सकों ने उठा तो लिया, लेकिन इस दौरान शहर की सड़क पर कोई बड़ा हादसा भी हो सकता था। वहीं जाम के कारण उन्हें रास्ते में कई तरह की परेशानी का सामना करना पड़ा।

# अज्ञात बदमाशों ने कंपनी मैनेजर की हत्या कर शव जलाया



शोकाकुल मृतक सोनू के परिजन। इनसेट में सोनू की फाइल फोटो।

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**आइएमटी** इलाके में सौतई गांव की ओर जाने वाले रास्ते से पुलिस ने शनिवार सुबह लोगों की सूचना पर एक व्यक्ति का अधजला शव बरामद किया है। पास ही खड़ी मृतक की कार में मिले दस्तावेजों के आधार उसकी पहचान यादव कालोनी निवासी सोनू भाटी के रूप में हुई है।

मृतक के परिजनों ने पड़ोस में रहने वाले एक व्यक्ति पर हत्या करने संदेह जताया है। पुलिस ने शव पोस्टमॉर्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया है। पुलिस मामले की जांच पड़ताल कर रही है। थाना सदर पुलिस के मुताबिक यादव कालोनी निवासी धर्मवीर भाटी ने अपनी शिकायत में कहा है कि वे तीन भाई है। सबसे छोटा 38 वर्षीय सोनू भाटी के परिवार में पत्नी के अलावा एक बेटी और एक बेटा है। सोनू एनएचपीसी चौक पर स्थित एक कंपनी में सेल्स मैनेजर के पद पर कार्य करता था। इसके अलावा वह सेक्टर 29 में अपना कोचिंग सेंटर भी चलाता है। अन्य दिनों की तरह शुक्रवार सुबह करीब 11 बजे सोनू अपनी कार पर सवार होकर काम पर जाने के लिए निकला था। देर शाम पुलिस ने पुलिस ने उन्हें सूचना दी कि आईएमटी में एक युवक का अधजला शव मिला है। संदेह है कि शव सोनू भाटी का हो सकता है। सूचना मिलते ही उन्होंने मौके पर जाकर देखा तो शव करीब 90 प्रतिशत जला हुआ था। उन्होंने मृतक की पहचान अपने भाई सोनू भाटी के रूप में कर दी।

# जन उत्थान रैली को लेकर विधायक ने ली बैठक



केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह की रैली को लेकर अपने तिगांव कार्यालय पर बैठक करते विधायक राजेश नागर।

### सेक्टर 12 में 27 अक्टूबर को होने वाली केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह की रैली के लिए दिया बुलावा

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**विधायक** राजेश नागर ने अपने तिगांव कार्यालय पर ग्रामीणों के साथ बैठक की। उन्होंने सेक्टर 12 में 27 अक्टूबर को होने जा रही केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह की जन उत्थान रैली के लिए उन्हें बुलावा दिया।

नागर ने कहा कि हमारे देश के गृहमंत्री अमित शाह 27 अक्टूबर को सेक्टर 12 हुड्डा ग्राउंड में होने वाली जन उत्थान रैली में आ रहे हैं। हमें उनके आगमन पर भव्य स्वागत करना है। भाजपा संगठन को बढ़ाने में शाह की भूमिका के बारे में सभी जानते हैं। उन्होंने अपने राष्ट्रीय अध्यक्ष काल में भाजपा में पन्ना प्रमुख का पद जोडक़र पार्टी को हर घर तक पहुंचाने का काम किया है। उनके कुशल नेतृत्व के बीज अंकुरित होकर विशाल वट वृक्ष बन चुके हैं जिसके कारण आज भाजपा दुनिया का सबसे बड़ा राजनैतिक दल बन चुकी है।

विधायक राजेश नागर ने स्थानीय लोगों से आह्वान किया कि आप लोग जन उत्थान रैली को सफल बनाएं और फरीदाबाद के उत्थान का नया अध्याय रचें। नागर ने कहा कि आप अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह के विचार सुनें और भाजपा को मजबूती प्रदान करें। नागर ने कहा कि अब से पहले जिन लोगों का शासन था, वो केवल परिवारों या अपने नेताओं को मजबूत करते थे।

# एक दिन में खत्म हुआ दो दिवसीय खेल महोत्सव

**फरीदाबाद।** खेल विभाग की ओर से युवा महोत्सव के बारे में बताया जा रहा था कि शुक्रवार और शनिवार दो दिन युवा महोत्सव होगा। लेकिन जिला खेल एवं युवा कार्यक्रम विभाग की ओर से शुरू हुआ जिला युवा महोत्सव एक ही दिन में ही निबट गया। जिसे देखते हुए युवा शनिवार को भी अपनी प्रतिभा का परिचय देने खेल परिसर में पहुंच गए, समाप्त होने की जानकारी मिलने पर युवा गुस्से में नजर आए।

इस महोत्सव में युवा व युवतियों ने शुक्रवार को जिला स्तरीय युवा उत्सव में शास्त्रीय गायन सिंगल (हिंदुस्तानी व कर्नाटकी), शास्त्रीय वादन एकल (सितार, बांसुरी वीणा, तबला व मृदगम हॉरमोनियम लाईट, गिटार) लोकगीत (हरियाणवी, रागिनी) नृत्य (शास्त्रीय नृत्य) (मणिपुरी, ओडिसी, भरतनाटयम, कत्थक व कुच्चीपुडी एवं लोकनृत्य, हरियाणवी) भाषण की प्रतियोगिताओं में दम दिखाया। शनिवार को भी युवा महोत्सव में भाग लेने के लिए युवा व युवतियां पहुंच गई, पर वहां कार्यालय बंद था। किसी भी प्रकार की गतिविधियां न होने से युवाओं में रोष व्याप्त हो गया।

# चौथे दिन भी जारी रही निगम कर्मचारियों की हड़ताल



पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**नगरपालिका** कर्मचारी संघ हरियाणा के आव्हान पर लगातार चौथे दिन भी नगर निगम कर्मचारियों की हड़ताल जारी रही अन्य दिनों की भांति बल्लमगढ़ ओल्ड एवं एनआईटी मुख्यालय में कामकाज जहां पूरी तरह ठप रहा वहीं सफाई, सीवर, उद्यान विभाग, मैकेनिकल विभाग, सहित सभी फील्ड के कार्य बंद रहे।

कर्मचारियों की हड़ताल को आज उस वक्त और अधिक बल मिला जब नगरपालिका कर्मचारी संघ हरियाणा के पूर्व महासचिव रतनलाल रोहिल्ला ,नगर निगम कांट्रेक्ट एसोसिएसन के प्रधान गिराज सिंह की अध्यक्षता में उप प्रधान रणवीर सिंह महासचिव अनिल शर्मा नवीन भाटी व अन्य पदाधिकारी तथा सभी बहुजन समाज पार्ट के हरियाणा प्रदेश प्रभारी मनोज चौधरी, व जिला अध्यक्ष, सरदार उपकार सिंह के नेतृत्व मे हड़ताली कर्मचारियों को बहुजन समाज पार्टी के कार्यकर्ता समर्थन देने पहुंच गए। नगर निगम कॉन्टेक्ट एसोसिएसन के प्रधान गिराज सिंह व बहुजन समाज पार्टी के हरियाणा प्रदेश प्रभारी मनोज चौधरी ने कर्मचारियों की मांगों को जायज ठहराते हुए कहा कि सरकार कर्मचारियों की मांगों का समाधान करें। सरकार को दिवाली जैसे बड़े त्यौहार पर गरीब सफाई कर्मचारियों का वेतन एवं उनकी अन्य समस्याओं का समाधान करने की बजाय उनको हड़ताल करने के लिए मजबूर किया जा रहा है यह सरकार की विफलता। हड़ताल की अध्यक्षता नगर निगम जूनियर इंजीनियर यूनियन के सचिव अजय शास्त्री ने की तथा मंच का संचालन जिला सचिव नानक चंद खैरालिया ने किया। कर्मचारियों को संबोधित करते हुए नगरपालिका कर्मचारी संघ, हरियाणा के राज्य उप महासचिव सुनील कुमार चिंडालिया ने कहा, सरकार गलत नीति अपना रही है।

# विभिन्न स्थानों से 140 किलोग्राम पटाखे जब्त

**फरीदाबाद।** प्रदूषण पर नियंत्रण स्थापित करने के लिए पुलिस आयुक्त विकास कुमार अरोड़ा के दिशा निर्देश के तहत कार्रवाई करते हुए थाना पुलिस तथा क्राइम ब्रांच की टीम ने पांच अलग-अलग स्थानों से 140 किलोग्राम पटाखे जब्त कर के आरोपियों के खिलाफ विस्फोटक अधिनियम तथा सरकारी आदेशों की अवहेलना करने की धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज किया है।

पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि गिरफ्तार किए गए आरोपियों में बलबीर, राहुल, देवेंद्र, राजेंद्र तथा मनोज का नाम शामिल है। क्राइम ब्रांच 30, 85 तथा सेंट्रल ने गुप्त सूत्रों की सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए आरोपियों को प्रतिबंधित पटाखों सहित काबू कर लिया। आरोपी बलबीर को सिटी बल्लभगढ़ एरिया से 53 किलोग्राम पटाखों सहित काबू किया गया। आरोपी राहुल को 22 किलोग्राम पटाखों सहित खेड़ीपुल एरिया से, आरोपी मनोज को 10 किलोग्राम पटाखों सहित सदर बल्लभगढ़, आरोपी राजेंद्र को 13 किलोग्राम पटाखों सहित सदर बल्लभगढ़ तथा आरोपी देवेंद्र को 42 किलोग्राम पटाखों सहित सराय थाना एरिया से काबू किया गया।

# दीवाली: चॉकलेट-ड्राईफ्रूट बनी पहली पसंद

कविता। फरीदाबाद



### ड्राई फ्रूट्स के दाम

| ड्राई फ्रूट्स | इस बार | गतवर्ष |
|---|---|---|
| काजू | 1000 | 900 |
| किशमिश | 460 | 360 |
| अखरोट | 1160 | 1150 |
| बादाम | 900 | 850 |
| छोहाड़ा | 200 | 180 |
| पिस्ता | 1300 | 1200 |

**दीपावली** पर एक-दूसरे को दिए जाने वाले गिफ्ट के लिए थोक और फुटकर बाजार पूरी तरह तैयार हैं। इस बार रूप थोड़ा बदला नजर आ रहा है। मिठाई की जगह ड्राई-फ्रूट्स (सूखे मेवे) की बिक्री ज्यादा है। आकर्षक पैकिंग के साथ शॉपिंग मॉल, दुकानों और मिठाई की नामचीन दुकानों में रखे यह गिफ्ट लोग ज्यादा पसंद कर रहे हैं।

अब लोग मिठाई के स्थान पर दोस्त और रिश्तेदारों को गिफ्ट में चॉकलेट, नमकीन और ड्राई फ्रूड देना पसंद कर रहे हैं। ड्राई- फ्रूट्स की बिक्रेता ने बताया ड्राई फ्रूट्स के गिफ्ट पैक में लोग मिश्री, छुआरा, काजू, बादाम और पिस्ता पसंद कर रहे हैं। इनकी कीमत 400 से 2000 तक है। थाल में सजे यह गिफ्ट पैक ज्यादा पसंद किये जा रहे हैं। 100-450 रुपये तक चॉकलेट कॉम्बो पैक है। सभी की डिमांड है। लोग इनकी जमकर खरीदारी कर रहे हैं। बिस्कुट, नमकीन और चॉकलेट के गिफ्ट पैक 150 से 250 रुपये तक हैं। जूस के गिफ्ट पैक की कीमत 75 से 250 रुपये तक है। वहीं, सोनपापड़ी का 400 ग्राम का गिफ्ट पैक 70 रुपये से शुरू है।

दीपावली में दीयों व आतिशबाजी से रौनक बनी रहती है। लोग एक दूसरे को उपहार देकर सभी गिले-शिकवे भूल जाते हैं। इस पर्व में रिश्तेदारों व दोस्तों को ड्राई फ्रूट्स व चॉकलेट का उपहार देकर रिश्ते में मिठास भर सकते हैं। इसके लिए बाजार में ड्राई फ्रूट्स के साथ फेस्टिवल स्पेशल विभिन्न ब्रांड वाले चॉकलेट की जमकर खरीदारी हो रही है।

लोगों के मूड़ के हिसाब से इसका कॉम्बो पैक अधिक पसंद किए जा रहे हैं। बाजार में आए लोगों का कहना है कि परंपरागत मिठाई देने की परंपरा अब बदलते ट्रेंड के साथ बदल गई है। मिठाई खरीदते समय दस बार परखना पड़ता था। इसके जल्द खराब होने का डर भी रहता था। वहीं, ड्राई फ्रूटस को तो हम अधिक दिनों तक रख सकते हैं।

# धनतेरस पर फरीदाबाद में हुआ करोड़ों रुपये का कारोबार

### बर्तन, मिठाईयों और ज्वैलर्स की दुकानों पर लगी रही भीड़

### लोगों ने स्टील, कांसे और तांबे के बर्तनों की जमकर खरीदारी की

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद



धनतेरस के अवसर पर खरीदारी करतीं महिलाएं।

**शहर के** विभिन्न बाजारों में धनतेरस के उपलक्ष में खूब रौनक रही। शाम से बर्तन, मिठाईयों सहित, ज्वैलर्स की दुकानों पर लोगों की भीड़ लगी रही। लोग बाजार में धक्का मुक्की करते हुए आगे की दुकानों तक पहुंचे। कारोबारियों की माने तो बाजार में इस बार सोने, चांदी से लेकर बर्तन, फर्नीचर सहित इलेक्ट्रॉनिक्स, गिफ्ट आइटम समेत पटाखों पर करोड़ों रुपये की बिक्री होने के अनुमान है।

**बर्तन हैं शुभः** लोगों का कहना है कि धनतेरस पर बर्तन खरीदने की परम्परा है। लोगों ने बर्तन की दुकानों में स्टील, कांसे और तांबे के बर्तनों की जमकर खरीदारी होती रही। इसके अलावा ज्वैलर्स की दुकानों में भी खूब भीड़ लगी रही। जहां चांदी व सोने के सिक्कों को खरीदने के लिए लोगों में होड़ सी लगी हुई दिखी। लोगों का रूझान कांसे व स्टील के बर्तनों की ओर बढ़ रहा है। स्टील के बर्तन लोगों ने खूब खरीदे।

**सजावट का सामान खरीदाः** दीपावली के लिए रंग बिरंगी लाइट्स सहित अन्य सजावटी सामान भी लोगों ने खरीदा। गिफ्ट सहित अन्य सामान की खूब मांग रही। इसके अलावा लोगों ने एलईडी, फ्रिज, वाशिंग मशीन, गाड़ियों सहित अन्य चीजों की खूब खरीदारी की। लोगों ने शाम को यमराज और धनवन्तरि की पूजा की।

## संक्षिप्त समाचार

### फिल्म दिखाकर जवानों की कुर्बानियों से कराया अवगत



**फरीदाबाद।** पुलिस झंडा दिवस के उपलक्ष में फरीदाबाद पुलिस द्वारा 21 से 31 अक्टूबर तक कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। हरियाणा सरकार की पहल पर शहीदों को नमन कार्यक्रम के तहत पुलिस आयुक्त विकास कुमार अरोड़ा के दिशा-निर्देश पर पुलिस उपायुक्त मुख्यालय नीतिश कुमार अग्रवाल के मार्गदर्शन में डीएवी पुलिस पब्लिक स्कूल में फिल्म शो कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर एसीपी महेंद्र वर्मा, सीसीटीएनएस इंचार्ज कमल, स्कूल प्रधानाचार्य हेमा अरोड़ा अपनी टीम के साथ मौजूद रहीं। पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि पुलिस फ्लैग डे हर वर्ष 21 से 31 अक्टूबर तक मनाया जाता है। जिसमें विभिन्न प्रकार के कार्यक्रमों का आयोजन किया जाता है ताकि आमजन तथा छात्र-छात्राओं को देश के वीर जवानों की बहादुरी से अवगत कराया जा सके। इसी के तहत पुलिस लाइन सेक्टर-30 में स्थित डीएवी पुलिस पब्लिक में बच्चों के लिए फिल्म शो का आयोजन किया गया। इसमें वीर शहीदों को नमन कार्यक्रम के तहत एसीपी महेंद्र वर्मा ने शहीद पुलिस जवान सिपाही संदीप के चित्र पर पुष्प अर्पित करते हुआ। एसीपी महेंद्र सिंह व टीम ने पुलिस कर्मियों के साहस के साथ कर्तव्य के निर्वहन करने के बारे में अपना विचार प्रकट किया और शहीद सिपाही संदीप के परिवार के सुख-समृधि की कामना की गई। इस कार्यक्रम में छात्र छात्राओं को देशभक्ति फिल्म दिखाकर सैनिकों द्वारा देश सेवा में दिए जाने वाले बलिदानों तथा उनकी वीर गाथाओ के बारे में अवगत कराया गया ताकि बच्चों में भी देश भक्ति की भावना पैदा हो। वह आगे चलकर देश सेवा के लिए सेना या पुलिस में भर्ती होकर अपना योगदान दें। इस कार्यक्रम के माध्यम से देशहित में प्राणों की परवाह किये बिना अपनी ड्यूटी को निभाने के लिए प्रेरित किया गया। अलग-अलग पृष्ठभूमि और स्थानों के शहीदों के बारे में बताते हुए वक्ताओं ने देशभक्ति के लिए सभी को प्रोत्साहित किया।

### देसी कट्टे सहित आरोपी गिरफ्तार

**फरीदाबाद।** डीसीपी क्राइम मुकेश कुमार मल्होत्रा के दिशा निर्देश के तहत कार्रवाई करते हुए क्राइम ब्रांच बॉर्डर प्रभारी संदीप कुमार की टीम ने अवैध हथियार के मुकदमे में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि गिरफ्तार किए गए आरोपी का नाम ध्रुव उर्फ सन्नी है जो फरीदाबाद की भीकम कॉलोनी का रहने वाला है। क्राइम ब्रांच की टीम ने गुप्त सूत्रों की सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए आरोपी को देसी कट्टे सहित सिटी थाना बल्लभगढ़ एरिया से काबू कर लिया। आरोपी को थाने लाकर उसके खिलाफ आर्म्स एक्ट की धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज करके पूछताछ की गई। पुलिस पूछताछ में सामने आया कि आरोपी करीब 4 महीने पहले अपने गांव कि एक शादी में गया था जहां से यह कट्टा वह किसी व्यक्ति से 4000 रुपये में खरीद कर लाया था जिसकी अभी जांच की जा रही है। आरोपी यह कट्टा अपने साथ अपने दोस्तों में रोब जमाने के लिए रखता था। पुलिस पूछताछ पूरी होने के पश्चात आरोपी को अदालत में पेश कर जेल भेज दिया गया है।

### स्कूल में विद्यार्थियों को किया पुलिस ने जागरुक



**फरीदाबाद।** साइबर अपराध फरीदाबाद के नोडल अधिकारी डीसीपी नीतीश कुमार अग्रवाल के मार्गदर्शन में साइबर थाना प्रभारी इंस्पेक्टर नवीन की टीम में एंथोनी सीनियर सेकेंडरी स्कूल में विद्यार्थियों को साइबर फ्रॉड से बचने के बारे में अहम टिप्स देकर जागरुक किया। पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि फरीदाबाद पुलिस द्वारा बनाए जा रहे साइबर जागरुकता माह के अंतर्गत साइबर थाना बल्लबगढ़ के टीम में शामिल हवलदार कृष्ण गोपाल ने सेक्टर 7 में स्थित एंथोनी सीनियर सेकेंडरी स्कूल में पहुंचकर छात्रों को साइबर अपराध के प्रति जागरूक किया। स्कूल प्रधानाचार्य ने पुष्प भेंट करके उन्हें को स्टेज पर आमंत्रित किया। जिसके पश्चात पुलिस टीम ने छात्रों को कुछ अहम जानकारियां प्रदान की। पुलिसकर्मियों ने बताया कि आजकल जब भी हम इंटरनेट पर किसी वेबसाइट को खोलते हैं तो वहां पर ऑनलाइन जॉब से संबंधित बहुत सारे विज्ञापन दिखाई देते हैं जिसमें प्रति महीने 50 से 60 हजार रूपए मात्र 3 या 4 घंटे का काम रोजाना करके कमाने का लालच दिया जाता है। इस प्रकार के विज्ञापन आमजन को लुभाने के लिए दिया जाते हैं ताकि रोजगार की तलाश में व्यक्ति उनसे संपर्क करें और वह सुनहरी नौकरी का लालच देकर उनसे पैसे ऐंठ सकें। जानकारी के अभाव में बहुत सारे व्यक्ति इनके झांसे में आ जाते हैं जिसके पश्चात साइबर अपराधी इनसे रजिस्ट्रेशन फीस, इंटरव्यू, ऑफर लेटर, टैक्स इत्यादि के नाम पर अलग-अलग समय पर पैसे ट्रांसफर करवाते रहते हैं और जब व्यक्ति के पास पैसे खत्म हो जाते हैं तो वह अपना नंबर बंद करके गायब हो जाते हैं जिससे रोजगार की तलाश में घूम रहे व्यक्ति को ओर भी परेशानियों का सामना करना पड़ता है क्योंकि बेरोजगार व्यक्ति के पास पहले ही पैसे नहीं होते। नौकरी के लालच में वह इधर उधर से कर्ज लेकर सारे पैसे इन ठगों को दे देते हैं जिनके पश्चात वह बेरोजगार के बेरोजगार ही रह जाते हैं परंतु कर्जे का एक एक्स्ट्रा बोझ उनके कंधों पर आ जाता है जिससे उन्हें उनके आत्मविश्वास को भी चोट पहुंचती है। पुलिसकर्मियों ने सभी छात्रों को इस प्रकार के लुभावने ऑफर्स के लालच में न आने की हिदायत दी। साइबर अपराध से संबंधित किसी प्रकार की वारदात घटित होने पर तुरंत 1930 पर फोन करने की सलाह दी ताकि उनके पैसे वापस उनके खाते में पहुंच सकें।

### एथलेटिक्स चैंपियनशिप बंगलौर में जीते पांच पदक



**फरीदाबाद।** एथलेटिक्स हरियाणा मीडिया प्रभारी सत्यवीर धनखड़ के द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार 15 अक्टूबर से 19 अक्टूबर तक बैंगलोर (कर्नाटक) कांतिरावा आउटडोर स्टेडियम में किया गया। एथलेटिक्स हरियाणा के महासचिव राजकुमार मिटान ने बताया कि नेशनल सीनियर ओपन एथलेटिक्स चैंपियनशिप में 1 स्वर्ण पदक, 2 रजत पदक और 2 कांस्य पदक सहित कुल 5 पदक जीते। राजकुमार मिटान ने बताया कि (जींद) की शिल्पा रानी ने नेशनल सीनियर ओपन एथलेटिक्स चैंपियनशिप में 55 मीटर 18 सैंटीमीटर की बेहतरीन जेवेलिन थ्रो कर स्वर्ण पदक पर कब्जा कर एथलेटिक्स हरियाणा का झंडा राष्ट्रीय स्तर पर परचम लहराया। रोहित वर्मा रेवाडी ने 8 मिनट 52 सेकेण्ड 97 माइक्रोन का समय देकर 3000 मीटर स्टेपल चेज इवेंट में कांस्य पदक जीतकर एथलेटिक्स हरियाणा को दिया। डिस्कस थ्रो इवेंट में प्रशांत मलिक सोनीपत ने 55 मीटर 10 सैंटीमीटर की डिस्कस थ्रो कर रजत पदक और निर्भय सिंह भिवानी ने 54 मीटर 88 सैंटीमीटर की बेहतरीन डिस्कस थ्रो कर कांस्य पदक जीता और हरियाणा राज्य का गौरव बढाया। महिलाओं की 4 गुणा 400 मीटर रिले दौड में 3 मिनट 39 सेकेण्ड और 20 माइक्रोन का समय देकर निशा हिसार, प्रिया रोहतक, हिमांशी मलिक सोनीपत और दीपांशी रोहतक ने बहुत ही अच्छा टीम प्रदर्शन कर एथलेटिक्स हरियाणा को रजत दिया। एथलेटिक्स हरियाणा के अध्यक्ष और वर्तमान विधायक ऐलानाबाद चौधरी अभय सिंह चौटाला, कार्यकारी अध्यक्ष हनुमान सिंह भादू और महासचिव राजकुमार मिटान ने नेशनल सीनियर ओपन एथलेटिक्स चैंपियनशिप के सभी पदक विजेता खिलाड़ियों को जीत की हार्दिक शुभकामनाएं प्रदान की।

# तराई इलाके में जल्द हाथी अभयारण्य बनने की उम्मीद

भाषा। लखीमपुर खीरी



**उत्तर प्रदेश** के तराई इलाके में हाथी अभयारण्य बनाने की प्रक्रिया जल्द पूरी हो सकती है। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। हाथी परियोजना के निदेशक और केंद्रीय वन व पर्यावरण मंत्रालय में वन महानिरीक्षक रमेश पांडेय ने पीटीआई-भाषा को बताया कि केंद्रीय वन और पर्यावरण मंत्रालय ने शुक्रवार को दुधवा बाघ अभयारण्य रिजर्व (डीटीआर) और पीलीभीत बाघ अभयारण्य (पीटीआर) सहित उत्तर प्रदेश के तराई में 3049.39 वर्ग किलोमीटर इलाके में तराई हाथी अभयारण्य (टीईआर) की स्थापना को मंजूरी दे दी है। उन्होंने कहा कि उम्मीद है कि उत्तर प्रदेश सरकार जल्द ही राज्य में तराई हाथी अभयारण्य (तराई हाथी अभयारण्य) की घोषणा के लिए अधिसूचना जारी करेगी।

उल्लेखनीय है कि हाथी परियोजना के राष्ट्रीय प्रमुख के रूप में रमेश पांडेय ने डीटीआर अधिकारियों के साथ एक बैठक बुलाई थी और इस साल मार्च में टीईआर के लिए एक सैद्धांतिक सहमति दी थी और इस संबंध में उत्तर प्रदेश सरकार से एक विस्तृत प्रस्ताव मांगा था। डीटीआर के फील्ड निदेशक संजय पाठक ने पीटीआई-भाषा को बताया कि इस संबंध में एक प्रस्ताव पिछले अप्रैल में तैयार किया गया था और बाद में राज्य से 11 अक्टूबर को केंद्र सरकार को भेजा गया था। उन्होंने बताया कि प्रस्तावित टीईआर के अस्तित्व में आने के साथ दुधवा बाघ अभयारण्य (डीटीआर) उत्तर प्रदेश का अकेला राष्ट्रीय उद्यान होगा जो चार प्रतिष्ठित जंगली प्रजातियों- बाघ, एक सींग वाले गैंडे, एशियाई हाथी और दलदली हिरण की रक्षा और संरक्षण करेगा। रमेश पांडेय ने बताया कि नए हाथी अभयारण्य में पीलीभीत बाघ अभयारण्य (पीटीआर), दुधवा राष्ट्रीय उद्यान (डीएनपी), किशनपुर वन्यजीव अभ्यारण्य (केडब्ल्यूएस), कतर्नियाघाट वन्यजीव अभयारण्य (केजीडब्ल्यूएस), दुधवा बफर जोन और दक्षिण खीरी वन प्रभाग के कुछ हिस्से शामिल होंगे। उन्होंने बताया कि"तराई हाथी अभयारण्य की स्थापना विशेष रूप से एशियाई हाथियों के वन्यजीव संरक्षण के मामले में एक मील का पत्थर होगी क्योंकि यह भारत-नेपाल सीमा पर स्थित है, जहां सीमा पार से हाथियों की नियमित आवाजाही है"। उन्होंने कहा,"टीईआर के साथ, केंद्र सरकार हाथी परियोजना के तहत सभी वित्तीय और तकनीकी सहायता प्रदान करेगी, जो मानव-हाथी संघर्षों से निपटने में मदद करेगी"। संजय कुमार पाठक ने बताया कि "दुधवा में हाथी अभयारण्य की स्थापना से उनके संरक्षण के प्रति हाथी केंद्रित दृष्टिकोण अपनाने में मदद मिलेगी। दुधवा बाघ अभयारण्य ने दशकों से विभिन्न घरेलू और सीमा पार गलियारों के माध्यम से जंगली हाथियों को हमेशा आकर्षित किया है, जिसमें बसंता-दुधवा कॉरिडोर, लालझड़ी (नेपाल) - साथियाना कॉरिडोर, शुक्लाफांटा (नेपाल) -ढाका-पीलीभीत-दुधवा बफर ज़ोन कॉरिडोर शामिल हैं।

# पीएम दीप जला कर करेंगे विश्व रिकॉर्ड का आगाज

### वशिष्ठ के रूप में नरेंद्र मोदी करेंगे प्रभु श्री राम का राज्याभिषेक : जय वीर सिंह

कमलेश श्रीवास्तव। अयोध्या





**छठे** दीपोत्सव मैं अब 24 घंटे से कम समय बचे हैं जब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अपने हाथों से प्रथम दीप जला कर के नए विश्व रिकॉर्ड का आगाज करेंगे और इसके पूर्व राम कथा पार्क में वशिष्ठ के रूप में प्रभु श्री राम का राम राज्याभिषेक करेंगे। उत्तर प्रदेश के पर्यटन मंत्री जय वीर सिंह पहुंचे अयोध्या प्रेस से मुखातिब होते हुए उन्होंने बताया कि इस बार प्रभु श्री राम का राज्याभिषेक वशिष्ठ के रूप में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी करेंगे और एक दीप जला कर के दीपोत्सव का शुभारंभ करेंगे जो अपने सभी रिकॉर्ड तोड़ते हुए इस बार अलौकिक अभूतपूर्व नया रिकॉर्ड स्थापित करेगा। उन्होंने बताया कि दीपोत्सव की पूरी तैयारी कर ली गई है इस वर्ष यह छठा दीपोत्सव है जिसमें पहली बार देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आ रहे हैं जिनके स्वागत के लिए पूरी अयोध्या भव्य रुप से सजाकर तैयार कर दी गई है बाईपास से नया घाट तक लगभग 25 गेट बनाए गए हैं श्री राम हाट श्रद्धालुओं के आकर्षण का केंद्र बना हुआ है 8 देशों की विदेशी राम लीलाएं हो रही है। उन्होंने बताया कि हर वर्ष 11 झांकियां निकलती थी इस बार झांकियों की संख्या 16 कर दी गई है जो पर्यटन विभाग द्वारा साकेत महाविद्यालय से मुख्य मार्ग होते हुए राम कथा पाठ तक पहुंचेंगे। उन्होंने बताया कि इस बार 1800000 दीप जलाए जा रहे हैं जिसमें पूरे प्रदेश के गांव गांव से दीप हमारे पास आ रहे हैं उनको भी प्रभु श्री राम को समर्पित करते हुए घाटों पर सजाया जा रहा है। उन्होंने बताया कि सारी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं भव्य दीपोत्सव अलौकिक होगा जिसको देश ही नहीं पूरा विदेश देखेगा और दीपावली सनातन धर्म का प्रतीक है। भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष संजीव सिंह ने बताया कि भव्य दीपोत्सव इस बार और अलौकिक हो गया है क्योंकि हमारे देश के मुखिया प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अयोध्या आ रहे हैं प्रभु श्री राम का राज्याभिषेक करेंगे। अयोध्या के सभी लोग प्रधानमंत्री को देखने और सुनने के लिए उत्साहित हैं और दिव्य दीपोत्सव में प्रधानमंत्री की उपस्थिति इसको और भी अलौकिक बना रही है। अयोध्या विधायक वेद प्रकाश गुप्ता ने कहा कि सभी की सहभागिता से दीपोत्सव बड़े ही अलौकिक ढंग से अयोध्या में मनाया जा रहा है छठा दीपोत्सव ऐतिहासिक होगा क्योंकि देश के मुखिया और विश्व में भारत की गौरव बढ़ाने वाले हमारे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अयोध्या में आकर के प्रथम दीप जलाएंगे। इस दौरान भाजपा के वरिष्ठ नेता अभय सिंह जी मौजूद रहे।

### 15 लाख दीपों से सजे अयोध्या के घाट

अयोध्या। अयोध्या के घाटों पर 1500000 दीप 22000 वालंटियरों ने सजा कर तैयार कर दिए है 23 अक्टूबर की सुबह से उस में तेल डाल कर के तैयार कर दिया जाएगा और शाम लगभग 6रू30 बजे प्रधानमंत्री एक दीप प्रज्वलित करके शुभारंभ करेंगे और अयोध्या के पूरे घाट 1500000 दीपू सिंह जगमगाने लगेगे। पूरा अयोध्या धाम शहर 1800000 दीपों से जगमगा उठेगा। जहां अयोध्या धाम नया विश्व रिकॉर्ड बनाएगा वही पूरा शहर दीप मालाओं से जगमगा उठेगा।

### लगे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और प्रभु श्रीराम के कटआउट

अयोध्या। श्री राम की जन्म स्थली अयोध्या को तोरण द्वारा से सजा दिया गया है और पूरे शहर में भगवा ध्वज लगा दिए गए हैं जैसे भगवान श्री राम की जन्म स्थली प्रधान सेवक नरेंद्र मोदी के स्वागत के लिए सज कर तैयार हो गई है। शहर की यह अलौकिक छटा देखते ही बन रही है जगह जगह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और प्रभु श्रीराम के कटआउट लगाए गए हैं यह कट आउट अयोध्या की शोभा में चार चांद लगा रहे हैं पूरा शहर लाइटों से जगमग आ रहा है।

### मेरठ में मेडिकल कालेज की चौथी मंजिल से कूदी छात्रा की उपचार के दौरान मौत

**मेरठ।** उत्तर प्रदेश के मेरठ जिले में स्थित सुभारती मेडिकल कॉलेज की चौथी मंजिल से दो पहले कथित रूप से कूदी एक छात्रा की शुक्रवार को उपचार के दौरान मौत हो गई। वह बैचलर ऑफ डेंटल सर्जरी (बीडीएस) द्वितीय वर्ष की छात्रा थी। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है स्थानीय जानी थाने के प्रभारी राजेश कुमार कंबोज ने बताया कि छात्रा के पिता की शिकायत पर उसके ही बैच के छात्र सिद्धांत कुमार पंवार को आत्महत्या के लिए उकसाने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है।

उन्होंने बताया कि उसे अदालत के समक्ष पेश किया गया जहां उसे 14 दिन की न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया। उन्होंने बताया कि दो दिन पहले सुभारती मेडिकल कॉलेज में बीडीएस द्वितीय वर्ष की छात्रा वानिया असद ने पुस्तकालय की चौथी मंजिल से छलांग लगा दी थी और उसे गंभीर हालत में सुभारती अस्पताल में ही भर्ती कराया गया था जहां शुक्रवार दोपहर उपचार के दौरान छात्रा की मौत हो गई।

# बिजनौर में श्मशान में रह रहे बुजुर्ग की ट्रांसजेंडर ने चाकू मारकर कर दी हत्या

बिजनौर। बिजनौर जिले के नहटौर थाना इलाके के एक गांव में श्मशान में रह रहे एक बुजुर्ग की एक ट्रांसजेंडर ने चाकू मारकर हत्या कर दी। पुलिस के एक अधिकारी ने शनिवार को यह जानकारी दी। पुलिस अधीक्षक (एसपी) दिनेश सिंह ने बताया कि शनिवार सुबह थाना नहटौर के गांव कासमपुर लेखराज के शमशान में 70 वर्षीय बुजुर्ग भोलेनाथ की हत्या की सूचना पुलिस को मिली। उन्होने बताया कि दो घंटे में पुलिस ने बुजुर्ग के साथ महिला वेष में रह रहे ट्रांसजेंडर महारानी को गिरफ्तार कर घटना का खुलासा कर दिया। उन्होंने महारानी से पूछताछ के हवाले से बताया कि बुजुर्ग तीन माह पहले श्मशान में रहने आया था जबकि महारानी कुछ सालो से यहीं रहती थी। सिंह ने पूछताछ के हवाले से बमताया कि दोनों के बीच दाह संस्कार के लिए आने वाले मृतकों के परिजनों से मिलने वाली राशि को लेकर विवाद चल रहा था। उन्होंने बताया कि शुक्रवार रात शराब के नशे में महारानी ने भोलेनाथ की चाकू मारकर हत्या कर दी। सिंह ने बताया कि महारानी ने ही सुबह भोलेनाथ के परिजनों को उसकी मौत की सूचना दी थी। पुलिस ने बताया कि मामले में आवश्यक कार्वाई की जा रही है।

**बांदा में रंजिश में पूर्व प्रधान को गोली मारी, आरोपी गिरफ्तार**

बांद। जिले के अर्ता थाना क्षेत्र के एक गांव में शनिवार को पुरानी रंजिश के चलते एक व्यक्ति ने पूर्व ग्राम प्रधान को गोली मारकर घायल कर दिया, जिनकी हालत गंभीर बनी हुई है। आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है। पुलिस ने शनिवार को यह जानकारी दी। अर्ता के पुलिस क्षेत्राधिकारी (सीओ) आनन्द कुमार पांडेय ने बताया कि शनिवार सुबह करीब साढ़े नौ बजे थाने के बल्लां गांव में पुरानी रंजिश के चलते 56 साल के व्यक्ति ने गांव के पूर्व ग्राम प्रधान ओमकार द्विवेदी (54) को अवैध असलहे से गोली मारकर घायल कर दिया। उन्होंने बताया कि घायल की हालत गंभीर है और उन्हें बेहतर इलाज के लिए बांदा जिला चिकित्सालय से कानपुर भेजा गया है। अपर पुलिस अधीक्षक (एएसपी) लक्ष्मी निवास मिश्रा ने बताया कि आरोपी भंजन सिंह को गडांव गांव की नहर पटरी से गिरफ्तार कर लिया गया है और मामले में आगे की कार्वाई

की जा रही है। अर्ता के पुलिस क्षेत्राधिकारी (सीओ) आनन्द कुमार पांडेय ने बताया कि शनिवार सुबह करीब साढ़े नौ बजे थाने के बल्लां गांव में पुरानी रंजिश के चलते 56 साल के व्यक्ति ने गांव के पूर्व ग्राम प्रधान ओमकार द्विवेदी (54) को अवैध असलहे से गोली मारकर घायल कर दिया। उन्होंने बताया कि घायल की हालत गंभीर है और उन्हें बेहतर इलाज के लिए बांदा जिला चिकित्सालय से कानपुर भेजा गया है। सीओ ने बताया कि आरोपी भजन सिंह की गिरफ्तारी के लिए पुलिस की टीमें लगाई गई हैं।

## हत्या के मामले में एक व्यक्ति को आजीवन कारावास की सजा

**प्रतापगढ़।** प्रतापगढ़ जिले की एक अदालत ने एक महिला की हत्या के मामले में उसके पति को कारावास की सजा सुनाई है। अभियोजन पक्ष ने शनिवार को यह जानकारी दी।अभियोजन पक्ष के अनुसार जिला सत्र न्यायाधीश प्रदीप कुमार सिंह की अदालत ने हत्या के मुकदमे की सुनवाई करते हुए महिला के पति को आजीवन कारावास और अर्थदण्ड की सजा सुनाई है। उन्होंने बताया कि प्रयागराज जिले के गोविंदपुर निवासी सुभाष चंद्र साहू ने हथिगवां थाने में तहरीर देकर आरोप लगाया था कि तीन सितंबर, 2018 को दहेज की मांग को लेकर उसकी गर्भवती बेटी संगीता से उसके पति कृष्ण कुमार साहू और ससुर राम किशोर साहू ने मारपीट की और संदिग्ध परिस्थितियों में आग से झुलसने से प्रयागराज में उसकी मौत हो गई। पुलिस ने तहरीर के आधार पर दहेज हत्या का मामला दर्ज कर पति कृष्ण कुमार साहू और राम किशोर साहू के विरुद्ध आरोप पत्र अदालत में पेश किया।अदालत ने शुक्रवार को मुकदमे की सुनवाई करते हुए साक्ष्यों के आधार पर दोषी सिद्ध होने पर कृष्ण कुमार साहू को आजीवन कारावास की सजा सुनाई और 22 हजार रुपए का जुर्माना लगाया जबकि साक्ष्य के अभाव में राम किशोर साहू को दोषमुक्त कर दिया।

## सड़क हादसे में तीन की मौत चार घायल

**हमीरपुर।** उत्तर प्रदेश के हमीरपुर के कबरई सागर मार्ग पर मौदहा चौराहे के पास सड़क हादसे में तीन लोगों की मौत हो गई तथा चार लोग घायल हो गए। पुलिस ने इसकी जानकारी दी। थाना प्रभारी भारत कुमार ने बताया कि शनिवार को कबरई सागर मार्ग पर मौदहा चौराहे के निकट सामान ढोने वाले डंफर एवं छोटी मेटाडोर के बीच आमने-सामने की टक्कर हो गई, जिसमें दो लोगों की मौके पर ही मौत हो गई जबकि एक की मौत अस्पताल में उपचार के दौरान हुई। उन्होंने बताया कि शेष चार लोग गंभीर रूप से घायल है। उन्होंने बताया कि मरने वालों की पहचान लखनलाल (35) , पवन (29) और राहुल (19) के रूप में की गई है। थाना प्रभारी ने बताया कि घटना के बाद डंफर चालक मौके से फरार हो गया। पुलिस ने डंफर को जब्त कर लिया है। मुख्यमंत्री कार्यालय के अनुसार राज्य के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सड़क हादसे में हुई जनहानि पर गहरा दु:ख प्रकट किया है।

# बांदा में धड़ल्ले से हो रहा मौरंग का अवैध खनन

### पट्टाधारक सीमांकन से हटकर कर रहे खनन का काम, ग्राम प्रधान ने मुख्यमंत्री व खनिज निदेशक को पत्र भेजकर की शिकायत

आलोक निगम। बांदा





**नरैनी** लहूरेटा गांव में मोरंग पट्टा धारकों द्वारा सीमांकन से हटकर मौरंग की निकासी की जा रही है साथ ही खनिज नियमों की धज्जियां उड़ाते हुए सरकार को लाखों रुपए का चूना लगा रहे हैं। इसकी शिकायत ग्राम प्रधान ने मुख्यमंत्री व खनिज निर्देशक से पत्र भेजकर की है। प्रधान का कहना है कि यह सब खदानें सत्ता के गलियारों के लोग चला रहे हैं,जो विरोध करता हैं उसको डराया धमकाया जाता है या फिर केस में फंसाने की कोशिश की जाती है।

ग्राम प्रधान फैमीदा ने मुख्यमंत्री को दिए गए शिकायती पत्र में बताया है कि शासन द्वारा अभी तक निजी भूमि पर मौरंग के 7 पट्टे आवंटित हो चुके हैं लेकिन वर्तमान में तीन पट्टे संचालित है। पट्टे आवंटित होने के बाद निजी भूमि से मौरंग परिवहन के लिए सीमांकन होना अति आवश्यक है परंतु राजस्व विभाग के कुछ कर्मचारियों द्वारा ठोस सीमांकन नहीं किया गया जिससे पट्टा धारक मनमानी करते हुए खनिज नियमों की धज्जियां उड़ाते हुए पट्टा क्षेत्र से बाहर मौरंग की निकासी कर रहे हैं और सरकार को लाखों रुपए का चूना लगा रहे हैं हमारी पंचायत का खेती वाला क्षेत्रफल ऊबड़ खंड है पैमाइशए सीमांकन ठोस घेराबंदी न होने से अपने खनन क्षेत्र से बाहर मोरंग निकाल कर राजस्व को क्षति पहुंचाते है। गरीब किसानों को बहला फुसला कर धमकी देकर उसकी जबरदस्ती भूमि पर अवैध खनन करके उनके खिलाफ कार्यवाही कराते हैं पट्टा धारकों द्वारा खनिज नियम के विपरीत टोकन ध् रॉयल्टी निजी भूमि की जगह से न देकरअपने पट्टा क्षेत्र से 3 किलोमीटर दूर मेन रोड से देते हैं जिस कारण जाम की स्थिति पैदा होती है और ग्रामवासियों एस्कूली बच्चों को आने जाने में दिक्कतों का सामना करना पड़ता है । वर्तमान में तीन निजी पट्टा धारकों द्वारा खनन किया जा रहा है जिसमें दस भारी.भरकम मशीनें खनन कार्य में लगाई गई है पट्टा धारकों द्वारा खनिज मानक के विपरीत खनन क्षेत्र में 30 फीट गहराई से खोदकर मौरंग निकालकर परिवहन करते हैं ग्राम प्रधान ने शिकायती पत्र भेजकर मांग किया है कि अस्थाई खनिज बैरियर बनाया जाए जिससे खनिज परिवहन एवं एन आर लोडिंग पर लगाम लगाया जाए।

## स्टेट टेबिल टेनिस चौम्पियनशिप 28 से बरेली में

**बरेली** । 89वीं स्टेग यू0पी0 स्टेट टेबिल टेनिस चौम्पियनशिप -2022 का आयोजन स्व श्री भर्ति जी की स्मृति में श्री राम मूर्ति स्मारक कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एण्ड टेक्नालॉजी. बरेली में डिस्ट्रिक टेबिल टेनिस के तत्वाधान एवं यू0पी0 टेबिल टेनिस एसोसिएशन के निर्देशानुसार दिनांक 28 से 30 अक्टूबर 2022 तक होगा। कार्यक्रम का उद्धाटन दिनांक 28 अक्टूबर 2022 को सुबह 09:30 बजे एस0आर0एम0एस0 ट्रस्ट चेयरमैन श्री देव मूर्ति जी द्वारा किया जायेगा।एस आर एम एस रिद्धिमा में आयोजितएक प्रेस वार्ता में यू पी टी टी ए के सचिव डा0 दिपेन्द्र कमथान ने बताया कि इस चौम्पियनशिप में उत्तर प्रदेश के 25 जिलो के लगभग 325 प्रतिभागी भाग लेगे। यह प्रतियोगिता 12 वर्गो में खेली जायेगी। जिसमें पुरूष एवं महिला , यूथ बालक एवं यूथ बालिका ,जूनियर बालक एवं जूनियर बालिका , सब जूनियर बालक एवं सब जूनियर बालिका , कैडिट बालक एवं कैडिट बालिका , होप्स बालक एवं बालिका यह प्रतियोगिता सभी वर्गो में एकल कार्यक्रम में सम्पन्न होगी। प्रतियोगिता का फाइनल मैच 30 अक्टूबर 2022 को अपराहन 01रू30 बजे सम्पन्न होगा। उन्होने कहा कि प्रतियोगता को कराने के लिए श्री अमित सिंह (इन्टरनेशनल रेफरी) इस चौम्पियनशिप के चीफ रेफरी होगे एवं इस प्रतियोगिता के डिप्टी रेफरी आकाश यादव (इन्टरनेशनल रेफरी) होगे, इसके अतिरिक्त 16 टेबल रेफरी भी होगें जो कि इस चौम्पियनशिप के निर्णय में अपना योगदान देगें। चौम्पियनशिप के सह-प्रायोजक स्टेग मेरठ द्वारा खेल सामग्री टेबल और बॉल उपलब्ध कराई जा रही है।

## पूर्व विधायक विजय मिश्रा के परिजनों के नाम दर्ज 25 बीघा जमीन कुर्क

**भदोही।** उत्तर प्रदेश के भदोही जिला प्रशासन के आदेश पर शनिवार को पूर्व विधायक और कथित माफिया विजय मिश्रा के परिजनो के नाम प्रयागराज जिले के मेजा में स्थित 25 बीघा जमीन कुर्क कर ली गई है। एक अधिकारी ने इसकी जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि कुर्क की गई जमीन की कीमत 10 करोड़ 65 लाख रुपए से ज्यादा आंकी गई है। भदोही के पुलिस अधीक्षक डाक्टर अनिल कुमार ने शनिवार को बताया कि जिले के ज्ञानपुर विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक विजय मिश्रा द्वारा अपने गिरोह के सदस्यो सतीश मिश्रा ,आशीष मिश्रा ,राहुल मिश्रा, अमित मिश्रा (चारो भतीजा) और भाभी दुर्गेश देवी के नाम से प्रयागराज जिले के मेजा तहसील में आपराधिक कृत्यों से अर्जित धन से वास्तविक मूल्य से कम कीमत पर 25 बीघा ज़मीन खरीदी गई थी। उन्होंने बताया कि कुख्यात माफिया के खिलाफ चल रही कार्वाई की कड़ी मे जिलाधिकारी गौरांग राठी के आदेश पर ज़मीन को उत्तर प्रदेश गिरोह बंद एवं समाज विरोधी क्रियाकलाप (निवारण) अधिनियम की धारा 14 (1) के तहत कुर्क कर लिया गया है। पुलिस अधीक्षक ने बताया ज़मीन की कीमत 10.65 करोड़ रुपए से अधिक आंकी गई है। उन्होंने बताया इससे पहले भी उक्त माफिया की कई करोड़ की चल-अचल संपत्ति कुर्क की जा चुकी है। विजय मिश्रा चार बार के विधायक रहे है और इस व2392्त आगरा की जेल मे बंद है। पुलिस अधीक्षक के मुताबिक विजय मिश्रा पर कुल 83 मुक्दमे दर्ज है। अपने एक रिश्तेदार कृष्ण मोहन तिवारी की कंपनी और पूरी संपत्ति हड़पने सहित बलात्कार जैसे कई अन्य मामलो मे वह पिछले ढाई साल से आगरा की जेल मे बंद है।

## सांप के काटने से युवक की मौत

**बरेली** । सांप पकड़ने के लिए गए युवक को सांप ने काट लिया घर के लोगउसे सड़क किनारे छोड़कर भाग गए घरवाले उसे अस्पताल ले गए अस्पताल पहुंचते डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया शव को पुलिस ने पोस्टमार्टम के लिए भेजा और जांच शुरू कर दी। अलीगंज थाने के गांव किशन सिंह पुर निवासी 19 वर्षीय मोर सिंह पुत्र नन्हे लाल कल रात एक निजी अस्पताल पहुंचने से पहले ही मौत हो गई पोस्टमार्टम हाउस पर मौजूद मृतक के घर वालों ने बताया कि मोरपाल शौकिया तौर पर सांप पकड़ता था और कल दिन में उसे श्यामपुर गांव का रहने वाला राणवीर अपने घर में सांप पकड़ने के लिए बुलाकर ले गया था जहां मोरपाल को सांप ने काट लिया जिससे उसकी हालत बिगड़ने लगी सब रणवीर और उसके घर वाले मोरपाल के घरवालों को बिना सूचना दिए बिना उसे सड़क किनारे घर से लगभग डेढ़ किलोमीटर दूर छोड़कर भाग गए जंगल में जा रहे गांव के लोगों ने उसे बेहोशी की हालत में देखा और उसके घरवालों को सूचना दी जो मौके पर पहुंचे और उसे इलाज के लिए एक निजी अस्पताल ले गए लेकिन रास्ते में ही उसकी मौत हो चुकी थी और अस्पताल पहुंचते ही डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा मृतक छे भाई बहन थे उसकी मां का नाम कांति देवी है।

## दीपोत्सव का दीप जलाकर शुभारंभ

**संतकबीरनगर।** अपर जिलाधिकारी मनोज कुमार सिंह ने शनिवार की देर शाम कांशीराम स्पोर्ट्स स्टेडियम में धनतेरस/शुभ दीपावली के अवसर पर परंपरागत रूप से मनाए जाने वाले दीपोत्सव का दीप जलाकर शुभारंभ किया। तत्पश्चात स्टेडियम के बच्चों/खिलाड़ियों द्वारा दीपावली के अवसर पर दीप जलाकर अपने-अपने ग्राउंड को दीप और मोमबत्ती से सजाया गया। इस अवसर पर उप क्रीड़ा अधिकारी दिलीप कुमार, जिला फुटबॉल संघ के सचिव बी के विश्वास, जिला सचिव शैलेंद्र सिंह गुड्डू, वालीबाल चेयरमैन के प्रतिनिधि चंद्रपाल यादव, स्टेडियम के कोच रविंद्र यादव, अमित कुमार, ओसामा जोहर, अभिषेक कुमार, हिमांशु पाल, वेद कुमार और स्टेडियम ग्रुप के अध्यक्ष जेपी दुबे, राम आशीष आदि उपस्थित रहे।

## लोगों को सम्मानित करने के लिए विशेष पहल

**वाराणसी।** भारत में त्योहारों के मौसम में एमेज़ॉन अपने 'वीआरएमेज़ॉन' अभियान के लॉन्च के साथ एक बार फिर अपने लोगों को सम्मानित कर रहा है, जो हर सीज़न में ग्राहकों को आनंददायक फेस्टिव सीज़न डिलीवर करने में मुख्य भूमिका निभाते हैं। यह अभियान एमेज़ॉन के कर्मचारियों, सहयोगियों, और पार्टनर्स पर प्राथमिकता है अपना अनुभव साझा करते हुए सुमा एमेज़ॉन इंडिया ने कहा मुझे न केवल काम करने का अच्छा अवसर दिया है।

## स्वस्थ जीवन शैली अपनाने का अवसर प्रदान करेगी

**वाराणसी।** लोगों को विशेष रूप से सुरक्षित जीवन शैली प्रदान करने के लिए प्रयासरत विटैलिटी प्रोटेक्ट राइडर उपभोक्ताओं को अपने टर्म इंश्योरेंस कवर को बढ़ाने का विकल्प देने के अलावा, आकस्मिक मृत्यु, आकस्मिक कुल और स्थायी विकलांगता जैसी घटनाओं के खिलाफ व्यापक कवर प्रदान करता है।टाटा एआईए लाइफ इंश्योरेंस भारत में एक प्रमुख जीवन बीमा कंपनी ने अपने राइडर पैकेज, विटैलिटी के माध्यम से उपलब्ध एक अद्वितीय वेलनेस प्रोग्राम - टाटा एआईए विटैलिटी - के लॉन्च के साथ रक्षा और जीवन शक्ति स्वास्थ्य जैसे जीवन बीमा समाधानों के अपने गुलदस्ते को बढ़ाया है।

## आगरा में डिवाइडर पर चढ़ने के बाद पलटा कंटेनर


आगरा। उत्तर प्रदेश के आगरा मे कमलानगर-बाईपास रोड पर शनिवार तड़के दिल्ली की तरफ से आ रहा कंटेनर डिवाइडर पर चढ2345ी के बाद पलट गया, जिससे इस घटना मे 15 यात्री घायल हो गए जिन्हें अस्पताल मे भर्ती कराया गया जहां दो की हालत गंभीर है। पुलिस ने इसकी जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि घटना के वक्त कंटेनर मे तीस से चालीस यात्री सवार थे। उन्होने बताया कि यह घटना शनिवार तड़के करीब चार बजे हुई।

# किशोरी की मौत के बाद गांव में भारी पुलिस बल तैनात, जुलूस व प्रदर्शन

भाषा। बलिया

**बलिया** जिले के नगरा थाना क्षेत्र की रहने वाली 13 वर्षीय किशोरी की छह दिन तक घायल अवस्था में उपचार के बाद शुक्रवार की शाम को मौत हो गई, जिसका शनिवार को वाराणसी में अंतिम संस्कार कर दिया गया। पुलिस ने यह जानकारी दी।

इस बीच किशोरी के गांव में भारी संख्या में पुलिस बलों को तैनात किया गया है। दूसरी ओर, अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (अभाविप) की तरफ से मामले की उच्च स्तरीय जांच की मांग को लेकर शनिवार को जिला मुख्यालय पर जुलूस निकाल कर प्रदर्शन किया गया। परिषद की तरफ से कलेक्ट्रेट परिसर में आयोजित धरना में मामले की उच्च स्तरीय जांच की मांग की गई तथा पुलिस पर मामले का सच सामने नहीं लाने का आरोप लगाया गया। पीड़ित परिवार को न्याय दिलाने की मांग विभिन्न लोगों द्वारा सोशल मीडिया पर भी की गई है। अभाविप के प्रांतीय मंत्री सौरभ गौड़ ने चेतावनी देते हुए कहा, न्याय के लिए हर स्तर पर लड़ाई लड़ी जाएगी और अगर एक सप्ताह के भीतर सभी आरोपियों की गिरफ्तारी नही हुई तो विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ता जिले में बड़ा आंदोलन करेंगे। संगठन मंत्री शिवम पाण्डेय ने कहा, प्रशासन सभी आरोपियों को गिरफ्तार करने में असफल है। हम सभी प्रशासन से पीड़ित परिवार के लिए न्याय की मांग करते हैं। इस प्रकरण में उच्च स्तरीय जांच कमेटी बनाकर कार्यवाही कराई जाए। पुलिस उपाधीक्षक (डीएसपी) शिव नारायण वैस ने शनिवार को बताया कि नगरा थाना क्षेत्र के एक गांव की रहने वाली 13 वर्षीया किशोरी की वाराणसी के एक अस्पताल में शुक्रवार की शाम मौत हो गई थी। उन्होंने बताया कि किशोरी का शनिवार को वाराणसी में अंतिम संस्कार कर दिया गया।




## चचा ही चौधरी



खाता न बही, जो चचा कहें वही सही यह व्यवस्था इस समय प्रदेश के मिठास वाले विभाग में जबरदस्त तरीके से चल रही है। विभाग में आलम यह है कि एक तरफ पूरा अमला तो दूसरी तरफ अकेले चचा। पूरे महकमे में सिर्फ विभाग के मुखिया चचा् की ही चल रही है। मिठास वाले विभाग के मुखिया जहां बैठ जाते हैं वास्तव में वह चचा ही लगते हैंए क्योंकि पूरी महफिल में सिर्फवही बोलते हैंए बाकी सब चुप रहते हैं। इस मिठास वाले विभाग पर चचा की काफी लंबे समय से पकड़ है। जब से प्रदेश में भगवा सरकार आई है तब से चचा ने इस मिठास वाले विभाग में अपना खूंटा गाड़ दिया है। हिलाए नहीं हिल रहे हैं। भगवा सरकार के पहले टर्म में इस मिठास वाले विभाग के मंत्री पश्चिम के तेजतर्रार राणा जी थे। उस समय भी इस विभाग पर चचा का जलवा था। भगवा सरकार प्रदेश में फिर आई तो इस विभाग का मंत्री बदल गया। अब चौधरी जी आ गए हैं फिर भी महकमे में चचा का जलवा कायम है। होता वही है जो चचा चाहते हैं। मंत्री तो केवल नाम के चौधरी हैं। सही मायने में तो चाचा ही चौधरी हैं क्योंकि जो वो कहें वही सही है।

## चीफ की मीटिंग

आजकल चीफ साहब की मीटिंग का डर उनके अधीनस्थ अधिकारियों को बहुत सताने लगा है। उसकी वजह यह है कि साहब सुबह से लेकर रात 9 बजे तक मीटिंग करते हैं और फिर जब मीटिंग समाप्त होती है तब अधिकारी इतने पस्त हो जाते हैं कि बैठक में दिए गए निर्देश का अनुपालन कब और कैसे किया जाए इस को सोचकर वह चक्कर में पड़ जाते हैं। ऐसे ही एक अधिकारी जो कि गोपन विभाग में हैं उनके पास कैबिनेट की जरूरी फाइलों को निपटाने का जिम्मा है। वह चीफ साहब की मीटिंग को यह मानकर चलते हैं कि जो बैठक एक घंटे की निर्धारित है वह कम से कम डेढ़ घंटे में समाप्त होगी और वह अपने कमरे में सोते रहते हैं। जब रात के साढ़े आठ बजते हैं तब वह गोपन से जुड़ी सभी जरूरी फाइल लेकर चीफ साहब के कमरे में पहुंचते हैं और आलम यह है कि साहब तब भी मीटिंग करते रहते हैं। रात साढ़े नौ बजे जब मीटिंग समाप्त होती है तब वह गोपन से जुडी फाइल चीफ साहब से साइन करवाते हैं। शनिवार को भी चीफ साहब हाफ डे के बजाय फुल डे मीटिंग करते हैं। इस वजह से उनके विभाग से जुड़े सभी स्टाफ ऑफिसर और अन्य अनुभाग और डिप्टी सेक्रेटरी सभी को बैठना पड़ता है।

## जान में जान आयी

खाकी महकमे के मुखिया की दावत को लेकर चर्चाओं का बाजार गरम है। दावत के निहितार्थ तलाशे जा रहे हैं। पांच माह पूर्व महकमे का जिम्मा संभालने के बाद से अभी तक काफी रिजर्व रहने और मीडिया से दूरी बनाकर चलने वाले मुखिया का अचानक हृदय परिवर्तन हो गया और उन्होंने खबरनवीसों और मुख्यालय में तैनात आला अधिकारियों को मुख्यालय में दावत पर आमंत्रित कर दिया। पहले तो लोगों को विश्वास नहीं हुआ लेकिन फिर भी पहुंचना तो था ही। दावत में खाने पीने के व्यंजनों से ज्यादा चर्चा इसके आयोजन को लेकर लेकर होती रही। आधिकारिक तौर पर तो बहाना दीपावली पर्व का बताया गया लेकिन अंदरखाने से पता यह चला कि मुखिया अब मीडिया से अपने संबंध मधुर बनाने के प्रयास में है। वजह यह है कि उन्हें यह पद कार्यवाहक के तौर पर मिला हुआ है। उन्हें पहले तो उम्मीद थी कि आगे चलकर उन्हें ही स्थायी कर दिया जाएगा लेकिन बीच में भगवा सरकार की ओर से नए मुखिया के लिए वरिष्ठ अधिकारियों के नामों का पैनल आयोग को भेज दिया गया। जिससे कार्यवाहक मुखिया की चिंता बढ़ गई कि अब उन्हें हटा दिया जाएगा। इन्हीं सब उधेड़बुन में वह पांच माह से लो प्रोफाइल होकर काम कर रहे थे। अगले साल की शुरुआत में ही उनका रिटायरमेंट है। जानकारों का कहना है कि भगवा सरकार की ओर से अब उन्हें रिटायरमेंट तक पद पर बने रहने का आश्वासन मिल गया है। इसी के बाद अब वह अपनी बाकी बची पारी खुल के खेलने के मूड में आ गए हैं।

## विपक्ष की मुसीबत



शहर में निकाय चुनाव नजदीक आने के साथ सियासत भी तेज हो गयी। वार्डों के परीसीमन पर विपक्षी पार्टी ने सवाल उठाना शुरू कर दिया। नए परिसीमन से सपा सहित विपक्ष के कई पार्षदों की नेतागिरी खतरे में पड़ गयी है। उनका मानना है कि बीजेपी पार्षदों की लॉबिंग से कई अहम वार्डों को खत्म करने में मैडम सहित शासन के अधिकारी काम कर रहे हैं। नगर निगम से लेकर सड़क तक काना फूंसी सुनने को मिल रही हैं... सईयां भयो कोतवाल तो डर काहे का...लगातार परिसीमन में विपक्षी दिग्गज पार्षदों के वार्ड में दूसरे वार्डों की सेंधमारी जारी है जिस पर शासन और सत्ता का गठजोड़ सामने साफ देखा जा सकता है। सपा पार्षद दल नेता पहले भी परिसीमन पर सवाल खड़े कर चुके हैं। उन्होंने सदन की मुखिया से इसकी शिकायत भी दर्ज करायी। लेकिन बेचारे! विपक्षी पार्षदों की बात को कोई तवज्जो नहीं मिली। सदन की मुखिया सहित अधिकारी इसे महज चुनाव के दौरान होने वाले रूटीन कार्य बताकर पल्ला झाड़ रहे हैं। ऐसे में विपक्षी पार्षद मुखिया को एक्सीडेंटल मुखिया कहने से नहीं चूक रहे। कुछ भी हो बीजेपी पार्षदों का निकाय चुनाव में अपर हैंड माना जा रहा है, नगर निगम सदन में पहले से ज्यादा बीजेपी पार्षदों की संख्या होनी तय मानी जा रही है।

## खयाली पुलाव

पिछले कई चुनावो से फर्श पर रहने वाली पार्टी के पास ख्याली पुलाव का अंबार है। चाहे चुनावों का मौसम हो या चुनावी तैयारियां। पार्टी चौथी बार अपने नेता को शीर्ष गद्दी पर बैठाने के लिए ख्याली पुलाव बनाना नहीं भूलती है। उदाहरण के तौर पर ले लीजिए। जब होता तभी खबर आ जाती है कि ताश के पत्तों की तरह मंडल के कमण्डल बदल दिए गए हैं। अब जिन्हें जिम्मेदारी दी गई है वो पार्टी को जमीनी स्तर पर मजबूत करेंगे। नतीजे तो परिणाम आने के बाद पता चलते हैं कि कितनी या फिर किस तरह की तैयारियां थी। दूसरा उदाहरण लीजिए। पिछले कई साल से एक खास वर्ग को लुभाने में जुटी पार्टी ने अभी हाल ही में एक लम्बरदार को सदस्यता दी है। सदस्यता के मौके पर ही अकलियत समाज को जोड़ने की जिम्मेदारी भी दे दी। अब यह बात न तो पार्टी को समझ आती है और न ही नेता को। कितने साल हो गए। अभी भी अकलियत नहीं आई। तैयारी ही करनी है तो अपने बेस को मजबूत करें अन्यथा ख्याली पुलाव पकाने में कुछ लगता नहीं है। पकाते रहिये।

# दीपोत्सव के लिए दोगुना है वॉलंटियर्स का उत्साह

## स्वंयसेवकों ने राम की पैड़ी पर दीयों से उकेरा राम मंदिर का ढांचा

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ, अयोध्या





**दीपोत्सव** के लिए अयोध्या पहुंचे हजारों वॉलंटियर्स का उत्साह देखते ही बन रहा है। रविवार शाम को होने वाले इस महाउत्सव में पीएम मोदी और सीएम योगी की मौजूदगी को देखते हुए वॉलंटियर्स का उत्साह अभी से दोगुना हो गया है। इसी का नतीजा है कि दीयों को बिछाने में जुटे इन वॉलंटियर्स ने दीयों के जरिये राम मंदिर की आकृति ही उकेर दी है। देश के विभिन्न हिस्सों से आए इन वॉलंटियर्स ने 500 वर्ग मीटर आकार की राम मंदिर आकृति बनाई है जिसे दीयों से सजाया जा रहा है। दीपोत्सव कार्यक्रम के दौरान इन दीयों को जब प्रज्ज्वलित किया जाएगा तो राम मंदिर की एक जीवंत और मनोरम छवि सामने आएगी।

असिस्टेंट प्रोफेसर और बतौर टीम लीडर दीयों को बिछाने के कार्य मे जुटीं सरिता द्विवेदी की अगुवाई में राम मंदिर को ड्रा किया गया है। उन्होंने कहा कि यह बहुत हर्ष का विषय है कि प्रधानमंत्री मोदी इस बार दीपोत्सव का हिस्सा बनने जा रहे हैं। राम मंदिर शिलान्यास के बाद यह दूसरा मौका है जब वो अयोध्या आ रहे हैं। इसी खुशी में हमने 500 वर्ग मीटर में राम मंदिर उकेरा है। इसे दीयों से सजाया जाएगा। जब ये रौशन होगा तो 3डी की तरह उभरकर सामने आएगा। इसकी बेहद सुंदर छवि दिखाई देगी। यह लाखों भक्तों की इच्छा है कि राम मंदिर जल्द तैयार हो और हमारा प्रयास है कि हम पीएम और सीएम तक इसकी एक झलक पहुंचाएं। सिर्फ हिन्दू ही नहीं बल्कि कई मुस्लिम युवक और युवतियां भी वॉलंटियर्स के रोल में भूमिका निभा रहे हैं। इन्हीं में एक युवती और स्थानीय निवासी नाइजा खान ने कहा कि पीएम मोदी ।और सीएम योगी के आने से हमारा उत्साह भी दोगुना हो गया है। हम 5 साल से यहां दीये जला रहे हैं । ये हमारे लिए गर्व का विषय है कि हमें इस उत्सव में शामिल होने का मौका मिला। स्थानीय निवासी होने के कारण हमारी जिम्मेदारी है कि हम इसमें अपना सहयोग करे और अयोध्या को मनोरम बनाने का प्रयास करें। एक अन्य वालंटियर शेषमणि त्रिपाठी भी पूरे जोश के साथ अपनी टीम के साथ दीये लगाने में व्यस्त हैं। उन्होंने बताया कि दीये बिछाने का कार्य लगभग पूरा हो गया है। अब सिर्फ मेहमानों का इंतजार है। पीएम और सीएम की मौजूदगी से ये कार्यक्रम और भी भव्य हो गया है। एक साथ जब राम की पैड़ी पर 17 लाख दीये जगमगाएंगे तो इसकी रोशनी से सिर्फ अयोध्या और उत्तर प्रदेश ही नहीं पूरा संसार दीपोत्सव की आभा को महसूस करेगा।

### दीपोत्सव के साथ ही शुरू हुआ अयोध्या को संवारने का महाअभियान

लखनऊ। पवित्र सप्तपुरियों में से एक भगवान श्रीराम की नगरी अयोध्या का इतिहास सदा ही वैभवशाली रहा है। हालांकि युगों तक प्रचुर धन-धान्य से संपन्नए सुखी और समृद्धशाली अयोध्या ने वो कालखंड भी देखा है जब विदेशी आक्रांताओं ने धरती की अमरावती कही जाने वाली इस नगरी को हर प्रकार से लगभग नेस्तनाबूत करने की कगार तक पहुंचा दिया था। हजार साल की गुलामी का दौर खत्म होने और आजादी के दशकों बाद तक अयोध्या राजनीतिक रूप से तिरस्कृत ही रही। इसके बावजूद करोड़ों आस्थावान श्रीरामभक्तों के हृदय में अवधपुरी की जो त्रेतायुगीन गौरवमयी छवि बसी थी। उसे कभी ना कभी तो मूर्त रूप लेना ही था। और इस कार्य की शुरुआत हुई सन 2017 से जब उत्तर प्रदेश की बागडोर योगी आदित्यनाथ के हाथों में आयी। सहस्त्र वर्ष की पराधीनता के कारण धूमिल हुए अयोध्या नगरी के प्राचीन वैभव को दोबारा वापस लाना मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के सामने एक विशाल चुनौती थी। इस महान लक्ष्य की ओर अग्रसर होने का शुभारंभ योगी आदित्यनाथ ने दीपोत्सव के जरिए किया। दीपोत्सव जिसे प्रभु श्रीराम, माता जानकी और लक्ष्मण जी के वनवास से लौटने की स्मृति में योगी सरकार हर वर्ष दीपावली से ठीक एक दिन पहले आयोजित कराती है। अयोध्या में 2017 में दीपोत्सव की शुरुआत ही वो मील का पहला पत्थर है जिसके बाद प्रभु की नगरी संवरती ही जा रही है। अयोध्या में जहां एक ओर भव्य श्रीराम जन्मभूमि मंदिर का निर्माण कार्य चल रहा है वहीं इसके आस-पास के क्षेत्र को भी दिव्य रूप में विकसित करने की कवायद तेज हो गयी है। योगी सरकार लगभग 9 अरब रुपये की लागत से जन्मभूमि तक सुगम पहुंच के लिये सड़कों को चौड़ीए सुंदर और सुविधायुक्त बनाने की दिशा में तेजी से काम कर रही है। इसके लिये पहली किश्त के रूप में 107 करोड़ रुपये शासन की ओर से जारी भी कर दिये गये हैं। श्रीराम की नगरी अयोध्या के विकास को लेकर मोदी-योगी सरकार कोई कोर कसर छोड़ना नहीं चाहती। यहां मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम इंटरनेशनल एयरपोर्ट के निर्माण का कार्य काफी तेजी के साथ चल रहा है। एयरपोर्ट के फर्स्ट फेज का बजट 252 करोड़ रुपये है। इसके रनवे का बजट 98 करोड़ रुपये हैए जबकि टर्मिनल 56 करोड़ में तैयार किया जा रहा है। यहां पर एक बार में 300 पैसेंजर के आने.जाने की व्यवस्था की जा रही है। एयरपोर्ट की बिल्डिंग को अयोध्या में निर्माणाधीन श्रीराम जन्मभूमि मंदिर की तर्ज पर तैयार किया जा रहा है। मोदी-योगी की डबल इंजन सरकार के प्रयासों से अयोध्या में जहां अन्तरराष्ट्रीय एयरपोर्ट का निर्माण हो रहा हैए तो वहीं वर्ल्ड क्लास सुविधाओं से लैस रेलवे स्टेशन की सौगात भी जल्द अयोध्यावासियों को मिलने जा रही है। यह देश के सबसे खूबसूरत और आधुनिक सुविधाओं से संपन्न रेलवे स्टेशनों में से एक होगा।

# अयोध्या का दीपोत्सव रूस में भी जय श्रीराम



रूस के कलाकारों की रामलीला पर प्रस्तुति देखेगी राम की अयोध्या

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**भगवान** श्रीराम की अयोध्या के गौरव को दीपोत्सव के रूप में मान देने वाले गोरक्षपीठाधीश्वर योगी आदित्यनाथ ने विदेशों के कलाकारों को भी प्रभु राम के आदर्शों को जीवन में उतारने के लिये उनकी रामलीला को रामनगरी में वैश्विक मंच दिया। 2017 से शुरू हुए दीपोत्सव में विदेशी कलाकारों की रामलीला का भी अयोध्या और देशवासियों से साक्षात्कार कराया।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के इस प्रयास का विदेशी कलर मुक्तकंठ से प्रशंसा करते हैं। रूसी-भारतीय मैत्री संघ दिशा के तत्वावधान में पद्मश्री गेनादी पेचनिकोव मेमोरियल रामलीला अयोध्या के दीपोत्सव मंच पर होगी। 12 कलाकारों की टीम यहां मंचन करेगी। रामलीला के निर्देशक व निर्माता डॉ रामेश्वर सिंह ने बताया कि रूस में 1960 से रामलीला काफी वृहद स्तर पर की जा रही है। रूस की रामलीला वहां के रंगमंच के कलाकारों के लिए आस्था का केंद्र है। कलाकारों की मानें तो वे राम के चरित्र से प्रेरणा लेकर ही निरंतर बढ़ रहे हैं। उन्होंने राम को आदर्शों की जिया है। रूस की रामलीला में इलदार खुसनुललीन मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम की भूमिका निभाएंगे। मिलाना बयचोनेक मां सीता, नादेजदा सिंह कौशल्या, रती कोसिनोवा सुमित्रा, मर्गरीता कोसिनोवा बानर, गुलनारा इसकाकोवा कैकेयी, अलेक्सी फ्लेयजनिकाव लक्ष्मण, वयचीसलाव चेरन्याश रावण की भूमिका निभाएंगे। कुशनेरोवा दारिया हनुमान व भरत, देनिश शेवतसोव दशरथ व आर्टेम जुबकोव सुग्रीव के किरदार में अभिनय करेंगे।

सह निर्देशिका अलेक्सांद्रा कोनेवा ने बताया कि रूस की रामलीला में सीता स्वयंवर, राम का अयोध्या में स्वागत, कैकेयी का वर मांगना, राम-लक्ष्मण व सीता का वनगमन, सीता हरण, राम हनुमान भेंट, लंका में सीता, हनुमान जी का लंका जाना, राम-रावण युद्ध, राम-सीता का पुनर्मिलन व अयोध्या वापसी का मंचन कलाकार करेंगे।

## शाताब्दी वर्ष तक अवध के हर गांव में शुरू होगा संघ कार्य

**लखनऊ।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ अवध प्रान्त ने आगामी संघ शताब्दी वर्ष तक हर गांव में संघकार्य पहुंचाने का लक्ष्य लिया है। यह बात शनिवार को विश्व संवाद केंद्र जियामऊ में आयोजित प्रेसवार्ता में प्रान्त कार्यवाह प्रशांत शुक्ला ने कही। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की अखिल भारतीय कार्यकारी मंडल की बैठक 16 से 19 अक्टूबर तक प्रयागराज में आयोजित में अवध प्रान्त के द्वारा यह लक्ष्य लिया गया है कि 2025 से पहले 300 से ज्यादा शताब्दी विस्तारकों के द्वारा हर मंडल स्तर तक शाखा एवं सभी गावों में संघ कार्य का विस्तार करने का कार्य पूर्ण किया जाएगा। कार्यकारी मंडल की बैठक में देशभर के सभी प्रान्तों की कार्ययोजना की समीक्षा के साथ साथ आगामी कार्य विस्तार के लक्ष्य को हासिल करने के लिए नवीन विस्तारक, कार्यकर्ताओं की योजना, प्रवास योजना आदि पर चर्चा हुई। संघ अपनी स्थापना के शताब्दी वर्ष में बहुत से आयामों, गतिविधियों के माध्यम से कार्य को गति प्रदान करते हुए देश के नवोत्थान के काम में लगा हुआ है । भारत, भारतीय संस्कृति जिसने सम्पूर्ण विश्व का नेतृत्व किया है,संघ समाज की सज्जन शक्ति को संगठित कर पुन: देश के आत्मगौरव, देशभक्ति, राष्ट्रभाव के पुनर्जागरण के लिए कृतसंकल्पित है । समाज को सभी क्षेत्रों में आत्मनिर्भरता की ओर ले जाने के प्रयत्न को हम सबको मिल-जुलकर करना होगा । देश को आत्मनिर्भर बनाने के लिए शासन प्रशासन जनप्रतिनिधि एवं समाज को अपने अपने कर्तव्यों का विचार पूर्वक निर्वहन करना होगा।

# राज्यपाल से मिलकर गणमान्य नागरिकों व वरिष्ठ अधिकारियों ने दी दीपावली की बधाइयां



**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

● राजभवन के चतुर्थ श्रेणी व आउटसोर्सिंग कर्मियों को आनंदीबेन ने भेंट किए उपहार

**दीपावली** के पावन पर्व पर शनिवार को राज्यपाल आनंदीबेन पटेल से प्रदेश के मंत्रियों, गणमान्य नागरिकों वरिष्ठ प्रशासनिक एवं पुलिस अधिकारियों ने भेंट कर उन्हें बधाइयां दी। राज्यपाल से मिलकर बधाई देने वालों में नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री अरविन्द कुमार शर्मा, आयुष राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार दया शंकर मिश्र दयालु, कारागार एवं होमगार्ड्स राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार धर्मवीर प्रजापति, वन एवं पर्यावरण राज्यमंत्री केपी मलिक, पूर्व मंत्री महेन्द्र सिंह, महापौर लखनऊ संयुक्ता भाटिया, मुख्यमंत्री के सलाहकार अवनीश अवस्थी, ख्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. एनबी सिंह तथा पत्रकारों सहित बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक शामिल थे। इससे पूर्व राज्यपाल से प्रमुख सचिव कल्पना अवस्थी सहित राजभवन के समस्त अधिकारियों, कर्मचारियों एवं बच्चों ने भेंट कर दीपावली की बधाइयां दी।

इस अवसर पर राज्यपाल ने राजभवन में कार्यरत चतुर्थ श्रेणी एवं आउटसोर्सिंग कर्मियों को दीपावली के उपलक्ष्य में उपहार एवं मिष्ठान वितरित कर उन्हें बधाई दी तथा सभी के मंगलमय जीवन की कामना की। अपने सम्बोधन में राज्यपाल ने कहा कि दीपावली आस्था एवं विश्वास के साथ-साथ स्वच्छता का संदेश लेकर आती है। इसलिए हमें संकल्प लेना चाहिए कि हम एकता, अखण्डता एवं भाईचारे की भावना से कार्य करते हुए अपने प्रदेश एवं देश को स्वच्छ, स्वस्थ एवं समृद्ध बनाने के लिए पूरी निष्ठा एवं लगन से कार्य करेंगे।

उन्होंने कहा कि जब हम बड़ी सोच लेकर आगे बढ़ेंगे तभी परिवार, समाज व देश आगे बढ़ेगा। हमारे बच्चों में ग्राहयता शक्ति अधिक होती है। वे देखकर बहुत जल्दी सीखते हैं। अत: बड़ों को कोई भी ऐसा गलत कार्य नहीं करना चाहिए जिसे देखकर बच्चे भी गलत सीखें।

# प्रदेश में पूरी तरह से नियंत्रण में है डेंगू का संक्रमण: ब्रजेश पाठक

● सभी चिकित्सालयों व मेडिकल कालेज में डेंगू मरीजों के लिए अतिरिक्त बेड की व्यवस्था

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**प्रदेश** के उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने कहा कि प्रदेश में डेंगू का संक्रमण पूरी तरह से नियंत्रण में है। इसको लेकर आमजन को किसी भी प्रकार का पैनिक होने की आवश्यकता नहीं है। उन्होंने कहा कि सभी लोग डेंगू के बचाव के लिए जारी आवश्यक सावधानियां जैसे-पूरी आस्तीन के कपड़े पहनना, मच्छरदानी का प्रयोग करना, अपने आसपास सफाई एवं जल जमाव न होने देना एवं मच्छर काटने से बचाव करना आदि का पालन करें। उन्होंने बताया कि प्रदेश में इस वर्ष अब तक 4801 डेंगू के मरीज सूचित हुए हैं जबकि गत वर्ष इस अवधि तक 17729 केस संसूचित हुए थे। उन्होंने कहा कि प्रदेश के सरकारी चिकित्सालयों में डेंगू के उपचार के लिए पर्याप्त दवाइयां, बेड्स एवं आवश्यक अन्य संसाधन उपलब्ध हैं। उपमुख्यमंत्री शनिवार को विधानसभा स्थित अपने कार्यालय कक्ष में चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ प्रदेश में डेंगू एवं अन्य संचारी रोगों के नियंत्रण एवं रोकथाम की समीक्षा कर रहे थे। उन्होंने बताया कि प्रदेश के सभी ब्लॉक स्तरीय चिकित्सालयों में 5 से 10 बेड्स, जनपद स्तरीय चिकित्सालयों में न्यूनतम 10 से 30 बेड्स डेंगू रोगियों के लिए आरक्षित किए गए हैं। इसके साथ ही बड़े जनपदों तथा मेडिकल कालेजे में भी अतिरिक्त बेड्स की व्यवस्था की गई है। डेंगू मरीजों के उपचार के लिए, सभी चिकित्सालयों में आवश्यक दवाइयां, एलिजा विधि द्वारा डेंगू जांच के लिए पर्याप्त व्यवस्था के साथ-साथ जनपदों में रक्त तथा रक्त उत्पादों की पर्याप्त व्यवस्था है।

उपमुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश की स्वास्थ्य व्यवस्था को सर्वोत्तम स्वास्थ्य व्यवस्था बनाने के लिए जिन आवश्यक संसाधनों की आवश्यकता है उन्हें प्रदेश सरकार द्वारा उपलब्ध करायी जा रही है। चिकित्सालयों को अत्याधुनिक मशीनों और उपकरणों से लैस किया जा रहा है।

# मंडलायुक्त ने सड़क मरम्मत के कार्यों को युद्ध स्तर पर कराने के दिए निर्देश

● निगरानी के लिए गठित की कमेटी, 15 दिनों में तलब की रिपोर्ट

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**मंडलायुक्त** रोशन जैकब द्वारा शहर की स्मार्ट सड़कों और चौराहों के सौंदर्यीकरण के लिए बैठक की गई। निर्माणाधीन 12 स्मार्ट सड़कों व 12 नोड्स के कार्यों की समीक्षा के लिए समिति का गठन किया गया है। गठित समिति ही स्मार्ट्स सड़कों के कार्यों का निरीक्षण कर कार्य की गुणवत्ता, कार्य निर्धारित समय पर होने आदि की जांच भी करेगी। वहीं, मंडलायुक्त द्वारा 15 दिनों में समिति से रिपोर्ट भी तलब की है।

बैठक में नगर आयुक्त इंद्रजीत सिंह, अपर नगर आयुक्त पंकज सिंह, अपर नगर आयुक्त अभय पांडे, मुख्य अभियंता नगर निगम, लोक निर्माण विभाग के संबंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे। मंडलायुक्त ने बताया कि लखनऊ स्मार्ट सिटी द्वारा निर्माणाधीन 12 स्मार्ट सड़कों व 12 नोड्स के कार्यों की समीक्षा के लिए समिति का गठन किया गया है। जिसमें मुख्य अभियन्ता एलडीए, अधीक्षण अभियंता लोक निर्माण विभाग, मुख्य अभियन्ता सिविल, नगर निगम मौजूद रहे । उन्होंने बताया कि गठित समिति द्वारा स्मार्ट सड़कों व नोड्स के कार्यों का निरीक्षण कर कार्य की गुणवत्ता, कार्य निर्धारित समय के अनुसार हो रहा है और डीपीआर के अनुरूप है, इसकी जांच करेगी। इसके अतिरिक्त सड़कों का ड्रेनेज नेटवर्क, मेनहोल की स्थिति व सड़क के सरंखण आदि के कार्य की भी समिति द्वारा समीक्षा की जायेगी। इस समिति के समन्वयक पंकज सिंह, अपर नगर आयुक्त, नगर निगम, लखनऊ होंगे। यह समिति जांचोपरान्त 15 दिवस में अपनी रिपोर्ट मंडलायुक्त को उपलब्ध कराएंगे। बैठक के दौरान सख्त निर्देश देते हुए कहा कि फुटपाथ के निर्माण कार्य में कहीं अनियमितता न रहे, कुछ जगह ड्रेन बना नहीं है और कुछ जगह ड्रेनेज पर स्लोप ही नहीं है इस कार्य को प्राथमिकता पर कराएं। इसमें किसी प्रकार की लापरवाही क्षम्य नहीं है। मंडलायुक्त ने कहा कि शहर के 12 चौराहों का सुंदरीकरण का कार्य जिस कंपनी के द्वारा कराया जा रहा है उसके द्वारा एक-एक चौराहे का कार्य पूर्ण होने के उपरांत संबंधित कंपनी का भुगतान किया जाए। मंडलायुक्त ने सख्त निर्देश देते हुए कहा कि सड़क के गुणवत्ता में किसी प्रकार की कमी न होने पाए और सड़कों के मरम्मत के कार्य को प्राथमिकता के आधार पर कराएं। नाले के ढक्कन जो टूटे हुए हैं उससे अभियान चलाकर 2 दिन में सही करा लिया जाए।

### बाजारों में दिखी रौनक, पुरूषों और महिलाओं ने की खरीदारी

# धनतेरस पर बाजार गुलजार, करोड़ों का कारोबार

**● बाजार में पुलिस रही मुस्तैद, नहीं हुई कोई अनहोनी**

संवाददाता। सीतापुर

**सीतापुर में** धनतेरस पर बाजार गुलजार दिखाई पड़े। दुकानदार अपनी दुकानों को सजा कर ग्राहकों को अपनी ओर लुभाने का प्रयास कर रहे हैं। दुकानदार लुभावने ऑफर देकर ग्राहकों को रिझा रहे हैं। सड़कों और बाजार में लोगों की भीड़ देखने को मिल रही है। वहीं कुछ दुकानों पर सन्नाटा पसरा है। धनतेरस के शुभ मुहूर्त को लेकर लोग असमंजस में हैं। कुछ लोग शनिवार शाम से धनतेरस के मानने की सोच रहे हैं, जबकि कुछ लोग उदय तिथि के चलते रविवार को धनतेरस मनाने की बात कह रहे। पुलिस ने धनतेरस के चलते शहर में सुरक्षा व्यवस्था के कड़े इंतजामात किये हैं। साथ ही पुलिस के उच्चाधिकारी स्वयं ही सड़क पर उतरकर ग्राहकों की सुरक्षा में लगे हुए हैं। धनतेरस पर लोगों ने गाड़ियों और इलेक्ट्रॉनिक







सामानों की बुकिंग तो कर दी है, लेकिन शनिवार के चलते उसे लेने में परहेज कर रहे हैं। बाइक शोरूम से मिले आंकड़ों के मुताबिक अभी तक कुल 400 गाड़ियों की बुकिंग हो चुकी है। इसी तरह कार शोरूम में भी लोग बुकिंग करा चुके हैं। व्यापारियों के मुताबिक इस बार बाजार हल्के हैं, लेकिन तकरीबन 1 करोड़ का व्यापार होने की संभावना है। पंडित आशीष शास्त्री का कहना है कि धनतेरस के शुभ मुहूर्त के मुताबिक शनिवार शाम 5 बजकर 17 मिनट से इसका मुहूर्त शुरू हो रहा है। कल शाम 4 बजकर 37 मिनट तक मुहूर्त रहेगा। इसलिए जो लोग उदय तिथि में त्योहार मनाते हैं, वह कल खरीदारी कर सकते हैं। जो शनिवार को करना चाहता हैं, वह शाम से खरीदारी कर सकते हैं।

# हरगांव के व्यापारियों में पनप रहा आक्रोश, सौंपा गया ज्ञापन

संवाददाता। सीतापुर

**● हरगांव ईओ की कार्यषैली के खिलाफ व्यापारियों में आक्रोश**

**● सीएम, मंत्री, डीएम को व्यापारियों ने भेजा ज्ञापन**

**● हरगांव ईओ अरविन्द सिंह को तत्काल हटाए जाने की उठाई मांग**

**नगर पंचायत** हरगांव के अधिशासी अधिकारी अरविन्द सिंह की कार्यशैली के खिलाफ व्यापारियों में आक्रोश तेज होता जा रहा है। शुक्रवार को नगर के व्यापारियों ने उद्योग व्यापार मंडल के बैनर तले ईओ अरविन्द सिंह को तत्काल हटाए जाने की एक स्वर से मांग की और डीएम को संबोधित एक ज्ञापन नगर पंचायत हरगांव चेयरमैन गफ्फार खां को सौंपा। दरअसल दो दिन पूर्व ईओ ने व्यक्तिगत रूप से दुकानदारों को लक्ष्य बनाकर अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की मंशा से जेसीबी के साथ मुख्य बाजार जा पहुंचे। दीपावली पर्व से पूर्व पर अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई से व्यापारियों में उबाल आ गया। बिना किसी सूचना के अतिक्रमण हटाने का व्यापारियों ने जमकर विरोध किया। व्यापारियों को उग्र होता देख अधिशाषी अधिकारी ने अतिक्रमण कार्रवाई शुरू होने से पहले ही वापस हो लिए। व्यापारियों का कहना है कि पूरे नगर क्षेत्र में जगह-जगह लगे कूडे के ढेर व नाली चोक होने के कारण जलभराव को देखा जा सकता है। व्यापारियों ने चेतावनी दी है कि अगर अधिशाषी अधिकारी को यहां से हटाया नहीं गया तो समस्त व्यापारी अपनी-अपनी दुकानें अनिश्चित समय के लिए बंद करने को बाध्य हो जायेंगे। जिसको लेकर व्यापारियों ने ज्ञापन की एक कांपी मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ एवं कारागार राज्यमंत्री सुरेश राही को भेजा है। ज्ञापन देने के समय व्यापारी अजमुद्दीन सिद्दीकी, खुशवीर सिंह, अमित कुमार जोशी, सौरभ जोशी, दयाराम शाह, सोनू, मनोज गुप्ता, विजय कुमार रस्तोगी, अशोक मिश्र, देवेन्द्र सिंह चावला, रमेश कुमार थापर, पंकज खन्ना, वसी अहमद, विवेक सेठ आदि व्यापारी मौजूद रहे।

# सजा से बचने के लिए बच्चों से अपने ऊपर चलवाई थी गोली, गिरफ्तार

संवाददाता। बरेली

**अपने ऊपर** गोली चलवा ने का फर्जी कहानी गढ़ने की कीमत एक व्यक्ति को बहुत भारी पड़ी है पुलिस ने इस संबंध में दो बाल अपचारियों को भी गिरफ्तार किया है थाना फतेहगंज पश्चिमी पुलिस को सूचना मिली कि नगर पंचायत की बिल्डिंग के पीछे स्कूटी सवार दो अज्ञात व्यक्तियों ने किसी को गोली मारी है जिस व्यक्ति के गोली लगी है उसका नाम आशीष शर्मा पुत्र कुंज बिहारी शर्मा निवासी मोहल्ला ठाकुरद्वारा है उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया यह घटना 18 अक्टूबर 2022 की है घायल आशीष शर्मा की पत्नी करुणा शर्मा ने पुलिस में लिखित शिकायत की और इस संबंध में रवि सिंह पवन उर्फ कल्लू और राहुल पुत्र वीरपाल निवासी ठाकुरद्वारा के खिलाफ थाना फतेहगंज पश्चिमी में मुकदमा पंजीकृत किया गया विवेचना अधिकारी दरोगा ललित सिंह द्वारा जब मामले की गहन छानबीन की गई तो उन्होंने वाहन चेकिंग के दौरान दो बाल अपचारी पकड़े और उनसे गहन पूछताछ की गई तो उन्होंने बताया कि आशीष शर्मा ने उनसे बचाते हुए गोली मारने को कहा था और बताया था कि इस तरीके से गोली मारना कि मेरे नुकसान ना हो मेरे ऊपर 307 का मुकदमा चल रहा है मुझे सजा हो सकती है और मैं इस कांड में रवि पवन और राहुल का नाम ले दूंगा और यह लोग बाद में उसे फैसला कर लेंगे और में बच जाऊंगा आशीष शर्मा द्वारा गढ़ी गई कहानी के आधार पर दो बाल अपचारी होने आशीष शर्मा को बचाते हुए गोली मारी आशीष शर्मा कर दिए थे प्रेस वार्ता में बताया कि सारी कहानी आशीष शर्मा ने स्वयं रची थी और इसमें दो बाल अपचारी को अरेस्ट कर लिया आशीष शर्मा के खिलाफ थाने में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है और दो बाल अपचारी को न्यायालय में पेश किया जा रहा है।

## धर्मशाला में मिली बुजुर्ग की लाश हत्या की जताई आशंका

**बरेली** । रात के समय एक धर्मशाला मैं सोने वाले बुजुर्ग की लाश आज सुबह बंद शटर के अंदर बिस्तर पर पाई गई मृतक के शरीर पर चोट के निशान थे घर वालों ने हत्या की आशंका जताते हुए पुलिस से शिकायत कर दी कुछ देर बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा और मामले की जांच शुरू कर दी। सुभाष नगर थाना क्षेत्र के करगेना स्थित बालाजी मंदिर के पास रहने वाले 50 वर्षीय राजेंद्र मौर्य की लाश आज सुबह घर से कुछ ही दूरी पर सड़क किनारे स्थित ठाकुर दास की धर्मशाला के एक बंद कमरे में चारपाई पर पड़ा मिला मृतक के शरीर पर चोट के निशान से पोस्टमार्टम हाउस पर मौजूद मृतक के घर वालों ने बताया कि राजेंद्र मौर्य धर्मशाला के पास गली के किनारे ठेले पर चाय बेचते थे और पास में ही रात के समय धर्मशाला के कमरे में सोते थे कल शाम को भी भी रोजाना की तरह खाना खाकर सोने के लिए धर्मशाला गए थे जहां पर एक कमरे में शटर गिरा कर सोते थे रात के समय किसी ने उनकी हत्या कर दी और सुबह होने पर जब वह सोकर घर नहीं पहुंचे तो घर के लोग उन्हें जगाने के लिए धर्मशाला पहुंचे लेकिन काफी खटखटाने के बाद भी कमरे का शटर नहीं खुला तो पीछे के एक मकान पर चढ़कर घरवालों ने देखा कि धर्मशाला के कमरे में चारपाई पर लगी मच्छरदानी के अंदर राजेंद्र की लाश पड़ी हुई है उनके शरीर पर जगह-जगह चोट के निशान है घटना की जानकारी घरवालों ने पुलिस को दी कुछ देर बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा और मामले की जांच शुरू कर दी घर वालों ने किसी भी रंजीश से इंकार कर दिया मृतक की पत्नी का नाम सुदामा देवी है वह दो बच्चों का पिता था।

# दीपोत्सव को लेकर बोले कुम्हार, पहले जैसा नहीं रहा अब व्यापार!

संवाददाता। सीतापुर

**● दीपोत्सव के पहले कुम्हार, उद्योग को लगा रहे पंख**

**● मिट्टी के दीपों को बनाने का कुम्हारों का सिलसिला जारी**

**● आधुनिकता की भेंट चढ़ा दीए का व्यवसाय**

**● पैतृक व्यवसाय को छोड़ने के लिए मजबूर कुम्हार**

**दीपावली पर्व** को लेकर हर तरफ तैयारियां तेज हो गई है। बाजार में गणेश लक्ष्मी की प्रतिमाओं के साथ आर्टिफिशियल रंगोली फूल पत्ती के साथ रंग पेंट की दुकानें भी सज गई हैं वहीं दूसरी ओर गांव से लेकर शहर तक मिट्टी के दीया खिलौने बनाने में जुटे कुम्हारों के चाक की रफ्तार भी तेज हो गई है। हर तरफदीपोत्सव को लेकर उत्साह देखा जा रहा है, दीपावली का पर्व नजदीक आते ही कुम्हारो के चाक की रफ्तार तेज हो जाती है, रोशनी के इस त्योहार पर वह मिट्टी के दीए व खिलौने बनाकर अच्छी कमाई करने का प्रयास करता है। उनके इस काम में पूरा परिवार लग जाता है और मिट्टी के दीए में तेल व घी का दीपक जलाना पर्यावरण की दृष्टि से महत्वपूर्ण भी बताया गया है। लेकिन इस आधुनिकता की चकाचौंध में प्लास्टिक के बर्तनों के प्रचलन, बिजली के रंग-बिरंगी झूमर व मोमबत्ती ने इन पर कब्जा कर लिया है। लेकिन आज भी दीपावली में बच्चों की पसंद मिट्टी के बने गुल्लक और खिलौने होते हैं, कारीगर बच्चों को आकर्षित करने के लिए सामान्य गुल्लक के साथ ही डिजाइनर खिलौने भी बना रहे हैं। आधुनिकता के युग में बाजारों में चाइनीज दीए के दीपों का बोलबाला है जिससे कुम्हारों द्वारा बनाए गए मिट्टी के दीयों की मांग कम हो गई है। कुम्हारों का मूल व्यवसाय जिससे उनके ऊपर रोजी-रोटी का संकट उत्पन्न हो गया है, युवाओं का अपने मूल व्यवसाय से मोहभंग हो रहा है अधिकांश युवा अपने पूर्वजों द्वारा प्रचलित मिट्टी के बर्तनों का व्यवसाय नहीं करना चाहते है और कुछ यही काम कर रहे और सरकार से मांग भी करते है। इसी को लेकर आई इंडिया से मिश्रिख के करियाडीह निवासी मोनू ने बताया यह मेरी पुश्तैनी धंधा है, पहले मेरे पिताजी मिट्टी के बर्तन बनाते थे अब हम बनाते है, लेकिन इस ओर सरकार को थोड़ा ध्यान देना चाहिए तो हम सभी को राहत मिल सके। नईबस्ती निवासी संतराम, सुनील ने कहा कि अब इस काम में मेहनत बहुत होती है और मुनाफा नहीं हो पाता है जिससे दिक्कते आती है।

## विवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत

**बरेली** ।विवाह के लगभग डेढ़ साल बाद एक महिला की प्रसव के कुछ दिन बाद संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई मृतका के मायके वालों ने हत्या की आशंका जताई पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज कर मामले की जांच शुरू कर दी। भुता थाना क्षेत्र के गांव मकराना निवासी रिंकू लाल की 22 वर्षीय पत्नी ममता की बीती रात इलाज के दौरान एक निजी अस्पताल में मौत हो गई पोस्टमार्टम हाउस पर मौजूद मृतका के मायके वालों ने बताया कि भुता के गांव ककर कलां निवासी द्वारका प्रसाद ने पिछले साल 21 मई को अपनी बेटी ममता का विवाह रिंकू लाल से किया था और इस साल 2 अक्टूबर को ममता ने सामान्य प्रसव के बाद एक बेटी को अस्पताल में जन्म दिया था ।

# नकली छेने रसगुल्ले पिकप से बरामद

**● खाद्य निरीक्षक ने पिकअप को कोतवाली लाकर लिया कब्जे में**

**मोहम्मदी-खीरी।** सैंपल उप जिलाधिकारी व खाद्य निरीक्षक में रसगुल्ला को किया नष्ट,जानकारी के अनुसार शाहजहांपुर से मिलावटी छेने व रसगुल्ले बड़े पैमाने पर मोहम्मदी मिठाई की दुकानों पर दीपावली के अबसर पर बेचने लाऐ गये जिसको एक बरबर चौराहे पर एक मिठाई दुकानदार को उतार कर दूसरे को देने जा रहे थे। तभी खाद्य निरीक्षक के निर्देश पर पुलिस ने अपने कब्जे में पिकअप को लिया और कोतवाली लाया गया, यहां खाद्य निरीक्षक जावेद अख्तर ने रसगुल्ले का सैंपल लिया और उप जिलाधिकारी पंकज श्रीवास्तव के साथ गोमती के किनारे एक गड्ढे में 16 पदों को नष्ट कराया। पीपे फूड इंस्पेक्टर के कहने पर पुलिस द्वारा द्वारा पकड़े गए जिसमें 15 पीपे कार्यवाही करते हुए नष्ट कराया गया। वहीं जहां दुकानदार को 15 पीपे छेने दिऐ थे जानकारी होने पर दुकान बद कर भाग गया। रसगुल्ले बनाने वाले से बात करने पर पता चला की हमारे द्वारा मोहम्मदी-बरवर रोड स्थित दुकानदार के छेने ऑर्डर पर तैयार किए गए थे जिस की सप्लाई देने कल रात उसकी दुकान पर पहुंचा जहाँ 15 पीपे उतारे गये। मोहम्मदी नगर मे मिलावटी मिठाई, पनीर और खोया बडे पैमाने पर बेचा जा रहा है।



# गर्भावस्था के दौरान टीबी के जोखिम से बचें

**लखीमपुर खीरी।** गर्भावस्था के दौरान पोषण के प्रति पूरी तरह से सतर्क रहना जरूरी है, क्योंकि इम्यूनिटी कमजोर पड़ने से टीबी समेत कई बीमारियों के घेरने का जोखिम बना रहता है। इसका असर बच्चे पर भी पड़ सकता है। इसलिए गर्भवती को संतुलित एवं पौष्टिक आहार का सेवन करना चाहिए साथ ही शरीर में हो रही हर छोटी-बड़ी समस्या के प्रति सचेत रहना चाहिए। इससे मां और गर्भ में पल रहा शिशु दोनों ही सुरक्षित रहेंगे। जिला क्षय रोग अधिकारी/अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. अनिल गुप्ता ने बताया कि गर्भवती का वजन कम होना, थकान व सांस फूलना, दो हफ्तों से ज्यादा खांसी और बुखार बना रहना, बलगम में खून आना, खांसते या सांस लेते समय सीने में दर्द होना और सोते समय पसीना आना टीबी के लक्षण हो सकते हैं। यदि गर्भवती टीबी से ग्रसित है तो उसके गर्भनाल में संक्रमण, श्वसन, लिवर की समस्या हो सकती है।

# दादी-दादा संग दीपावली उत्सव मनाकर खिल उठे बच्चों के चेहरे

**लखीमपुर-खीरी।** सेठ एम आर जयपुरिया स्कूल लखीमपुर में बच्चों ने दादी दादा के साथ, नानी नाना के साथ विभिन्न गतिविधियां करके दीवाली मनाई। कक्षा प्ले ग्रुप से कक्षा 2 तक के बच्चे अपने दादा दादी संग दिवाली उत्सव में सम्मिलित हुए। कार्यक्रम का प्रारम्भ दीप प्रज्वलन के संग हुआ। छोटे छोटे बच्चों द्वारा प्रस्तुत नृत्य और गीत ने कार्यक्रम में चार चाँद लगा दिए। कार्यक्रम आकर्षण का केंद्र दादा दादी द्वारा खेले गए खेल रहे जिनमे सभी ने उतसाह के साथ प्रतिभाग किया। इसके साथ ही सभी वरिष्ठ अतिथियों ने अपने बचपन की दीवाली के अनुभव साझा किए। अद्विक के दादा जी एवम अगम्य तथा अनायशा की दादी द्वारा प्रस्तुत नृत्य मनमोहक रहे। वर्णित, पृथ्वी, धृति, कुशाग्र आदि के दादा दादी एवं नाना नानी ने कार्यक्रम में बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया।दीवाली के अवसर पर बच्चो के लिए रंगोली बनाओ और दिए सजाओ प्रतियोगिता



का आयोजन किया गया। इस अवसर पर आयोजित की गई इंटर हाउस खेल प्रतियोगिताओं में बच्चो ने बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया। जिनमे खो- खो, बैडमिंटन, शतरंज और टेबल टेनिस प्रतियोगिता प्रमुख रही। इस अवसर पर प्रधानाचार्य शालिनी सचान ने कहा कि वे सभी वरिष्ठ अतिथियों को समक्ष पाकर धन्य है। आपके अनुभव हमारे बच्चो के लिए अनमोल है और आप सभी हमारे बच्चों में संस्कृति की विरासत बनाए रखें जो भारत की पहचान है।आपके अनुभव हमारे बच्चो के लिए अनमोल है। इस अवसर पर ओम फाउंडेशन की अध्यक्ष प्रियंका गुप्ता ने सभी को दिवाली की हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए विद्यालय परिवार के साथ जुड़ने के लिए बहुत-बहुत धन्यवाद प्रस्तुत किया। विद्यालय के प्रबंधक आशीष गुप्ता ने सभी को दिवाली की शुभकामनाएं दी और सुरक्षित दीपावली मनाने का संदेश दिया।

# बजाज हिंदुस्तान शुगर लिमिटेड में किया गया बॉयलर पूजन



**गोला गोकर्णनाथ-खीरी।** बजाज हिंदुस्थान की स्थानी चीनी मिल मे बॉयलर पूजन मिल के वरिष्ठ महाप्रबंधक इंजीनियरिंग केके तिवारी एवं यूनिट हेड जितेंद्र सिंह जादौन ने वैदिकमंत्रोउच्चारण के साथ हवन पूजन करके किया। इस अवसर पर पीसी गुप्ता, जितेंद्र साहनी, पियूष मिश्रा, अवधेश मिश्रा, जीएस जोशी, धर्मेंद्र सचान, किशन गुप्ता, जीबी सिंह, बद्री विशाल सिंह, रितेश दुबे, शिवाकांत बाजपेई, गोपाल जयसवाल, अन्य अधिकारियों एवं कर्मचारियों तथा श्रमिक यूनियन के पदाधिकारियों ने हवन में आहुतियां डाली। इस अवसर पर नगर के गणमान्य पत्रकार उपस्थित रहे। पूजन हवन श्री लक्ष्मी नारायण मंदिर के पुजारी दयानंद पांडे द्वारा कराया गया। हवन की अग्नि बॉयलर में डालकर बॉयलर का शुभारंभ किया। तदुपरांत सभी को प्रसाद वितरित किया गया।

# पेज एक का शेष

## 75 हजार...

सच है कि वैश्विक स्थिति बहुत अच्छी नहीं है। कई बड़ी अर्थव्यवस्थाएं संघर्ष कर रही हैं। कई देशों में महंगाई और बेरोजगारी जैसी समस्याएं चरम पर हैं। उन्होंने कहा कि किसी को नहीं लगता कि सदी में एक बार आने वाली ऐसी महामारी के दुष्प्रभाव 100 दिन में दूर हो जाएंगे। मोदी ने कहा कि इसके बावजूद, भारत इन समस्याओं से प्रभावित होने से बचने के लिए नई पहल कर रहा है और कुछ जोखिम उठा रहा है। प्रधानमंत्री ने कहा कि यह इसलिए संभव हुआ, क्योंकि उनकी सरकार ने उन कमियों को दूर किया, जो अर्थव्यवस्था के लिए बाधा थीं। मोदी ने कहा कि सरकारी विभागों की दक्षता कई गुना बढ़ गई है और भारत पिछले आठ वर्षों में 10वीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था से छलांग लगाकर अब दुनिया में पांचवें स्थान पर पहुंच गया है। उन्होंने रोजगार के अवसरों को बढ़ावा देने के लिए विनिर्माण, बुनियादी ढांचे और पर्यटन क्षेत्रों को बढ़ावा देने समेत सरकार द्वारा उठाए गए विभिन्न कदमों का हवाला दिया।

## प्रधानमंत्री ने...

को मुफ्त बिजली जैसी अपनी योजना को सरकार की जिम्मेदारी बताया था। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता अशोक गहलोत जैसे लोगों ने केंद्र की मुफ्त राशन योजना को रेवड़ी करार दिया था। मोदी मध्य प्रदेश के सतना में प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण योजना के करीब 4.51 लाख लाभार्थियों के गृह प्रवेश कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। इस मौके पर मोदी ने कहा कि एक समय था जब केवल जिनके पास साधन थे, वे ही धनतेरस मनाते थे। अब देश के गरीब लोग भी अपने घरों में गृह प्रवेश का चिन्ह लगा रहे हैं। उन्होंने कहा कि केवल मध्य प्रदेश में इन घरों के निर्माण पर 22,000 करोड़ रुपये खर्च किए गए, जबकि देश भर में 3.5 करोड़ परिवारों के सपने अब तक पूरे हुए हैं। उन्होंने कहा कि सरकार का प्रयास मध्यम और निम्न-आय वर्ग के लोगों के खर्च को कम करना है और आयुष्मान भारत जैसी योजना को बढ़ावा देना है, जिससे 4 करोड़ लोग लाभान्वित हुए हैं।

## झारखंड में...

को पूरी घटना की जानकारी दी। पुलिस के मुताबिक, इस संबंध में पीड़िता के बयान पर अज्ञात लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। इस घटना को लेकर विपक्षी भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन पर हमलावर हो गई है और उनका इस्तीफा मांगा है। पूर्व मुख्यमंत्री व भाजपा नेता रघुवर दास ने सोरेन का इस्तीफा मांगते हुए आरोप लगाया कि राज्य में कानून-व्यवस्था की हालत बदतर है और महिलाओं, दलितों एवं आदिवासियों की स्थिति सबसे ज्यादा खराब है। दूसरी ओर सत्ताधारी झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) ने भाजपा के आरोपों को सिरे से खारिज करते हुए दावा किया कि राज्य सरकार ऐसी घटनाओं के प्रति पूरी तरह संवेदनशील है तथा ऐसे मामलों में अपराधियों पर त्वरित कार्रवाई की जाती है और उन्हें न्याय के कटघरे में लाया जाता है।

## आगामी संसद...

10 लाख लोगों की भर्ती के लिए शनिवार को रोजगार मेले की शुरुआत की। केंद्रीय कानून मंत्री ने कहा, केंद्र में हमारी राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) की सरकार ने सभी अप्रचलित पुरातन कानूनों को हटाने का फैसला किया है, क्योंकि अनावश्यक कानून आम आदमी के लिए एक बोझ हैं। हमने संसद के शीतकालीन सत्र में 1500 से अधिक कानूनों को रद्द करने का फैसला किया है। मैं कई और निरसन अधिनियम पेश करने के लिए तैयार हूं। रीजीजू ने मेघालय में नेशनल पीपुल्स पार्टी (एनपीपी) के नेतृत्व वाली सरकार की प्रशंसा की, लेकिन यह इच्छा व्यक्त की कि आम लोगों के अधिक लाभ के लिए भाजपा को सरकार में अधिक भूमिका दी जाए। गौरतलब है कि मेघालय विधानसभा चुनाव करीब चार महीने में होने हैं। रीजीजू ने कहा कि केंद्र पूर्वोत्तर पर विशेष ध्यान दे रहा है और ऐसा कोई कारण नहीं है कि यह क्षेत्र किसी भी क्षेत्र में पिछड़ जाएगा।

## दुर्घटनास्त होने...

अधिक घंटे का अनुभव था। साथ ही वे कुल 1,800 घंटे से अधिक उड़ान सेवाएं दे चुके थे। विमान को जून 2015 में सेना में शामिल किया गया था। सेना ने शोकाकुल परिवारों के प्रति संवेदना व्यक्त की है। सेना ने ट्वीट कर कहा, सेना प्रमुख मनोज पांडे और सेना के सभी कर्मी वीर जवानों मेजर विकास भांभू और मेजर मुस्तफा बोहरा, सीएफएन अश्विन के. वी., हवलदार बीरेश सिन्हा और एनके रोहिताश्व कुमार को नमन करते हैं, जिन्होंने कर्तव्य निभाते हुए जान न्यौछावर कर दी। शोकाकुल परिवारों के प्रति गहरी संवेदनाएं।

## मप्र में...

अस्पताल में दम तोड़ दिया। उन्होंने कहा कि राहगीरों की सूचना के बाद सोहागी पुलिस मौके पर पहुंची और बस में फंसे यात्रियों को बाहर निकाला। भसीन ने बताया कि घायलों को एंबुलेंस से त्योंथर सिविल अस्पताल पहुंचाया गया, जहां से प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें रीवा के संजय गांधी मेमोरियल अस्पताल में भेजा गया, जहां उनका इलाज चल रहा है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार बस में ज्यादातर यात्री श्रमिक थे जो दीपावली मनाने अपने घर लौट रहे थे। इस हादसे में घायल बस यात्री सुभाष चौधरी (30) ने रीवा के संजय गांधी मेमोरियल अस्पताल में कहा, मैं दिवाली मनाने अपने घर जा रहा था। रात का खाना अपने साथियों के साथ खाने के बाद अपनी सीट पर सो गया। मैं गहरी नींद में था और सपने में भी दिवाली के बारे में सोच रहा था। इतने में तेज आवाज आई और मेरी नींद खुल गई। उन्होंने कहा कि एक या दो सेकंड में बस में चीख पुकार की आवाजें आने लगी। चौधरी के हाथ और पैरों में चोटें आई हैं और उसका इलाज जारी है। हैदराबाद से उत्तरप्रदेश में अपने गृह नगर महराजगंज लौट रहे एक मजदूर चौधरी ने कहा, हादसे के बाद मैं दर्द से कराह रहा था और बस के अंदर खून से लथपथ असहाय लोगों को देखा। इनमें से कुछ मर चुके थे और कुछ हांफ रहे थे। मैं सन्न रह गया। उन्होंने कहा, घर लौटने और खुशी के साथ दिवाली मनाने का हमारा सपना चकनाचूर हो गया। चोटिल महराजगंज निवासी मनीष साकत (21) ने सिसकते हुए कहा, इस हादसे से मैं इतना डर गया था कि मैंने अपनी आंखें बंद कर लीं।

## आम्रपाली के...

बहुत सामान्य समस्या है तथा इसके लिए इतने लंबे समय की जमानत देना उपयुक्त नहीं है। हालांकि, पीठ ने शर्मा को आठ अगस्त को दी गई अंतरिम जमानत को विस्तारित कर दिया और कहा कि बाईं आंख की पहली सर्जरी के बाद उन्हें रिपोर्ट दाखिल करनी होगी। इसी तरह, न्यायालय ने शिव प्रिय को भी जमानत दे दी, जिन्हें 22 अगस्त को दो हफ्तों के लिए अंतरिम जमानत दी गई थी। न्यायालय ने कहा कि वह सात नवंबर तक निचली अदालत के समक्ष आत्मसमर्पण करें, अन्यथा उन्हें गिरफ्तार कर जेल भेज दिया जाएगा। शर्मा और शिव प्रिय, दोनों ही व्यक्ति 2018 में गिरफ्तार किए जाने के बाद से जेल में हैं। उन्हें धोखाधड़ी, आपराधिक विश्वासघात और धन शोधन के आरोपों में गिरफ्तार किया गया था। दोनों पर घर खरीदारों के पैसों की हेराफेरी करने का आरोप है।

## चीन के...

समिति के लिए चिनफिंग के निर्वाचन से तय हो गया है कि वह महासचिव बनने की राह पर हैं। चिनफिंग को रिकॉर्ड तीसरा कार्यकाल मिलना तय है और संभव है कि वह जीवनपर्यंत सत्ता में रहें। इस बीच, उन्होंने अपनी स्थिति और मजबूत करते हुए अपने कई सहयोगियों को केंद्रीय समिति में शामिल किया है। केंद्रीय समिति के सदस्यों की सूची में कई नेताओं के नाम गायब हैं जिनमें प्रधानमंत्री ली क्विंग (67), नेशनल पीपुल्स कांग्रेस के अध्यक्ष ली झांशु (72), चाइनीज पीपुल्स पॉलिटिकल कंसल्टेटिव कॉन्फ्रेंस के अध्यक्ष वांग यांग (67), पूर्व उप प्रधानमंत्री हान झेंग (67) शामिल हैं। ये सभी नेता निवर्तमान सात सदस्यीय स्थाई समिति के सदस्य थे, जिसके अध्यक्ष चिनफिंग हैं। ली क्विंग और वांग को उदार माना जाता है। गत 10 साल में चीन की अर्थव्यवस्था को चलाने में क्विंग ने अहम भूमिका निभाई है और पहले ही वह प्रधानमंत्री पद छोड़ने की घोषणा कर चुके हैं, जबकि पार्टी ने सेवानिवृत्ति की उम्र 68 साल निर्धारित की है। फिलहाल उनकी उम्र 67 साल है। अन्य बदलावों में विदेश मंत्री और स्टेट काउंसलर वांग ई को केंद्रीय समिति का सदस्य बनाया गया है, जबकि पूर्व विदेश मंत्री यांग जिएची को बाहर कर दिया गया है। स्थाई समिति का रविवार को चुनाव होने के बाद चिनफिंग नई टीम के अन्य सदस्यों के साथ मीडिया के सामने आएंगे।

## पूर्व राष्ट्रपति...

थे। जिंताओ ने वर्ष 2010 में 10 वर्ष का कार्यकाल पूरा होने के बाद शांतिपूर्ण तरीके से सत्ता हस्तांतरण किया था। जिंताओं को चिनफिंग से कुछ कहते देखा गया जिसके जवाब में उन्होंने अपना सिर हिलाया। इसके बाद जिंताओ को दो लोगों के साथ बाहर जाते देखा गया लेकिन उनकी निकासी के कारणों की जानकारी नहीं दी गई है।

# निर्वाचन आयोग ने गुजरात के मुख्य सचिव, डीजीपी से स्पष्टीकरण मांगा

**भाषा।** नई दिल्ली




**निर्वाचन आयोग** ने गुजरात में विधानसभा चुनाव से पहले अधिकारियों के तबादले और पदस्थापना संबंधी अनुपालन रिपोर्ट भेजने में राज्य सरकार के अधिकारियों की विफलता पर कड़ा रुख अख्तियार करते हुए प्रदेश के मुख्य सचिव और पुलिस महानिदेशक से स्पष्टीकरण मांगा है। सूत्रों ने गुजरात के मुख्य सचिव को शुक्रवार को भेजे गए पत्र का हवाला देते हुए कहा कि मुख्य सचिव और पुलिस महानिदेशक चुनाव से पहले कुछ विशेष श्रेणी के अधिकारियों के स्थानांतरण और पदस्थापना पर अनुपालन रिपोर्ट भेजने में विफल रहे हैं। पत्र का हवाला देते हुए एक सूत्र ने कहा कि अब अधिकारियों को स्थिति स्पष्ट करने के लिए कहा गया है कि मामले में निर्देश जारी करने के बावजूद निर्धारित समयसीमा समाप्त होने के बाद भी अब तक अनुपालन रिपोर्ट जमा क्यों नहीं की गई। अधिकारियों के स्थानांतरण एवं पदस्थापना संबंधी पत्र हिमाचल प्रदेश और गुजरात को भेजे गए थे। उल्लेखनीय है कि हिमाचल प्रदेश में 12 नवंबर को मतदान होगा, जबकि गुजरात चुनाव के लिए तारीखों की घोषणा फिलहाल नहीं की गई है। आयोग ने दोनों राज्य सरकारों को गृह जिलों में तैनात अधिकारियों और पिछले चार वर्षों में एक जिले में तीन साल बिताने वाले अधिकारियों को स्थानांतरित करने का निर्देश दिया था। स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव सुनिश्चित करने के लिए निर्वाचन आयोग के लिए लोकसभा और विधानसभा चुनावों से पहले इस तरह के निर्देश जारी करना सामान्य बात है।

## जम्मू कश्मीर एसआईए ने आतंकी वित्तपोषण मामले में कई जगहों पर छापेमारी की

**श्रीनगर।** जम्मू कश्मीर राज्य जांच एजेंसी (एसआईए) ने आतंकवाद के वित्तपोषण मामले में जांच के तहत शनिवार को घाटी के तीन जिलों में 14 जगहों पर छापेमारी की। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। एसआईए के एक प्रवक्ता ने कहा कि श्रीनगर, सोपोर, बारामूला और शोपियां में 14 मकानों और संदिग्धों के एक व्यावसायिक परिसर की तलाशी ली गई। एनआईए अधिनियम (टाडापोटा) के तहत नामित विशेष न्यायाधीश, श्रीनगर की अदालत से प्राप्त एक तलाशी वारंट के अनुपालन में यह कार्वाई की गई। उन्होंने कहा, आतंकवाद के पारिस्थितिकी तंत्र को और समर्थन ढांचे को पूरी तरह से नष्ट करने के उद्देश्य से आतंकी संगठनों के वित्तीय नेटवर्क को तोड़ने के लिए राज्य जांच एजेंसी ने शनिवार को घाटी में कई स्थानों पर तलाशी ली। प्रवक्ता ने कहा कि मामला कश्मीर में सक्रिय आतंकी संगठनों के वित्तीय नेटवर्क से संबंधित है। उन्होंने कहा, एक विश्वसनीय सूचना पर मामला दर्ज किया गया था।

# बीजू पटनायक के डकोटा विमान को कोलकाता से जल्द ओडिशा लाया जाएगा

**भुवनेश्वर।** ओडिशा सरकार राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री बीजू पटनायक के प्रतिष्ठित डकोटा विमान को कोलकाता से यहां लाने के लिए तैयार है, जिसके लिए भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण (एएआई) यहां स्थित हवाई अड्डा परिसर में 1.1 एकड़ जमीन सौंपने पर सहमत हो गया है। एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि विमान को ओडिशा ले जाने के प्रयास पिछले दो वर्षों में भी किए गए थे और इस पहल के लिए निविदा भी मंगाई गई थी, लेकिन कोविड-19 महामारी के कारण योजना को रोक दिया गया था।

गृह विभाग के एक अधिकारी ने कहा, प्रशासन अब प्रक्रिया पूरी करने के लिए तैयार है, क्योंकि एएआई ने अपनी हालिया बोर्ड बैठक में, परिसर में एक स्मारक स्थापित करने के उद्देश्य से 1.1 एकड़ जमीन पट्टे पर देने के राज्य सरकार के प्रस्ताव को स्वीकार कर लिया, जहां विमान को प्रदर्शन के लिए रखा जाएगा। अधिकारी के अनुसार, 64 फुट और आठ इंच लंबा विमान, जिसके पंख 95 फुट तक फैले हुए हैं। उन्होंने बताया कि कोलकाता हवाईअड्डे से सड़क मार्ग से भुवनेश्वर ले जाने के लिए उसके पुर्जों को अलग कर दिया जाएगा और आवश्यक मरम्मत के बाद उन्हें (पुर्जों को)यहां दोबारा से जोड़ा जाएगा। बीजू पटनायक एक समाज सुधारक और नेता होने के साथ-साथ काफी कुशल पायलट भी थे, जिन्होंने देश की आजादी से पहले विमानों को उड़ाया और उच्च जोखिम वाले मिशन को अंजाम दिया। बीजू पटनायक अंतरराष्ट्रीय हवाईअड्डे (बीपीआईए) के निदेशक प्रसन्ना प्रधान ने कहा कि एएआई ने प्रतिष्ठित नेता को श्रद्धांजलि देने के लिए स्मारक बनाने को अपनी स्वीकृति दी है। उन्होंने कहा कि डकोटा विमान को जनता के देखने के लिए स्मारक में रखा जाएगा।

## क्विक न्यूज

### मंत्रिमंडल के बारे में चर्चा करने के लिए जल्द ही दिल्ली जाऊंगा : बोम्मई

**चित्रदुर्ग (कर्नाटक)।** कर्नाटक के मुख्यमंत्री बसवराज बोम्मई ने शनिवार को कहा कि वह जल्द ही अपने मंत्रिमंडल को लेकर चर्चा करने के लिए भाजपा के केंद्रीय नेतृत्व से मिलने नई दिल्ली जाएंगे। हालांकि उन्होंने इसपर संशय बरकरार रखा कि मंत्रिमंडल का विस्तार होगा या फेरबदल। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) आलाकमान तय करेगा कि किसे मंत्रिमंडल में शामिल किया जाना है। बोम्मई ने एक सवाल के जवाब में संवाददाताओं से कहा, मै (कैबिनेट विस्तार पर चर्चा के लिए) जल्द ही दिल्ली जा रहा हूं। यह पूछे जाने पर कि क्या सौतेला व्यवहार का पीड़ित कहे जाने वाले चित्रदुर्ग जिले के वरिष्ठ नेताओं को मंत्रिमंडल में शामिल होने अवसर दिया जाएगा। इसपर उन्होंने कहा, यह सौतेला व्यवहार नही है। राजनीतिक स्थिति के कारण, प्रतिनिधित्व नही दिया जा सकता। (चित्रदुर्ग को) प्रतिनिधित्व देने की कोशिश करेंगे।

### कार्बेट बाघ अभयारण्य से तीन संदिग्ध शिकारी गिरफ्तार

**कोटद्वार।** उत्तराखंड के पौड़ी जिला स्थित कार्बेट बाघ अभयारण्य में दक्षिणी सीमा से कथित तौर पर वन्यजीवों के अवैध शिकार के लिए घुसे तीन संदिग्ध शिकारियों को वन विभाग की टीम ने गिरफ्तार कर लिया। वन प्रभागीय अधिकारी प्रकाश चंद्र आर्य ने बताया कि बृहस्पतिवार देर रात वन विभाग के गश्ती दल द्वारा गिरफ्तार संदिग्ध शिकारियों की जीप से 12 बोर की दुनाली बंदूक, 17 जिंदा कारतूस, तीन आधुनिक टॉर्च, गंडासा व चार चाकू बरामद हुए है। उन्होंने बताया कि संदिग्ध शिकारियों के खिलाफ वन अधिनियम और वन्यजीव सुरक्षा अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज कर उनके वाहन को जब्त कर लिया गया। आर्य ने बताया कि बाद में उन्हें न्यायालय में पेश किया गया जहां से उन्हें पौड़ी जेल भेज दिया गया। उन्होंने बताया कि गिरफ्तार आरोपियों की पहचान उत्तर प्रदेश के मेरठ निवासी सैय्यद जफ्फर याब अली जैदी और बिजनौर निवासी फहीम और इंतजार के रूप में की गई है।

### उत्तराखंड में हिम तेंदुओं की संख्या 121 पाई गई

**ऋषिकेश।** उत्तराखंड में ताजा गणना में हिम तेंदुओं की संख्या 121 पाई गई है। प्रदेश के मुख्य वन्य जीव प्रतिपालक समीर सिंहा ने बताया कि केंद्र के आदेश पर वन विभाग तथा भारतीय वन्यजीव संस्थान के संयुक्त तत्वावधान में हुई वैज्ञानिक गणना में हिम तेंदुओं की यह संख्या सामने आई है जो बहुत उत्साहजनक है। छह साल पहले 2016 में हुई गणना में राज्य में 86 हिम तेंदुए पाए गए थे। उत्तराखंड के वन मंत्री सुबोध उनियाल ने गणना के नतीज़ों पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि प्रदेश में वन्य जीवों का संरक्षण सही दिशा में है और आगे चलकर यह वन्य जीवन पर्यटन को और गति देगा। दुनिया के केवल 12 देशों में ही हिम तेंदुए है और भारत उनमें से एक है। इन देशों में हिम तेंदुओं की आबादी 3000 से 7000 के बीच आंकलित है। वर्ष 2016 की गणना में भारत में 516 हिम तेंदुए पाए गए थे।

### हिमाचल चुनावः कांग्रेस ने चुनाव के लिए चार और उम्मीदवारों की घोषणा की

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने शनिवार को हिमाचल प्रदेश विधानसभा चुनाव के लिए अपने चार उम्मीदवारों की तीसरी सूची जारी की। कांग्रेस ने किन्नौर-अनुसूचित जनजाति (एसटी) सीट से मौजूदा विधायक जगत सिंह नेगी को फिर से टिकट दिया और जयसिंहपुर-अनुसूचित जाति (एससी) निर्वाचन क्षेत्र से यादविंदर गोमा को मैदान में उतारा। हिमाचल युवा कांग्रेस इकाई के अध्यक्ष निगम भंडारी ने किन्नौर से पार्टी के नामांकन के लिए बोली लगाई थी। कांग्रेस ने मनाली सीट से भुवनेश्वर गौर को मैदान में उतारा और पावंटा साहिब निर्वाचन क्षेत्र से किरणेश जंग को फिर से टिकट दिया है। इसके साथ ही कांग्रेस ने हिमाचल प्रदेश में विधानसभा चुनाव के लिए एक क्षेत्र को छोड़कर सभी क्षेत्रों से उम्मीदवारों की घोषणा कर दी है। पहाड़ी राज्य की 68 विधानसभा सीटों के लिए 12 नवंबर को मतदान होने हैं और मतों की गिनती आठ दिसंबर को होगी। नामांकन दाखिल करने की आखिरी तारीख 25 अक्टूबर है।

### असम के कार्बी आंगलोंग में भारी मात्रा में हथियार और गोला-बारूद बरामद

**दिफू।** असम के कार्बी आंगलोंग जिले से भारी मात्रा में हथियार और गोला-बारूद बरामद किया गया है। पुलिस ने शनिवार को यह जानकारी दी। पुलिस अधीक्षक संजीव सैकिया ने बताया कि हथियार और गोला बारूद दिफू-धनसिरी रोड के पास एक जंगल में शिविर के अंदर छिपाया गया था। उन्होंने कहा कि गुप्त सूचना पर कार्वाई करते हुए बरामदगी की गई। सैकिया ने बताया कि बरामद किए गए सामान में दो ग्रेनेड, 69 गोला-बारूद और एके-47 राइफल की एक मैगजीन, 12 एसएलआर और दो पिस्तौल मैगजीन शामिल है। पुलिस ने बताया कि गोला-बारूद को लगभग चार महीने पहले उग्रवादी संगठन दिमासा नेशनल लिबरेशन ट्राइबल (डीएनएलटी) ने छिपाया था। उन्होंने बताया कि आतंकवादियों को पकड़ने के लिए तलाश की जा रही है।

### महाराष्ट्र सरकार सालभर में 75,000 युवाओं को नौकरी देगी : उपमुख्यमंत्री फडणवीस

**नागपुर।** महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने शनिवार को कहा कि एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाली सरकार अगले एक साल में राज्य के युवाओं को 75,000 सरकारी नौकरियां देगी। नागपुर हवाई अड्डे पर संवाददाताओं से बात करते हुए फडणवीस ने युवाओं को 10 लाख रोजगार देने की प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की पहल की प्रशंसा की। प्रधानमंत्री ने जून में विभिन्न सरकारी विभागों और मंत्रालयों से कहा था कि वे अगले डेढ़ साल में 10 लाख लोगों को मिशन मोड पर नौकरियां दें। मोदी ने शनिवार को सरकारी नौकरी के 75,000 उम्मीदवारों को नियुक्ति पत्र वितरित किए और कहा कि केंद्र युवाओं के लिए रोजगार के अधिक से अधिक अवसर पैदा करने के लिए कई मोर्चों पर काम कर रहा है। फडणवीस ने कहा, प्रधानमंत्री द्वारा शुरू की गई इस पहल के साथ महाराष्ट्र में मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के नेतृत्व में हमारी सरकार ने राज्य में 75,000 युवाओं को सरकारी नौकरी देने का फैसला किया है। उन्होंने कहा कि 75,000 नौकरियों में से 18,000 रिक्तियां पुलिस विभाग में होंगी और इसके लिए अगले पांच से सात दिनों में विज्ञापन प्रकाशित किया जाएगा।

### कांग्रेस की भारत जोड़ो यात्रा से देश का माहौल बदला : गहलोत

**जयपुर।** राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने शनिवार को उम्मीद जताई कि कांग्रेस की भारत जोड़ो यात्रा से देश के माहौल में बदलाव देखने को मिलेगा। गहलोत ने ट्वीट किया, राहुल गांधी ने देश में बढ़ रही महंगाई, बेरोजगारी, नफरत और हिंसा के माहौल के विरोध में भारत जोड़ो यात्रा शुरू की थी। कई राज्यों में तो ऐसी स्थिति बन गई है कि सरकार की आलोचना करना एक अपराध बन गया हो। भारत जोड़ो यात्रा की सफलता को देखकर भाजपा, आरएसएस नेताओं तक के बयान भी बदलने लगे है। उन्होंने लिखा, उच्चतम न्यायालय द्वारा उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड एवं दिल्ली तीनों जगह सरकारों को हेट स्पीच (घृणा भाषण) पर सख्त कार्वाई के दिए गए निर्देश स्वागतयोग्य है। यदि भाजपा सरकारों ने हेट स्पीच पर सख्त कार्वाई की होती तो न्यायालय को ऐसा कहने की जरूरत ही नही पड़ती।

## एआईएमआईएम नेता पार्टी में शामिल होने वाले नए सदस्यों को भोपाल में दे रहे बिरयानी की दावत

**भाषा।** भोपाल

**ऑल इंडिया** मजलिस-ए-इत्तेहाद उल मुस्लिमीन (एआईएमआईएम) के एक नेता मध्यप्रदेश के भोपाल के नरेला विधानसभा क्षेत्र में पार्टी में शामिल होने वाले नए सदस्यों को बिरयानी और नाश्ता खिला रहे हैं। असदुद्दीन ओवैसी के नेतृत्व वाली एआईएमआईएम ने मध्यप्रदेश में हाल ही में हुए स्थानीय निकाय चुनाव में पहली बार अपने प्रत्याशी खड़े कर सात पार्षद सीटों पर जीत दर्ज कर प्रदेश में अपनी मजबूत उपस्थिति दर्ज कराई है। एआईएमआईएम नेता पीरजादा तौकीर निजामी ने बताया, हम उन लोगों का स्वागत कर रहे हैं जिन्हें अपनी पार्टियों में उचित सम्मान नहीं मिला, चाहे वह भाजपा हो या कांग्रेस।

उन्होंने कहा, जब वे हमारी पार्टी में शामिल होने के लिए हमारे कार्यालय आते हैं, तो सम्मान स्वरूप हम उन्हें बिरयानी या नाश्ता खिलाते हैं। उन्होंने कहा कि पार्टी में आए नए सदस्यों को मालाएं पहनाई जाती हैं और उनकी धार्मिक प्रथाओं को ध्यान में रखते हुए उन्हें भोजन दिया जाता है। निजामी ने बताया, उन्हें यह महसूस होना चाहिए कि वे सही जगह पर आए हैं। मैं उनकी समस्याएं सुनता हूं और उन्हें सुलझाने का प्रयास करता हूं। एआईएमआईएम नेता ने दावा किया कि वर्तमान में चल रहे अभियान में अब तक 20,000 से अधिक लोग उनकी पार्टी में शामिल हो चुके हैं और दिवाली के बाद भोपाल के अन्य विधानसभा क्षेत्रों में भी पार्टी इस तरह का कदम उठाएगी। उन्होंने कहा, हमने हाल ही में हुए स्थानीय निकाय चुनावों के दौरान नरेला में पार्टी अध्यक्ष ओवैसी की एक जनसभा का आयोजन की थी और उन्होंने मुझे भोपाल में पार्टी के लिए काम करने के लिए कहा था।



जम्मू में एक दुकानदार दिवाली के पटाखों को बेचते हुए

# नीतीश अगर राजग में जाने का फैसला लेते हैं, तब भी हम उनका समर्थन करेंगे : जीतन मांझी

**भाषा।** पटना



**बिहार के** पूर्व मुख्यमंत्री जीतन राम मांझी ने शनिवार को कहा कि अगर नीतीश कुमार राज्य के हित में फिर से राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन में शामिल होने का फैसला लेते हैं तब भी वह मुख्यमंत्री का सम्मान और समर्थन करना जारी रखेंगे। एक समय कुमार के सहयोगी, मांझी फिलहाल हिन्दुस्तानी आवाम मोर्चा (हम) के प्रमुख हैं। वह नीतीश कुमार के अब भी भाजपा के संपर्क में होने और भविष्य के लिए रास्ता खुला रखने के पूर्वचुनावी रणनीतिकार प्रशांत किशोर के दावे के संबंध में किए गए सवालों का जवाब दे रहे थे।

इस साल की शुरुआत में कुमार के साथ एकजुटता प्रदर्शित करते हुए राजग छोड़कर महागठबंधन में शामिल हुए मांझी ने अपने गृह नगर गया में संवाददाता से बातचीत में कहा, हालांकि, नीतीश कुमार ने ऐसी संभावनाओं से इंकार किया है, लेकिन अगर वह ऐसा फैसला लेते हैं तभी भी हम उनका समर्थन करते रहेंगे और उनके फैसले का सम्मान करेंगे। मांझी ने कहा, कुछ लोग बार-बार फैसला बदलने को लेकर नीतीश कुमार की आलोचना कर सकते हैं। लेकिन, मैं उन्हें दिवंगत महामाया प्रसाद सिन्हा (बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री) की याद दिलाना चाहूंगा, जिन्होंने बड़े गर्व के साथ कहा था कि जनहित में वह सैकड़ों बार पाला बदल सकते हैं। अगर कुमार भी बिहार के हित में ऐसा करते हैं तो उसमें कुछ गलत नहीं होगा। हालांकि, हम प्रमुख के इस बयान को जदयू के वरिष्ठ नेता व राज्य के मंत्री विजय कुमार ने तत्काल खारिज कर दिया। माना जाता है कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को हर समस्या से बाहर निकालने का काम विजय कुमार करते हैं। चौधरी ने बताया, ऐसे बयानों का कोई राजनीतिक महत्व नहीं है। जदयू, राजद, कांग्रेस और वामदलों का यह महागठबंधन अटूट है। वहीं, भाजपा की बिहार इकाई के अध्यक्ष संजय जायसवाल ने कहा कि भाजपा का भविष्य में नीतीश कुमार से कभी कोई लेना-देना नहीं होगा। उन्होंने दावा किया, हम प्रशांत किशोर को गंभीरता से नहीं लेते हैं। उनकी बिहार के मुख्यमंत्री से रणनीति साठगांठ है, जिनसे वह छुप-छुपकर मिलते रहते हैं। उन्होंने यह भी कहा कि पार्टी इस लड़ाई को नीतीश कुमार के गृहनगर नालंदा लेकर जाएगी और (इस संबंध में) वहां दिसंबर में बूथ अध्यक्षों की बैठक होनी है। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष ने कहा, केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह भी इस कार्यक्रम में मौजूद रहेंगे और अपनी सलाह देंगे। इस बीच, चुनावी रणनीतिकार की भूमिका छोड़ने का दावा करते वाले किशोर सक्रिय राजनीति में नए सिरे से प्रवेश करते नजर आ रहे हैं और वह लगातार अपने पुराने सहयोगी नीतीश कुमार पर हमला जारी रखे हुए हैं। प्रशांत किशोर ने दावा किया था कि राजग छोड़ने के बावजूद राज्यसभा के उपसभापति पद से हरिवंश को इस्तीफा देने को नहीं कहा गया है, क्योंकि जदयू भविष्य के लिए रास्ता खुला रखे हुए है। इसपर किशोर ने आज ट्वीट किया है, नीतीश कुमार जी, अगर आपका भाजपााराजग से कोई लेना-देना नहीं है तो, तो अपने सांसद को राज्यसभा के उपसभापति पद से इस्तीफा देने को कहें। हर बार आपके दोनों हाथों में लड्डू नहीं हो सकते हैं।

## मीडिया में बहस के मुद्दों की प्राथमिकता से आश्चर्यचकित हूं : महबूबा मुफ्ती

**भाषा।** श्रीनगर



**पीडीपी अध्यक्ष** महबूबा मुफ्ती ने शनिवार को मीडिया पर निशाना साधते हुए कहा कि वह वास्तविक समस्याओं के बजाय जम्मू-कश्मीर प्रशासन द्वारा उन्हें बेदखली का नोटिस जारी किए जाने जैसे गैर-जरूरी मुद्दों पर चर्चा करके समय बर्बाद कर रही है। प्रशासन ने इस सप्ताह की शुरुआत में जम्मू-कश्मीर की पूर्व मुख्यमंत्री को उच्च सुरक्षा वाले गुपकर रोड पर स्थित बंगला खाली करने का नोटिस जारी किया था।

पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी (पीडीपी) की नेता ने अनंतनाग जिले में अपने पिता मुफ्ती मोहम्मद सईद की कब्र पर श्रद्धांजलि देने के बाद संवाददाताओं से कहा, मीडिया महबूबा मुफ्ती के घर खाली करने जैसे गैर-जरूरी मुद्दों पर चर्चा करने में समय बर्बाद कर रही है। असल में, उन्हें वास्तविक मुद्दों और लोगों (जम्मू और कश्मीर के) की समस्याओं पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए, लेकिन वे ऐसा नहीं कर रहे हैं। महबूबा ने यह भी कहा कि पासपोर्ट को जब्त करना, प्रवर्तन निदेशालय द्वारा पूछताछ या बेदखली के नोटिस उन्हें आश्चर्यचकित नहीं करते हैं। उन्होंने कहा, अगर कोई चीज मुझे चौंकाती है, तो वह (टीवी) मीडिया की प्राथमिकताएं हैं। यह पूछे जाने पर कि क्या वह फेयर व्यू बंगला खाली करेंगी, महबूबा ने कहा कि अगर सरकार को सुरक्षा की कोई चिंता नहीं है, तो मैं घर खाली कर दूंगी। इसमें क्या बड़ी बात है?



त्रिपुरा में माता काली की मूर्ति को अंतिम रूप देता कलाकार

# राजस्थान में दलित परिवार के 12 सदस्यों ने बौद्ध धर्म अपनाया

**भाषा।** कोटा (राजस्थान)

**राजस्थान के** बारां जिले में एक दलित परिवार के 12 सदस्यों ने बौद्ध धर्म अपना लिया है। ये लोग परिवार के एक सदस्य के साथ मारपीट और पुलिस द्वारा इस मामले में ग्राम प्रधान के पति के खिलाफ प्राथमिकी नहीं दर्ज किे जाने से कथित रूप से निराश थे।

पुलिस अधिकारी पूजा नागर ने बताया कि बारां जिले के बापचा थाना क्षेत्र के भुलोन गांव के राजेंद्र के परिवार के 12 सदस्यों ने शुक्रवार को बौद्ध धर्म ग्रहण कर लिया।उन्होंने धर्मांतरण की शपथ ली और गांव की बैथली नदी में हिंदू देवी-देवताओं की मूर्तियां और तस्वीरें प्रवाहित कीं। पुलिस अधिकारी ने कहा कि देश में कोई भी व्यक्ति किसी भी धर्म को चुनने के लिए स्वतंत्र है, गांव में किसी अन्य व्यक्ति ने अपना धर्म नहीं बदला।दलित परिवार ने कथित तौर पर धर्मांतरण का यह कदम तब उठाया जब वे हमले के मामले में ग्राम प्रधान के पति का नाम आरोपी के रूप में दर्ज कराने में विफल रहे। यहां तक कि उन्होंने पुलिस अधीक्षक को इस संबंध में एक ज्ञापन भी सौंपा। पुलिस ने हालांकि कहा कि उन्हें सरपंच के पति के खिलाफ कोई सबूत नहीं मिला है और अगर वह इस मामले में शामिल पाया गया तो उसके खिलाफ कार्वाई की जाएगी।पुलिस अधिकारी पूजा नागर ने शनिवार को बताया कि राजेंद्र (32) ने इसी गांव के लालचंद लोढ़ा के खिलाफ पांच अक्टूबर को मारपीट का मामला दर्ज कराया था। इसके बाद पुलिस ने आरोपी के खिलाफ भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) और अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति (अत्याचार निवारण) अधिनियम की संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज किया और उसे गिरफ्तार कर लिया।कुछ दिनों बाद, राजेंद्र ने पुलिस से संपर्क किया और मांग की कि सरपंच के पति राहुल शर्मा को मामले में आरोपी बनाया जाए।पुलिस ने कहा कि उनकी जांच से पता चला है कि राजेंद्र हमले का बदला लेने के लिए अपने दो भाइयों के साथ पांच अक्टूबर की रात लालचंद लोढ़ा के घर पहुंचा था। यह भी पता चला कि सरपंच का पति राहुल शर्मा मौके पर पहुंचा था और दोनों पक्षों को शांत कराकर घर लौट आया था। बारां के पुलिस अधीक्षक कल्याणमल मीणा ने कहा, लालचंद नाम के आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है और अब परिवार स्थानीय सरपंच के पति के खिलाफ आरोप लगा रहा है। पुलिस अधीक्षक ने कहा, इस मामले की जांच जारी है और अगर सरपंच के पति के खिलाफ सबूत मिलते हैं, तो उसके खिलाफ कार्वाई की जाएगी।

## उद्धव ठाकरे गुट के चार विधायक पाला बदलने के लिए संपर्क मेंः नारायण राणे

**भाषा।** पुणे

**केंद्रीय मंत्री** नारायण राणे ने शनिवार को दावा किया कि शिवसेना के उद्धव ठाकरे गुट के चार विधायक महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाले सत्तारूढ़ समूह में शामिल होने के लिए उनके संपर्क में हैं। हालांकि, राणे ने उन विधायकों के नामों का उल्लेख करने से इनकार कर दिया। नारायण राणे केंद्र सरकार के रोज़गार मेला के हिस्से के रूप में शहर में थे। इस योजना के तहत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दिल्ली में इलेक्ट्रॉनिक रूप से सरकारी नौकरी के उम्मीदवारों को नियुक्ति पत्र सौंपा। राणे ने कहा, 56 विधायकों में से उद्धव ठाकरे गुट में मुश्किल से छह से सात विधायक बचे हैं। वे भी गुट छोड़ने वाले हैं। चार विधायक मेरे संपर्क में हैं, लेकिन मैं उनके नाम का खुलासा नहीं करूंगा। केंद्रीय मंत्री राणे ने उद्धव ठाकरे का मजाक उड़ाते हुए कहा कि उनकी राजनीति मातोश्री तक ही सीमित है। मातोश्री मुंबई के बांद्रा में उद्धव ठाकरे का निजी आवास है, और सेना भवन के साथ पार्टी का एक शक्ति केंद्र है।राणे ने जून में विभिन्न सरकारी विभागों और मंत्रालयों को अगले डेढ़ साल में मिशन मोड पर 10 लाख लोगों की भर्ती करने का आदेश देने के लिए प्रधानमंत्री मोदी की सराहना की। राणे ने कहा कि वह रोजगार मेला को लेकर राजनीति करने वालों पर बात नहीं करेंगे, क्योंकि यह दिवाली का त्योहारी मौसम है।

# परमाणु हथियारों के जखीरे को बढ़ा सकता है चीन : विशेषज्ञ

**भाषा।** बीजिंग

**कम्युनिस्ट पार्टी** ऑफ चाइना (सीपीसी) के महासम्मेलन में राष्ट्रपति शी चिनफिंग के मजबूत रणनीतिक प्रतिरोध क्षमता स्थापित करने संबंधी बयान के बाद विशेषज्ञों का मानना है कि साम्यवादी देश अपने परमाणु जखीरे का विस्तार कर सकता है। चिनफिंग ने 16 अक्टूबर को सीपीसी महासम्मेलन के शुरुआती सत्र को संबोधित करते हुए कहा था, हम मजबूत रणनीतिक प्रतिरोध क्षमता स्थापित करेंगे। चिनफिंग केंद्रीय सैन्य आयोग (सीएमसी) के भी प्रमुख हैं। उनके द्वारा वर्ष 2017 में पेश रिपोर्ट या पिछले साल के ऐतिहासिक प्रस्ताव में रणनीतिक प्रतिरोध का विचार शामिल नहीं था। हांगकांग से प्रकाशित साउथ चाइना मार्निंग पोस्ट की खबर के मुताबिक पिछले साल जारी 14वीं पंचवर्षीय योजना में उच्च मानक युक्त रणनीतिक प्रतिरोध क्षमता स्थापित करने पर जोर दिया गया था। विशेषज्ञों का कहना है कि चिनफिंग का यह बयान संकेत देता है कि चीन अमेरिका के साथ बढ़ रही प्रतिद्वंद्विता के मद्देनजर अपनी परमाणु प्रतिरोध क्षमता को सुधारेगा क्योंकि अमेरिका अहम परमाणु शक्ति है। पीपुल्स लिबरेशन आर्मी (पीएलएल) के पूर्व इंस्ट्रक्टर सॉन्ग झोंगपिंग ने एक बयान में कहा कि इसका अर्थ है कि चीन अपनी रणनीतिक परमाणु क्षमता का विकास राष्ट्रीय सुरक्षा को कायम रखने के लिए करेगा। सॉन्ग ने कहा कि मजबूत रणनीतिक प्रतिरोध की जरूरत अमेरिका द्वारा ताइवान और यूक्रेन युद्ध के मुद्दे पर क्रमशः चीन और रूस को मिली चुनौती की वजह से पैदा हुई।

## दक्षिण कोरिया के पूर्व रक्षामंत्री और तटरक्षक प्रमुख हत्या के मामले में गिरफ्तार

**सियोल।** दक्षिण कोरिया के पूर्व रक्षा मंत्री और तटरक्षक बल के प्रमुख को तथ्यों को छिपाने में कथित रूप से संलिप्त होने और 2020 में समुद्री सीमा के निकट उत्तर कोरिया द्वारा दक्षिण कोरियाई मत्स्य अधिकारी की हत्या की परिस्थितियों को लेकर गलत जानकारी देने के आरोप में शनिवार को गिरफ्तार किया गया। उक्त गिरफ्तारियां उस समय हुईं जब दक्षिणपंथी राष्ट्रपति यूं सुक एओल की सरकार ने 2020 की हत्या और समुद्री सीमा के निकट हुई एक अन्य घटना की जांच को आगे बढ़ाने का फैसला किया है। एओल की पूर्ववर्ती उदार सरकार पर संबंधों को सुधारने के लिए उत्तर कोरिया का तुष्टिकरण करने का आरोप लगा था।



जापान के पीएम किसिदा व आस्ट्रेलियाई पीएम एंथोनी एक दूसरे मिलते हुए

## एफएटीएफ से की गई वचनबद्धता से कानून और प्रक्रिया को सुधारने में मदद मिली : पाकिस्तान

**इस्लामाबाद।** आर्थिक कार्वाई कार्यबल (एफएटीएफ) की ग्रे (संदिग्ध)सूची से बाहर होने के बाद पाकिस्तान ने कहा कि वैश्विक निगरानीकर्ता को दिए गए वचन की वजह से कानून और प्रक्रिया में महत्वपूर्ण सुधार करने में मदद मिली। इसके साथ ही पाकिस्तान ने यह भी कहा कि घरेलू स्तर पर आतंकवाद निरोधक वित्तपोषण और धनशोधन प्रशासन को कठिन परिस्थितियों का सामना करने में और सक्षम बनाया गया। उल्लेखनीय है कि पाकिस्तान को एफएटीएफ की ग्रे (संदिग्ध) सूची से शुक्रवार को बाहर कर दिया गया। एफएटीएफ आतंकवादी वित्त पोषण और धन शोधन पर नजर रखने वाली वैश्विक संस्था है। इस घटनाक्रम पर प्रतिक्रिया देते हुए पाकिस्तान के विदेश कार्यालय (एफओ) कहा कि कल रात एफएटीएफ ने आम सहमति से फैसला किया कि देश ने वर्ष 2018 और 2021 में तय कार्ययोजना के तहत सभी आवश्यक, तकनीकी और प्रक्रियागत जरूरतों को पूरा किया है और इसलिए उसे तत्काल प्रभाव से निगरानी सूची से हटाया जाए। उन्होंने कहा, पाकिस्तान ने दोनों कार्ययोजनओं के तहत धन शोधन और आतंकवाद के वित्तपोषण को रोकने में उल्लेखनीय प्रगति की है।

## धुर दक्षिणपंथी नेता जॉर्जिया मेलोनी ने इटली के प्रधानमंत्री पद की शपथ ली

**रोम।** नव-फासीवादी विचारों से जुड़ी पार्टी की नेता जॉर्जिया मेलोनी ने शनिवार को द्वितीय विश्वयुद्ध के बाद इटली की पहली धुर दक्षिणपंथी प्रधानमंत्री के तौर पर शपथ ली। मेलोनी (45) ने इटली के राष्ट्रपति के समक्ष राष्ट्रपति महल में पद की शपथ ली। इसके साथ ही वह इटली की पहली महिला प्रधानमंत्री बन गई हैं। उनकी ब्रदर्स ऑफ इटली पार्टी को पिछले महीने हुए राष्ट्रीय चुनाव में सबसे अधिक मत प्राप्त हुए थे। मेलोनी ने अपने मंत्रिमंडल की घोषणा शुक्रवार को की थी। वह गठबंधन सरकार का नेतृत्व करेंगी जिसमें दक्षिणपंथी लीग ऑफ माटेओ साल्विनिक और पूर्व प्रधानमंत्री सिल्वियो बर्लुस्कोनी की अध्यक्षता वाली पार्टी फ्रोजा इटालिया पार्टी शामिल हैं। मेलोनी ने शपथ ग्रहण समारोह की परंपरा के तहत इटली के युद्ध के बाद स्थापित गणराज्य के प्रति निष्ठावान रहने और राष्ट्र हित में काम करने का वादा किया। शपथ लेने के बाद मेलोनी ने शपथ पत्र पर दस्तखत किए और उनके बाद राष्ट्रपति सर्गियो मतारेल्ला ने राष्ट्र प्रमुख और संविधान के संरक्षक के तौर पर हस्ताक्षर किए। इस संविधान को फासीवादी तानाशाह बेनितो मुसोलिनी के पतन और द्वितीय विश्वयुद्ध के तुरंत बाद तैयार किया गया था मेलोनी के बाद उनके मंत्रिमंडल में शामिल मंत्रियों ने भी पद की शपथ ली जिनमें से पांच मंत्री विशेषज्ञ हैं और किसी पार्टी का प्रतिनिधित्व नहीं करते हैं जबकि छह महिलाओं को भी मंत्रिमंडल में जगह दी गई है।

## अमेरिकाः स्वदेश चटर्जी को नॉर्थ कैरोलाइना के शीर्ष राजकीय सम्मान से सम्मानित किया गया

**वाशिंगटन।** प्रख्यात भारतीय-अमेरिकी उद्यमी और कार्यकर्ता स्वदेश चटर्जी को अमेरिकी राज्य नॉर्थ कैरोलाइना के शीर्ष सम्मान से सम्मानित किया गया है। चटर्जी को पिछले तीन दशकों के दौरान अमेरिका और भारत के संबंधों को सुदृढ़ करने में उनके योगदान के लिए यह सम्मान दिया गया है। नॉर्थ कैरोलाइना के गवर्नर रे कूपर ने कैरी शहर में शुक्रवार को एक समारोह में 75 वर्षीय चटर्जी को ऑर्डर ऑफ द लॉन्ग लीफ पाइन सम्मान से सम्मानित किया। कूपर ने न केवल नॉर्थ कैरोलाइना के विकास में बल्कि भारत-अमेरिका संबंधों और अमेरिका के सांस्कृतिक परिवेश को समृद्ध करने में उनके योगदान की सराहना की। भारत में अमेरिका के पूर्व राजदूत रिचर्ड वर्मा ने कहा कि 2001 में भारत सरकार से पद्म भूषण सम्मान प्राप्त करने वाले चटर्जी उन महत्वपूर्ण क्षणों के केंद्र में रहे हैं, जिन्होंने भारत और अमेरिका की सरकार के रिश्तों को मजबूत किया है। कांग्रेस (अमेरिकी संसद) के भारतीय-अमेरिकी सदस्य रो खन्ना ने उन्हें अमेरिका में भारतीय समुदाय का एक महान नेता करार दिया। चटर्जी भारतीय अमेरिकी समुदाय के उन पहले लोगों में शामिल हैं जो अमेरिका की राजनीति में आए। एक वीडियो संदेश में, अमेरिका में भारत के राजदूत तरणजीत सिंह संधू ने कहा कि चटर्जी ने भारत और अमेरिका के बीच द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत करने के लिए अथक प्रयास किए। संधू ने कहा, चटर्जी इस बात के सटीक उदाहरण हैं कि कैसे प्रवासी भारतीय अमेरिका में भारत की बेहतर समझ बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। पुरस्कार ग्रहण करने के अवसर पर चटर्जी ने कहा कि नॉर्थ कैरोलाइना और अमेरिका में भारतीय-अमेरिकी समुदाय के प्रयासों की बदौलत भारत-अमेरिका संबंध एक लंबा सफर तय कर चुका है। लेकिन, अभी और भी बहुत सी महत्वपूर्ण चुनौतियां हमारे सामने हैं, क्योंकि पिछले पांच-छह वर्षों में दुनिया काफी बदल गई है। मैं सच में आशावादी हूं और अमेरिका-भारत संबंधों के भविष्य के बारे में भी बहुत उत्साहित हूं।



अमेरिका की उपराष्ट्राति कमला हैरिस भारतीयों के साथ दिवाली मनाते हुए

## यूक्रेन में रूस समर्थित प्राधिकार ने लोगों को खेरसॉन शहर खाली करने का आदेश दिया

**भाषा।** कीव

**यूक्रेन में** रूस समर्थित प्राधिकार ने दक्षिणी शहर खेरसॉन के सभी निवासियों को संभावित यूक्रेनी आक्रमण से पहले तत्काल वहां से दूसरी जगह चले जाने का शनिवार को आदेश दिया। संदेश भेजने में उपयोग किए जाने वाले मंच टेलीग्राम पर एक पोस्ट साझा कर रूस के राष्ट्रपति कार्यालय क्रेमलिन समर्थित क्षेत्रीय शासन ने नागरिकों से नौका के जरिए नीपर नदी पार कर रूस के कब्जे वाले अंदरूनी क्षेत्रों में जाने की अपील की है। शासन ने इसके लिए कीव की गोलाबारी और हमलों के कथित खतरों का हवाला दिया है। खेरसॉन फरवरी में रूसी आक्रमण किए जाने के बाद से रूस के नियंत्रण में है। यह शहर इसी नाम के क्षेत्र की राजधानी है। यह उन चार क्षेत्रों में शामिल है जिसे रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने पिछले महीने अवैध रूप से रूस में मिला लिया और फिर वहां रूसी मार्शल लॉ लगा दिया।

# अमेरिका : छात्रों का कर्ज माफ करने की बाइडन की योजना पर अदालत ने लगाई रोक

**भाषा।** सेंट लुइसाडोवर

अमेरिका में एक संघीय अपीलीय अदालत ने छात्रों का अरबों डॉलर का कर्ज माफ करने की राष्ट्रपति जो बाइडन की योजना पर अस्थाई रोक लगा दी है। आठवीं सर्किट अपीलीय अदालत ने रिपबल्किन पार्टी के शासन वाले छह राज्यों की याचिका पर विचार करते हुए शुक्रवार देर रात यह रोक लगाई। इन राज्यों ने अपनी याचिका में कर्ज माफी कार्यक्रम पर रोक लगाने की अपील की थी। अदालत के इस आदेश में बाइडन प्रशासन से कहा गया है कि जब तक अपील पर सुनवाई नहीं हो जाती तब तक कार्यक्रम पर आगे न बढ़ा जाए। हालांकि यह स्पष्ट नहीं हो पाया है कि पहले ही कर्ज माफी के लिए आवेदन कर चुके दो करोड़ 20 लाख कर्जधारकों पर इसका क्या असर पड़ेगा। बाइडन प्रशासन ने कहा था कि 23 अक्टूबर से पहले कर्जमाफी नहीं होगी क्योंकि उनकी योजना कानूनी चुनौतियों का सामना कर रही है। हालांकि, प्रशासन ने कहा था कि नवंबर के मध्य से कर्जमाफी शुरू हो जाएगी। ऐसे में सवाल उठ रहा है कि क्या एक जनवरी से पहले इस मुद्दे का समाधान निकल पाएगा। एक जनवरी को कर्ज का भुगतान करने की प्रक्रिया शुरू होने की संभावना है, जो महामारी के दौरान रुकी हुई थी। लाखों अमेरिकियों को बाइडन की योजना के तहत पूरी तरह से अपना कर्ज माफ होने की उम्मीद थी, लेकिन अब वे इस बात को लेकर अनिश्चितता का सामना कर रहे हैं कि उन्हें जनवरी में भुगतान शुरू करना होगा या नहीं। इस बीच, राष्ट्रपति जो बाइडन ने शुक्रवार को डेलावेयर स्टेट यूनिवर्सिटी में कहा कि इस सप्ताह ऑनलाइन आवेदन उपलब्ध होने के बाद से लगभग दो करोड़ 20 लाख लोग कर्ज माफी के लिए अर्जी दे चुके हैं। अगस्त में घोषित योजना के अनुसार 125,000 अमेरिकी डॉलर से कम कमाने वालों या 250,000 डॉलर से कम आमदनी वाले परिवार के छात्रों का 10-10 हजार डॉलर का कर्ज माफ किया जाना है।

## पाकिस्तानः अयोग्य करार दिए जाने के बाद इमरान खान को लड़नी होगी लंबी कानूनी लड़ाई

**भाषा।** इस्लामाबाद

**पाकिस्तान** के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान को तोशाखाना मामले में पांच साल तक सरकारी पद ग्रहण करने के अयोग्य करार दिए जाने के बाद अब उन्हें अपना पुराना राजनीतिक मुकाम हासिल करने के लिए कठिन कानूनी लड़ाई लड़नी होगी। मीडिया में आई खबर में इस मामले पर रोशनी डाली गई है।पाकिस्तान के निर्वाचन आयोग ने खान को प्रधानमंत्री के तौर पर तोशाखाना (सरकारी भंडार गृह) में विदेशी नेताओं से मिले कीमती उपहारों की बिक्री से अर्जित आय छिपाने का दोषी पाया, जिसके बाद उनकी संसद सदस्यता चली गई। साथ ही पांच साल तक उनके चुनाव लड़ने पर पाबंदी लगा दी गई है। हालांकि अभी इस बात को लेकर असमंजस है कि पांच साल का प्रतिबंध मौजूदा असेंबली के पांच साल के कार्यकाल तक रहेगा या फिर निर्वाचन आयोग का फैसला आने की तारीख से यह प्रतिबंध शुरू होगा। नेशनल असेंबली का वर्तमान कार्यकाल अगस्त 2018 में शुरू हुआ था। खान ने अप्रैल में संसद सदस्यता से इस्तीफा दे दिया था, लेकिन उसे स्वीकार नहीं किया गया था। इस लिहाज से, असेंबली का कार्यकाल पूरा होने तक उन पर प्रतिबंध लगा रहेगा। खबर के अनुसार निर्वाचन आयोग का फैसला आने के तुरंत बाद खान (70) ने अपनी पार्टी पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) के नेताओं के साथ एक के बाद एक दो बैठकें कीं। इसके बाद जारी पहले से रिकॉर्ड संदेश में उन्होंने अपने ऊपर लगे आरोपों को खारिज कर दिया।

## इजराइल ने दमिश्क में हवाई हमले किएः सीरिया

**दमिश्क।** इजराइल ने सीरिया की राजधानी दमिश्क और इसके दक्षिणी उपनगरों में हवाई हमले किए हैं। सीरिया की सरकारी मीडिया की खबरों में यह जानकारी दी गई है। हालांकि यह स्पष्ट नहीं हुआ है कि शुक्रवार देर रात हुए हमलों में किन स्थानों को निशाना बनाया गया था और इनमें कितने लोग हताहत हुए। राजधानी के निवासियों ने कहा कि उन्होंने कम से कम तीन धमाकों की आवाज सुनी। सीरिया के सरकारी टीवी ने कहा कि सीरिया की वायुसेना ने दमिश्क और दक्षिणी इलाकों के हवाई क्षेत्र में एक इजराइली हमले का जवाब दिया है। सरकार समर्थक शाम एफ.एम. रेडियो स्टेशन ने कहा कि हमले दमिश्क अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के निकट हुए। सीरिया में 17 सितंबर के बाद से यह पहला हमला है। उस दिन इजराइल ने दमिश्क अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे और सैन्य चौकियों को निशाना बनाया था, जिसमें पांच सैनिकों की मौत हो गई थी।

# उत्तर-पूर्वी वाशिंगटन के केल्लर में गोलीबारी, दो लोगों की मौत, तीन संदिग्ध फरार

**केल्लर (अमेरिका)।** अमेरिका में उत्तर-पूर्वी वाशिंगटन के आदिवासी आरक्षित क्षेत्र कॉलविल में बृहस्पतिवार को हुई गोलीबारी में दो लोगों की मौत हो गई और एक पुलिस अधिकारी घायल हो गया। मामले में पुलिस तीन संदिग्धों की तलाश कर रही है। कॉलविल आदिवासी पुलिस विभाग ने स्पोकाने के पश्चिम में स्थित केल्लर में बृहस्पतिवार को गोलीबारी होने की पुष्टि की है। अधिकारियों को दो लोगों के शव मिले हैं और एक अधिकारी को बांह में गोली लगी है। घायल अधिकारी को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने दो संदिग्धों की पहचान करी पिनखाम और जाचरी होल्ट के तौर पर की है। तीसरे संदिग्ध की पहचान नहीं हो पाई है। आदिवासी पुलिस अन्य सुरक्षा एजेंसियों के साथ संदिग्धों की तलाश कर रही है।

## कोटक महिंद्रा बैंक का शुद्ध लाभ 27 प्रतिशत बढ़कर 2,581 करोड़ रुपए पर

**नई दिल्ली।** निजी क्षेत्र के कोटक महिंद्रा बैंक का चालू वित्त वर्ष की सितंबर तिमाही में शुद्ध लाभ करीब 27 फीसदी बढ़कर 2,581 करोड़ रुपए हो गया। पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही में उसे 2,032 करोड़ रुपए का लाभ हुआ था। बैंक ने शेयर बाजारो को अपने तिमाही नतीजे की जानकारी देते हुए कहा कि जुलाई-सितंबर के बीच उसकी कुल आय बढ़कर 10,047 करोड़ रुपए हो गई जो पिछले वर्ष 8,408 करोड़ रुपए थी।

## वी बाजार ने रेणुकूट में

**रेणुकूट।** वैल्यू फैशन सेगमेंट में एक जाना.पहचाना नाम वी.बाजार ने रेणुकूट में अपना पहला और उत्तर प्रदेश में 50वां स्टोर लॉन्च करने की घोषणा की। रेणुकूट में नया स्टोर हनुमान कटरा रेणुकूट उत्तर प्रदेश में खोला गया है। स्टोर का उद्घाटन नगर पालिका अध्यक्ष निशा सिंह के साथ शहर की कई जानी.मानी हस्तियों की मौजूदगी में किया गया। सीएमडी हेमंत अग्रवाल ने कहा हम अपने ग्राहकों को बेहतर माल सेवा और अंतरराष्ट्रीय स्तर कि खरीदारी का अनुभव प्रदान करें। रेणुकूट का यह स्टोर हमारे लिए एक उपलब्धि है। हमारा नया स्टोर पॉकेट फ्रेंडली कीमतों पर बेहतरीन गुणवत्ता वाले सामान का संग्रह प्रदर्शित करता है।

## जश्न के लिए तैयार दुबई

**दुबई।** लगातार भारतीय पर्यटकों के लिए एक लोकप्रिय गंतव्य रहा है, जो त्योहारों के मौसम के बीच छोटे गेटवे की तलाश में हैं। यह वर्ष का वह समय है जब शहर विशेष रूप से भारत के सबसे बड़े त्योहार . दिवाली के लिए गतिविधियों के साथ जीवंत होता है। दुबई की निकटता के साथ भारतीय आगंतुकों के लिए एक छोटी सी छुट्टी के लिए एक महत्वपूर्ण आकर्षण साबित होने के साथए शहर खेल, खरीदारी, आतिशबाजी, भोजन और अधिक से सर्वश्रेष्ठ अनुभव प्राप्त करना जारी रखता है, जो अवकाश, व्यापार यात्रियों और के लिए एक बेजोड़ अपील प्रदान करता है। दुबई लगातार भारतीय पर्यटकों के लिए एक लोकप्रिय गंतव्य रहा है, जो त्योहारों के बीच छोटे गेटवे की तलाश में हैं।

# आभूषण विक्रेताओं को बिक्री में 20 प्रतिशत वृद्धि की उम्मीद

**भाषा।** नई दिल्ली-मुंबई

सप्ताहांत के दो दिनों में मनाए जा रहे धनतेरस के पर्व की शनिवार को अच्छी शुरुआत हुई क्योंकि उपभोक्ताओं ने बाजारों की ओर रुख करना शुरू कर दिया। दिवाली से पहले दिन धनतेरस को सोना और चांदी खरीदने के लिए एक शुभ दिन माना जाता है। बड़े आभूषण कारोबारियों और उद्योग संगठन ने अनुमान जताया है कि रविवार को मांग और बढ़ेगी तथा धनतेरस पर होने वाली बिक्री पिछले वर्ष की तुलना में 20 फीसदी अधिक रह सकती है। सोने की ऊंची कीमतों के बावजूद धनतेरस को उपभोक्ताओं ने खरीदारी की। शनिवार को दिल्ली में सोने की कीमत 50,139 रुपए प्रति दस ग्राम (कर शामिल नहीं) रही। पिछले साल धनतेरस को दस ग्राम सोना 47,644 रुपए के भाव पर था। धनतेरस के मौके पर आम तौर पर 20-30 टन सोना बिकता है। अखिल भारतीय रत्न एवं आभूषण घरेलू परिषद के अध्यक्ष आशीष पेठे ने पीटीआई-भाषा से कहा, दिन की शुरुआत से ही लोगों की भीड़ उमड़ती रही। इस साल धनतेरस सप्ताहांत में मनाया जा रहा है, हम उम्मीद करते हैं कि बाजार में गतिविधि बढ़ेगी। पेठे ने कहा, मूल्य के लिहाज से वृद्धि पांच से दस फीसदी अधिक रह सकती है क्योंकि 2021 की तुलना में सोने के दाम भी पांच फीसदी अधिक हैं। पिछले तीन-चार दिनों से उपभोक्ता धारणा अच्छी रही है और बिक्री की गति सकारात्मक रही है। उन्होंने कहा कि उद्योग को दो दिन में अच्छे कारोबार की उम्मीद है।

## यात्री वाहनों की रिकॉर्ड बिक्री होने की उम्मीद

**नई दिल्ली।** महामारी की वजह से पिछले दो वर्षों में धनतेरस पर वाहनों की खरीद प्रभावित रहने के बाद इस साल वाहन डीलरों ने वाहन खरीदारी के लिए शुभ माने जाने वाले इस अवसर पर दोपहिया एवं चार-पहिया वाहनों की बड़ी संख्या में बिक्री होने की उम्मीद लगाई हुई है। वाहन डीलरों के संगठन फाडा ने कहा है कि इस साल धनतेरस के मौके पर गाड़ियों की बंपर बिक्री होने की उम्मीद है। फाडा के अध्यक्ष मनीष राज सिंघानिया ने कहा कि इस त्योहारी मौसम में डीलरों के यहां वाहनों की रिकॉर्ड बुकिंग हुई है और अधिकांश ग्राहक धनतेरस के दिन ही अपने वाहनों की आपूर्ति लेने पर जोर दे रहे हैं। दरअसल दीवाली के दो दिन पहले धन-त्रयोदिशी की तिथि को महंगे सामान की खरीद के लिए शुभ माना जाता है। इस दिन हिंदू धर्म के अलावा जैन एवं सिख समुदाय के लोग भी सोना, चांदी एवं अन्य महंगी चीजों की खरीदारी करना पसंद करते हैं। इसके साथ ही दीवाली का पांच-दिवसीय त्योहार शुरू हो जाता है। इस साल धनतेरस का पर्व 22 और 23 अक्टूबर दोनों दिन मनाया जा रहा है। इस शुभ अवसर पर वाहन डीलरों को बड़ी संख्या में यात्री वाहनों की बिक्री होने की उम्मीद है। हमें उम्मीद है कि वाहनों की खुदरा बिक्री रिकॉर्ड स्तर पर रहेगी। यहां तक कि दोपहिया वाहनों की बिक्री के भी कोविड-पूर्व स्तर पर पहुंच जाने की उम्मीद है।

## आईसीआईसीआई बैंक का एकीकृत लाभ 31.43 प्रतिशत बढ़कर 8006.99 करोड़ पर

**भाषा।** मुंबई

**निजी क्षेत्र** के आईसीआईसीआई बैंक ने शनिवार को कहा कि चालू वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही में उसका एकीकृत शुद्ध लाभ 31.43 प्रतिशत बढ़कर 8,006.99 करोड़ रुपए हो गया। बैंक ने शेयर बाजारों को दी गई जानकारी में कहा कि इस तिमाही में उसका एकल आधार पर शुद्ध लाभ 37.14 प्रतिशत बढ़कर 7,557.84 करोड़ रुपए हो गया। एक साल पहले की समान अवधि में यह 5,510.95 करोड़ रुपए रहा था। आलोच्य तिमाही में बैंक की कुल आय बढ़कर 31,088 करोड़ रुपए हो गई। इसके साथ उसका कुल खर्च भी 19,408 करोड़ रुपए हो गया जो एक साल पहले 18,027 करोड़ रुपए रहा था। इस दौरान बैंक का फंसे कर्जों के लिए वित्तीय प्रावधान घटकर ।,644.52 करोड़ रुपए हो गया जो साल भर पहले 2,713.48 करोड़ रुपए रहा था।

# स्पाइसजेट बंदिशें हटने पर 30 अक्टूबर से संचालित करेगी 50 प्रतिशत से अधिक उड़ानें

**भाषा।** नई दिल्ली

**कई तरह** की मुश्किलों का सामना कर रही एयरलाइन स्पाइसजेट तीन महीने का प्रतिबंध पूरा होने के बाद 30 अक्टूबर से अपनी 50 प्रतिशत से अधिक उड़ानों का संचालन करने लगेगी। उड़ान के दौरान कई तरह की तकनीकी खामियों की वजह से स्पाइसजेट पर नागर विमानन निदेशालय (डीजीसीए) ने गत 27 जुलाई को कई तरह की पाबंदियां लगा दी थीं। इनमें स्पाइसजेट को 50 प्रतिशत क्षमता के साथ परिचालन करने का निर्देश भी शामिल है। बाद में इस पाबंदी की समयसीमा को 29 अक्टूबर तक के लिए बढ़ा दिया गया था। यह विमानों के ग्रीष्मकालीन कार्यक्रम की अंतिम तारीख है जिसके बाद शीतकालीन कार्यक्रम शुरू होगा। शीतकालीन उड़ान कार्यक्रम 30




अक्टूबर से शुरू होने वाला है। ऐसी स्थिति में स्पाइसजेट को इन बंदिशों से निजात मिलने का समय करीब आ गया है और उसने 30 अक्टूबर से हर हफ्ते 3,193 उड़ानों का संचालन करने की घोषणा कर दी है। यह संख्या पिछले साल के शीतकालीन कार्यक्रम में स्पाइसजेट की तरफ से संचालित हुई उड़ानों से 6.6 प्रतिशत अधिक होगी। डीजीसीए की तरफ से स्पाइसजेट को 50 प्रतिशत से अधिक उड़ानों का संचालन करने की 30 अक्टूबर से अनुमति दे दी गई है। डीजीसीए के प्रमुख अरुण कुमार से शनिवार को पीटीआई-भाषा से कहा कि ग्रीष्मकालीन कार्यक्रम के दौरान इस एयरलाइन को 50 प्रतिशत उड़ानों के ही संचालन की मंजूरी दी गई थी। हालांकि उन्होंने साफ किया कि इस बार स्पाइसजेट की तरफ से संचालित होने वाली उड़ानों में किसी तरह की गड़बड़ी को रोकने के लिए सभी तरह के एहतियाती उपाय किए जा रहे हैं। कुमार ने कहा, हम सुनिश्चित करेंगे कि चीजें नियंत्रण में ही बनी रहें। इस बीच एयरलाइन की तरफ से यह पाबंदी हटाए जाने के बारे में अभी तक कोई प्रतिक्रिया नहीं आई है। यह एयरलाइन पिछले कई महीनों से लगातार उड़ानों के दौरान तकनीकी गड़बडि़यों के कारण चर्चा में रही है। अभी हाल में ही 12 अक्टूबर को गोवा से उड़ान भरने वाले स्पाइसजेट के एक विमान को आपात स्थिति में हैदराबाद हवाईअड्डे पर उतरना पड़ा था।

# रिलायंस अपने ईपीसी संसाधनों के लिए एक केंद्रित इकाई का गठन करेगी

**भाषा।** नई दिल्ली

**रिलायंस इंडस्ट्रीज** लिमिटेड (आरआईएल) ने कहा है कि समूह की ईपीसी जरूरतों को पूरा करने वाली एक इकाई बनाने के लिए वह अपने इंजीनियरिंग, खरीद और निर्माण (ईपीसी) कारोबार को अलग करेगी। रिलायंस इंडस्ट्रीज ने एक बयान में कहा कि उसके निदेशक मंडल ने शुक्रवार को पूर्ण-स्वामित्व वाली अनुषंगी रिलायंस प्रोजेक्ट्स एंड प्रॉपर्टी मैनेजमेंट सर्विसेस लिमिटेड (आरपीपीएमएसएल) के ईपीसी और अवसंरचना उपक्रमों को अलग कर आरआईएल में शामिल करने की योजना को मंजूरी दी है। कंपनी ने एक बयान में कहा कि इस कदम से आरआईएल में केंद्रित ईपीसी उपक्रम बनाने में मदद मिलेगी जो समूह की संबंधित जरूरतों को पूरा करेगी। अभी ईपीसी के मौजूदा संसाधन विभिन्न परिचालन इकाइयों में अलग-अलग हैं। आरआईएल के पास करीब 4,000 इंजीनियर हैं जो इंजीनियरिंग, खरीद, परियोजना प्रबंधन तथा निर्माण के विशेषज्ञ हैं। आरपीपीएमएसएल के पास 20,000 पेशेवरों का दल भी है। इसके साथ ही कंपनी ने अपने वित्तीय सेवा कारोबार को भी अलग करने और इसे जियो फाइनेंशियल सर्विसेस के नाम से शेयर बाजारों में सूचीबद्ध करवाने का फैसला किया है।

## सेबी ने बॉम्बे डाइंग, नेस वाडिया पर लगाई दो साल की पाबंदी

**भाषा।** नई दिल्ली

**भारतीय प्रतिभूति** एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) ने बॉम्बे डाइंग एंड मैन्यूफैक्चरिंग कंपनी लिमिटेड और इसके प्रवर्तकों नुस्ली एन वाडिया, नेस वाडिया और जहांगीर वाडिया को दो साल तक प्रतिभूति बाजारों में लेनदेन करने से रोक दिया है। इसके साथ ही कंपनी के वित्तीय बयानों को गलत तरीके से पेश करने पर कुल 15.75 करोड़ रुपए का जुर्माना भी लगाया गया है।सेबी ने वाडिया समूह की कंपनी स्काल सर्विसेज लिमिटेड और इसके तत्कालीन निदेशक डी एस गगरात, एन एच दतनवाला, शैलेश कार्णिक, आर चंद्रशेखरन और बॉम्बे डाइंग के संयुक्त प्रबंध निदेशक एवं मुख्य वित्तीय अधिकारी दुर्गेश मेहता पर भी यह पाबंदी और जुर्माना लगाया है।

**सार्वजनिक सूचना**

**1. राजेन्द्र सिंह, 2. धनवती एवं 3. गणेशी लाल एजुकेशन सोसाइटी (मालिक एवं पट्टेदार भी)** की ओर से एतद्द्वारा नोटिस दिया जाता है, जो मुस्ततिल नं. 136 में शामिल 11 कनाल 2 मरला की भूमि पर निर्मित ए स्कूल के मालिक हैं। किला नंबर 20/2, 20/3, 20/4, 20/5, 20/6, 20/7, 20/8, 19/3/4, मुस्ततिल नंबर 136, किला नंबर 22/1/1 एवं मुस्ततिल नं. 136, किला नं. 21, ग्राम कनीना, उप-तहसील कनीना, जिला महेंद्रगढ़ (हरियाणा); विभिन्न जमाबंदी(ओं) और बिक्री विलेख से इसे हासिल किया और विक्रांत टॉवर, 6 वीं मंजिल, राजेंद्र प्लेस, नई दिल्ली में स्थित **प्रोटियम फाइनेंस लिमिटेड**, कार्यालय से वित्तीय सहायता प्राप्त करने हेतु उपरोक्त भूमि को गिरवी रखने का इरादा रखता है। **1.** मूल विक्रय विलेख दिनांक 06.08.2004 को श्री राजेन्द्र सिंह पुत्र श्री गणेशी लाल के पक्ष में दस्तावेज संख्या 1335 दिनांक 06.08.2004 के तहत पंजीकृत; **2.** मूल पट्टा विलेख (30 वर्ष के लिए) दिनांक 08.01.2004 को गणेशी लाल एजुकेशन सोसाइटी (पट्टेदार के रूप में) के पक्ष में, दस्तावेज संख्या 1551 के तहत 08.01.2004 को पंजीकृत किया गया; **3.** मूल पट्टा विलेख (30 वर्ष के लिए) दिनांक 12.08.2011 को गणेशी लाल एजुकेशन सोसाइटी (पट्टेदार के रूप में) के पक्ष में, दस्तावेज संख्या 1654 के तहत 12.08.2011 को पंजीकृत; **4.** मूल बिक्री विलेख दिनांक 12.08.2011 गणेशी लाल एजुकेशन सोसाइटी के पक्ष में इसके अध्यक्ष श्री राजेंद्र सिंह (20/135 शेयर) और श्रीमती शांति देवी (2/135 शेयर) के माध्यम से, दस्तावेज संख्या 1653 के तहत 12.08.2011 को पंजीकृत; **5.** मूल उपहार विलेख दिनांक 24.12.2012 को गणेशी लाल एजुकेशन सोसाइटी के पक्ष में, दस्तावेज संख्या 2605 के तहत 24.12.2012 को पंजीकृत; सब-रजिस्ट्रार, कनीना में पंजीकृत सभी डीड उपलब्ध नहीं हैं/खो जाने पर श्री सुभाष यादव पुत्र श्री राजेंद्र यादव द्वारा उक्त विलेख के गुम होने की शिकायत पुलिस थाना शहर कनीना में दर्ज कराई गई है। आवेदन संख्या 132330062200377 और 132330062200380 है। बैंक/एनबीएफसी की आवश्यकताओं का पालन करने के लिए, हम यह सार्वजनिक नोटिस देते हैं कि यदि किसी व्यक्ति (व्यक्तियों) को स्वामित्व और/या बंधक बनाने के संबंध में कोई आपत्ति है। उक्त संपत्ति से अनुरोध किया जाता है कि नीचे दिए गए पते पर 7 दिनों के भीतर अधोहस्ताक्षरी को लिखित रूप में सूचित करें।

**लुसेम लीगल एलएलपी**
269, रामा हाउस, भूतल,मस्जिद मोठ, उदय पार्क के सामने, साउथ एक्सटेंशन द्वितीय, नई दिल्ली-110049; संपर्क नं.-011-40046316

**PUBLIC NOTICE**

To, be known to all that my client, **SMT. RENU SHARMA W/O SHRI SURENDER MOHAN ANGROS alias SURENDER MOHAN SHARMA R/O FLAT NO.B-55/2, FIRST FLOOR, NARAINA VIHAR, NEW DELHI**, is the owner of **DDA MIG FLAT NO.B-55/2, ON FIRST FLOOR, SITUATED AT NARAINA VIHAR, NEW DELHI-110028, VIDE DDA FILE NO. F.14(37)1968/GEN/NR**, have applied for Conversion of leasehold from freehold of the aforesaid property in DDA. The original documents i.e. **Original DEMAND LETTER** of the above said property have been lost or misplaced by my client and is not traceable inspite of his best efforts. An F.I.R./NCR to this effect has been lodged in the Police Station, Crime Branch, Delhi **(LR No.911704/2022** dated **21.10.2022.** Any person(s) claiming any rights, interest, having any objection or found in possession of original documents, may write/contact with above named person at above Address/Phone No. **9810003429** within 15 days from the date of publication of this notice. The person claiming any right, interest, objection with respect to this property, can personally inform or write to Deputy Director (Housing) or Director (Housing), Vikas Sadan, New Delhi.

**Naveen Aggarwal (Advocate)**
Ch.No. M-7, Near SBI, Western Wing, Tis Hazari Court, Delhi-54

**सार्वजनिक सूचना**

आम जनता को एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि संजय गुप्ता और आशा गुप्ता ने वजीर नगर, कोटला मुबारकपुर, नई दिल्ली-110003 में स्थित संपूर्ण फ्रीहोल्ड निर्मित संपत्ति नगर निगम सं. 1512 जिसे आमतौर पर 1512(ए) के रुप में जाना जाता है, कुल एरिया 500 वर्ग गज में से एरिया परिमाप 257 वर्ग गज, खसरा नंबर 346, बिक्री विलेख दिनांक 02.09.2019, पंजीकरण सं. 4712, सब रजिस्ट्रार VA नई दिल्ली में पंजीकृत के आधार पर कानूनी संयुक्त मालिक हैं सभी व्यक्तियों को एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि संजय गुप्ता और आशा गुप्ता ने मनीवाइज फाइनेंशियल सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड (एसएमसी फाइनेंस) से रुपये 3,00,00,000/-(रुपये तीन करोड़ मात्र) ऋण सुविधा का लाभ उठाने के लिए संपर्क किया है, और लेफ्टिनेंट श्री सरनजीत सिंह के मृत्यु प्रमाण पत्र की प्रति और 2006 से पहले के कुछ पिछले चेन लिंक्ड दस्तावेज़ जो उनके पास उपलब्ध नहीं है वे जमा नहीं कर रहे हैं यदि किसी व्यक्ति को उक्त संपत्ति में कोई प्रभार/हित/अधिकार है या किसी भी प्रकार का इन दस्तावेजों के आधार पर विवाद है, तो कृपया अधोहस्ताक्षरी को नीचे दिए गए पते पर लिखित रुप में वर्तमान से 14 दिनों के भीतर सूचित करें।

श्रीमती प्रसून लता, अधिवक्ता,
एसजी एसोसिएट्स (लॉ फर्म)
यूनिट नंबर 7, बेसमेंट, प्लॉट नंबर सी 78,
सेक्टर 2, नोएडा, यूपी 201301
ईमेल: sgassociatespl@gmail.com
फोन : 7011172764, 8130200837

**ARBITRATOR'S NOTICE**
**ARB. Case No. 02/2022**
**In the Matter of:**
**GATI Limited**
**Versus .... Claimant**
**GETIT Furniture Pvt. Limited**
**..... Respondent**
**ARBITRATOR'S NOTICE**
**M/s GETIT Furniture Pvt. Limited Through Managing Director Registered office at: 1205, 12th Floor, New Delhi House Barahkhamba Road, New Delhi-110001**
**Email:- help@getitbazaar.com**
**Head office at : GETIT Furniture Pvt. Ltd. 4th Floor, IRIS Tech Tower Sector-37, Sohna Road, Gurgaon(Haryana)**
**Also at: GETIT Furniture Pvt. Ltd. GYS Heights, Plot No.-10 & 11 (2nd & 3rd Floor), Tower-C, Sector- 125, Noida, 201301**
**......Respondent**

1) Please take notice that vide order dated 16.08.2022 passed by Hon'ble High Court of Delhi at New Delhi in Arb. P. No. 227/2019, I have been appointed as Sole Arbitrator to adjudicate dispute and/or differences between the parties under a Services Agreement dated 01.12.2015. 2) You the Respondent named above are required to appear in person or through your advocates /Representatives on 04.11.2022 at 5:30 PM at my residential office at A-22, Neeti Bagh, New Delhi-110049.

**VIVEK B SAHARYA**
**Chamber No.22, Lawyer's Chamber, Block-I, Delhi High Court, New Delhi-110003**
**Ph. : 011-26517968, Mob. : 9811156831**

# पांच सैकड़ा कार्यकर्ताओं के साथ जगदीश तिवारी ने निकाय चुनाव के लिये भरी हुंकार

संवाददाता। उरई (जालौन)

**भाजपा** के पांच सैकड़ा से अधिक कार्यकर्ताओं के साथ पूर्व जिलाध्यक्ष जगदीश तिवारी ने किया नगर पालिका चुनाव के लिये चेयरमैन प्रत्याशी के तौर पर आवेदन। सर्व समाज के वरिष्ठ जनों ने एक साथ जगदीश तिवारी से आग्रह किया कि आगामी नगर पालिका चुनाव में नगर पालिका परिषद उरई सीट के लिये भाजपा से बतौर प्रत्यासी के रूप में आवेदन करें जिसके बाद निर्णय स्वरूप जगदीश तिवारी ने वरिष्ठ भाजपाइयों के साथ अपना आवेदन निकाय चुनाव समिति को दिया। जगदीश तिवारी पूर्व में भाजपा में अनेक पदों पर रह चुके है जिसमें बतौर जिलाध्यक्ष भाजपा के पद पर रहते हुये इनका कार्यकाल सराहनीय रहा है। जगदीश तिवारी के जिलाध्यक्ष रहते हुये भारतीय जनता ने पहली बार जनपद स्तर पर राम रथ यात्रा प्रारम्भ की थी साथ ही साथ होने वाले जनपद स्तरीय विभिन्न चुनावों में भी जीत दर्ज करी थी। जगदीश तिवारी लम्बे समय से भारतीय जनता पार्टी में सक्रिय है और ब्राह्मण समाज का बड़ा चेहरा है। लम्बे समय बाद किसी भाजपाई के व्यक्तिगत समर्थन में भीड़ देखी गयी है जिसमें भाजपा के अनेक बड़े पदाधिकारी भी शामिल थे। जगदीश तिवारी ने बैठक में आये सभी कार्यकर्ताओं का ह्रदय से धन्यवाद किया व कहा यह मोदी-योगी का युग है और भाजपा भ्रष्टाचार के विरोध में संकल्पित है। साथ ही साथ यह भी कहा कि मैं तो भाजपा का छोटा सा कार्यकर्ता हूँ और पार्टी द्वारा दिए गये सभी निर्देशों का पूर्ण श्रद्धा से पालन करूंगा। इस मौके पर जिला पंचायत सदस्य पुस्पेंद्र सेंगर, जिला उपाध्यक्ष विश्व हिंदू परिषद सुमित प्रताप व अमित समाधिया, अक्षय त्रिपाठी, सौरभ पटेल सुशील द्विवेदी, बब्बुल महराज, बांटी भदौरिया, क्रांति शर्मा, विनियन द्विवेदी सहित सैकड़ों समर्थक मौजूद रहे।



समर्थकों के साथ निकाय चुनाव में दावेदारी करने जाते जगदीश तिवारी पायनियर

## निकाय चुनाव में बीएलओ की लापरवाही नये मतदाता बढ़ाने में बनी बाधा

**जालौन (उरई)।** नगर पालिका चुनावों के लिए मतदाता सूची में नाम जुड़वाने के लिए अभियान चलाया गया। लेकिन बीएलओ के घर घर न पहुंचने से कई लोगों के नाम मतदाता सूची में अंकित होने से रह गए हैं। लोगों ने मतदाता सूची में नाम जुड़वाने के लिए बीएलओ घर घर भेजे जाने की मांग डीएम से की है। मोहल्ला फर्दनवीस निवासी देवीदयाल वर्मा, राहुल कुमार, चिमनदुबे निवासी मोहम्मद इकबाल, जावेद अख्तर आदि ने बताया कि आगामी महीनों में नगर पालिका के चुनाव संपन्न होने हैं। नगर पालिका के चुनाव संपन्न होने के लिए मतदाता सूचियों को तैयार कराया जा रहा है। ताकि जिन लोगों के नाम मतदाता सूची से छूटे हुए हैं उनके नाम मतदाता सूची में जुड़वाए जा सकें। इसके लिए बीएलओ को प्रशिक्षण देकर उन्हें घर घर जाकर जिन मतदाताओं के नाम वोटर लिस्ट में अंकित नहीं हैं उनके नाम जोड़ने एवं जो लोग मृत हो गए हैं अथवा जिन लड़कियों की शादी हो चुकी है।

# धनतेरस पर सगुन की खरीदारी के लिए बाजार में उमड़ी भारी भीड़

संवाददाता। कोंच (जालौन)

**पांच दिवसीय** दीपावली पर्व मनाये जाने की शुरुआत पहले दिन धनतेरस से हो गई है। शनिवार को नगर के बाजारों में जबर्दस्त भीड़भाड़ रही जिसके चलते लोगों को पैदल चलने तक की जगह नहीं मिली। सगुन के तौर पर लोग सोने चांदी के सिक्के और वर्तन खरीद कर घर ले गए। इस दिन झाड़ू भी खरीद कर घर ले जाना शुभ माना जाता है सो झाड़ू की बिक्री भी खूब हुई।

धनतेरस के लिए दो दिन पहले से ही बाजार सजने लगे थे। सोने चांदी और वर्तनों की खरीद के चलन को देखते हुए सबसे ज्यादा भीड़भाड़ इन्हीं दुकानों पर रही। ग्रामीण अंचल के लोग दिन ढलने के पहले ही अपनी खरीद फरोख्त कर चुके थे जबकि स्थानीय लोगों ने शाम ढलने के बाद सगुन की खरीदारी की। लोगों ने चांदी के पुराने सिक्के खरीदने में ज्यादा दिलचस्पी दिखाई जबकि धनाढ्य वर्ग का रुझान सोने की तरफ रहा। वर्तन व्यवसायी सतीश चंद्र अग्रवाल, सुरेन्द्र अग्रवाल ने बताया कि मंहगाई का असर तो बाजार पर रहा लेकिन बिक्री ठीकठाक रही। स्वर्णाभूषण विक्रेता संजय सोनी महेशपुरा, नवीन ज्वैलर्स ने बताया कि सिक्कों के अलावा लोग भगवान के लिए चांदी के वर्तन भी खरीद ले गए हैं। वहीं दूसरी ओर इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों के अलावा दो पहिया वाहनों की बिक्री भी धनतेरस के दिन ठीकठाक रही। उधर, भीड़भाड़ के मद्देनजर पुलिस भी पूरी तरह सक्रिय रहकर बाजारों में लगातार गश्त करती रही।



दुकान पर खरीददारी करते लोग पायनियर

## क्विक न्यूज

### पेड़ से फांसी पर झूला किसान

**कोंच (जालौन)।** ग्राम बसोब में एक युवा किसान ने पेड़ से फांसी पर झूलकर आत्महत्या कर ली। बताया जा रहा है कि मृतक किसान के ऊपर कर्ज था और अत्यधिक बारिश के चलते खेत में बोई गई उसकी तिली की फसल भी नष्ट हो गई थी जिसके चलते वह तनाव में था। प्राप्त जानकारी के अनुसार कोंच कोतवाली क्षेत्र के ग्राम बसोब निवासी करीब 38 वर्षीय युवा किसान सुरेश पुत्र शंकर अहिरवार ने शनिवार की सुबह गांव के बाहर लगे एक पेड़ के सहारे फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मौके से गुजरे ग्रामीणों ने पेड़ पर शव झूलता देख पुलिस को सूचना दी जिसके बाद पुलिस ने मौके पर पहुँचकर आवश्यक जांच पड़ताल कर शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।दीवाली पर्व के येन मौके पर उक्त घटना घटित होने से मृतक के परिजनों समेत ग्रामीण गमगीन है।

### स्मार्ट फोन न मिलने पर विद्यार्थियों ने सीएम को भेजा शिकायती पत्र

**कोंच(जालौन)।** शासन द्वारा स्नातक उत्तीर्ण छात्र छात्राओं को निःशुल्क रूप से प्रदान किये जा रहे स्मार्ट फोन का वितरण गत रोज स्थानीय मथुराप्रसाद स्नातकोत्तर महाविद्यालय में किया गया था लेकिन कुछ पात्र विद्यार्थियों ने स्मार्ट फोन न मिलने पर आक्रोश जाहिर करते हुए सीएम को शिकायती पत्र भेजकर स्मार्ट फोन दिलाये जाने की मांग की है। महाविद्यालय के छात्र ओमकार, समीर खाँ,दीपक गुप्ता, जितेंद्र सोनी, जितेंद्र राठौर, छात्रा निशा बानो, आकांक्षा,जासमीन, शिवानी,तंजीम, ज्योति,रौनक, महक आदि ने सीएम को भेजे प्रार्थना पत्र में कहा कि वह सभी छात्र छात्राएं बीए अंतिम वर्ष के हैं। उक्त छात्र छात्राओं ने कहा कि हम सभी लोगों के नाम वितरण सूची में हैं लेकिन हम छात्र छात्राओं को स्मार्ट फोन नहीं दिए गए हैं।

### पेट्रोल पंप पर अचानक धूंधूं कर जली बाइक

**कोंच (जालौन)।** बाजार से धनतेरस की खरीदारी कर अपने गांव जा रहे गांव गोरकरनपुर निवासी प्रद्युम्न उर्फलकी शिवहरे पुत्र पवन शिवहरे ने लौना रोड स्थित ''हमारा पंप'' पर पेट्रोल भरवाने के लिए बाइक रोकी। उसकी बाइक में पंप कर्मी 610 रुपए का पेट्रोल डाल रहा था। उसकी बाइक यूपी 92 एम 4143 में अभी 410 रुपए का ही पेट्रोल डल पाया था कि अचानक भक्क से बाइक में आग लग गई और देखते ही देखते वह धूधू कर जल उठी जिससे वहां अफरातफरी मच गई। यहां तक कि पेट्रोल पंप के कर्मचारी भी सब कुछ छोड़ छाड़कर भग गए। एक राहगीर लड़के ने हिम्मत दिखाते हुए सीज फायर सिलेंडर उठा कर आग बुझाने का प्रयास करने लगा। तब उसकी देखा देखी अन्य लोगों ने भी बाइक में लगी आग बुझाने का प्रयास किया। सूचना पर पुलिस भी मौके पर पहुंच गई थी। फिलहाल, एक बड़ा हादसा टल गया।

### सपा संस्थापक को सपा नेताओं व जिला पंचायत सदस्य ने दी श्रद्धांजलि

**जालौन (उरई)।** जिला पंचायत सदस्य रामेंद्र त्रिपाठी के आवास पर सपाइयों ने श्रद्धांजलि सभा कर पूर्व मुख्यमंत्री एवं सपा संस्थापक मुलायम सिंह यादव को श्रद्धांजलि दी। जिला पंचायत सदस्य रामेंद्र त्रिपाठी के आवास पर सपा नेता एकत्रित हुए। सपाइयों ने सपा संस्थापक, पूर्व रक्षामंत्री एवं प्रदेश के मुख्यमंत्री रहे मुलायम सिंह यादव के निधन पर शोक संवेदनाएं व्यक्त कीं। सपा नेता दीपू त्रिपाठी ने धरती पुत्र मुलायम सिंह यादव को याद करते हुए कहा कि वह हमेशा लोगों के मदद के लिए तत्पर रहते हैं। जो भी उनके पास किसी समस्या को लेकर गया। हर हाल में उसकी समस्या का समाधान हुआ। अपने मुख्यमंत्री के कार्यकाल में उन्होंने जनपद को कई योजनाओं की सौगात दी। उनके स्थान की भरपाई संभव नहीं है। मौके पर मौजूद सपाइयों ने नेताजी के चित्र पर श्रद्धासुमन अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। इस मौके पर रामेंद्र त्रिपाठी, इमरान अंसारी, वैभव श्रीवास्तव, सानू पाठक, जैद सिद्दीकी, नदीम खान, मोहसिन खान, बिलाल, गोपालजी गुर्जर, अंकुर द्विवेदी, लकी बाबा, दादू पटेल, गोपाल पांडे, बांके धनौरा आदि मौजूद रहे।

### हासिल की उपलब्धि

**लखनऊ।** प्योर ईवी ने सौ से अधिक इंटेलेक्चुअल प्रॉपर्टीज़ राइट्स की फाइलिंग का आँकड़ा पार कर लिया है। रिसर्च केंद्रित इंडस्ट्री पर प्रकाश डालते हुएए श्री रोहित वडेराए चीफ एग्जीक्यूटिव ऑफिसरए प्योर ईवीए ने कहा, यह प्रोग्रामए पॉवरट्रेन डिज़ाइन में मुख्य टेक्नोलॉजी के विकास पर केंद्रित है। यह अंतिम उपयोगकर्ताओं को बेहतर और श्रेष्ठ अनुभव प्रदान करने में हमें सक्षम बनाता है। हमारे पास 100 से अधिक इंजीनियर्स की एक मजबूत आर एंड डी टीम है, जिन्हें थर्मल मैनेजमेंटए एम्बेडेड सिस्टम्सए पॉवर इलेक्ट्रॉनिक्सए ट्रांसपोर्टेशन और प्रोडक्ट डिज़ाइन तथा इलेक्ट्रो.कैमिस्ट्री जैसे विषयों में निपुणता हासिल है।

# चिकित्सा अधीक्षक कदौरा को प्रशिक्षण के लिए पीजी गोरखपुर भेजा गया





● **स्वास्थ्यकर्मियों ने माला पहनाकर विदा किया विनोद को मिला चार्ज**

**कदौरा (जालौन)।** चिकित्सा अधीक्षक डॉ अशोक कुमार का पीजी गोरखपुर प्रशिक्षण के लिए भेजा गया। शनिवार को स्वास्थ्य कर्मियों ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सभागार में विदाई समारोह का आयोजन किया। समारोह में स्वास्थ्य कर्मियो ने फूल मालाएं पहना कर उनको विदा किया। चिकित्सा अधीक्षक अशोक कुमार ने कहा कि उनको नगर व क्षेत्र के लोगो का भरपूर सहयोग मिला है। वही डॉक्टर विनोद कुमार को कदौरा का चिकित्सा अधीक्षक बनाया गया है। इस दौरान डॉक्टर रूपेश, अश्वनी वर्मा, कुलदीप प्रणामी, भीम प्रकाश, रमन चौधरी, गोविंद शर्मा, अखलेश पाल, मोहन सिंह, भानू प्रताप, संगीता आदि मौजूद रहे।

# चित्रकूट में जिला अस्पताल सहित 11 जगह लगेगी हेल्थ एटीएम मशीन

● **ऑटोमैटिक हेल्थ एटीएम से तुरंत होगी जांच, तत्काल मिलेगी रिपोर्ट**





संवाददाता। चित्रकूट

**जिले में** जल्द ही मरीजों को ऑटोमैटिक हेल्थ एटीएम मशीन से जांच की सुविधा मिलेगी। जिला अस्पताल, सभी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र और चार पीएचसी में हेल्थ एटीएम मशीन लगेगीद्य मशीन से महज कुछ ही मिनट में कई किस्म की जांच के बाद तुरंत रिपोर्ट मिल जाएगी। शनिवार को मुख्य चिकित्साधिकारी डा0भूपेश द्विवेदी ने बताया कि अभी तक मरीजों की सरकारी अस्पताल की लैब या प्राइवेट पैथालॉजी में जांच हो रही हैं। जांच में वक्त लगता है और प्राइवेट पैथालॉजी में मरीजों को इसके लिए अच्छी खासी रकम अदा करना पड़ता है। लेकिन जल्द ही जनपद के सरकारी अस्पतालों में मरीजों को हेल्थ एटीएम मशीन से जांच की सुविधा मिलेगी। इससे मरीजों के समय और धन की बचत होगी। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ.भूपेश द्विवेदी ने बताया कि दो हेल्थ एटीएम सरकार द्वारा उपलब्ध कराए जा चुके हैं। दो हेल्थ एटीएम सरकार द्वारा और दिए जा रहे हैं। एक हेल्थ एटीएम रेडक्रास सोसाइटी द्वारा दिया गया है। तीन हेल्थ एटी एम खनिज विभाग द्वारा दिया जा रहा है। एक हेल्थ एटीएम विधायक द्वारा दिया जा रहा है। जिला अस्पताल, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मानिकपुर, राजापुर, पहाडी, शिवरामपुर, राम नगर, मऊ और प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र सरैया, सीतापुर, भौंरी, बरवारा में हेल्थ एटीएम मशीन लगाई जाएगी। इसमें कम समय में मरीजों की कई किस्म की जांचें के बाद रिपोर्ट भी मिल जाएगी।

### इन जांचों की मिलेगी सुविधा

**सीएमओ** ने बताया कि हेल्थ एटीएम मशीन से 40 प्रकार की जांचें होगी। इसमें ब्लड प्रेशर, शुगर, वजन, लंबाई, शरीर का तापमान, शरीर में ऑक्सीजन की मात्रा, बॉडी मास इंडेक्स, मेटाबॉलिक एज, बॉडीफैट, डिहाइड्रेशन, पल्स रेट, मसल मास की जांच करा सकेंगे। पैथोलॉजी टेस्ट भी होंगे, जिसमें ग्लूकोज, हीमोग्लोबिन, लिपिड प्रोफाइल की जांच शामिल है।

## भगवान धन्वंतरि जयंती पर पूजा अर्चना कर आरोग्य की कामना की

**कोंच (जालौन)।** धनतेरस को स्वास्थ्य पर्व के रूप में भी मनाया जाता है क्योंकि इस दिन भगवान धन्वंतरि की जयंती भी है। शनिवार को धन्वंतरि जयंती पर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए जिनमें भगवान धन्वंतरि की पूजा अर्चना कर सभी के लिए आरोग्य की कामना की गई। चंदकुआं के समीप स्थित डॉ. दिनेश उदैनिया के क्लीनिक पर शनिवार की सुबह धन्वंतरि जयंती का आयोजन किया गया जिसमें उपस्थित चिकित्सकों ने भगवान धन्वंतरि के चित्र का पूजन कर उनकी आरती उतारी और उनसे प्रार्थना की गई कि अपनी दया दृष्टि सब पर बनाए रखें और सभी को आरोग्य प्रदान करें। प्रसाद वितरित किया गया। इस दौरान डॉ. दिनेश उदैनिया, डॉ. रवींद्र अग्रवाल, डॉ. दिलीप अग्रवाल आदि उपस्थित रहे। राजकीय आयुर्वेदिक चिकित्सालय में डॉ. जितेंद्र वर्मा एवं स्टाफ नर्स वंदना कुशवाहा द्वारा भगवान धन्वंतरि के चित्र का पूजन कर प्रसाद वितरित किया गया।

# खेड़ा मुस्तकिल के मजदूरों ने रोजगार सेवक पर लगाया वसूली का आरोप

संवाददाता। कुठौंद (जालौन)

**ग्राम पंचायत** खेड़ा मुस्तकिल के बीस जॉब कार्ड धारकों ने खंड विकास अधिकारी प्रतिभा शाल्या को लिखित शिकायती पत्र देते हुए बताया कि गांव के रोजगार सेवक नरेंद्र पर आरोप लगाया कि वह मजदूरी का भुगतान कराने के नाम पर कमीशन की मांग करता है। जो मजदूर काम नहीं करते उनके खातों में मजदूरी का रुपया पहुंचाया जाता है। मजदूरों का कहना था कि पूर्व के समय में रोजगार सेवक की क्रियाकलापों को लेकर ग्राम प्रधान द्वारा अपने स्तर से नोटिस भी दिया था जिसका आज दिन तक उसने कोई जबाब नहीं दिया।

खेड़ा मुस्तकिल के जॉबकार्ड धारक अशोक कुमार, करण सिंह, शिव सिंह, गुरबचन सिंह, राजेंद्र पाल सिंह, विमला, उमा देवी, निर्मला, नीतू, संगीता, मोहिनी, आशा देवी, सुषमा, मनीष कुमार, रघुराज प्रताप, संतोष कुमार आदि ने बीडीओ से बकाया मजदूरी का भुगतान कराये जाने की मांग करते हुये कहा कि गांव का रोजगार सेवक मजदूरी का भुगतान कराने के बदले में रोजगार सेवक दस से बीस परसेंट कमीशन यह कहकर मांगता है कि उसे ऊपर देना पड़ता है। जो जॉब कार्डधारक उनको कमीशन नहीं देते हैं तो उनके दिन कम कर देता हैं। उक्त संबंध में जब मजदूरों ने ग्राम प्रधान से इस संबंध में शिकायत की थी तो ग्राम प्रधान ने रोजगार सेवक नरेंद्र कुमार को कारण बताओ नोटिस 27 जुलाई 2022 को जारी किया लेकिन ग्राम रोजगार सेवक नरेंद्र कुमार ने कारण बताओ नोटिस का आज दिन तक कोई जवाब नहीं दिया। मजदूरों का कहना था कि उन्होंने दो माह पूर्व काम किया था लेकिन उसकी मजदूरी आज तक उनके बैंक खातों में नहीं आयी है। ऐसी स्थिति में दीपावली का त्यौहार वह कैसे मनायेंगे। खंड विकास अधिकारी प्रतिभा शाल्या से मजदूरों ने न्याय की गुहार लगाते हुये मजदूरी का भुगतान कराने के साथ ही ग्राम रोजगार को पद से हटाये जाने की मांग की है। अब देखने वाली बात यह होगी कि बीडीओ से मजदूरों को न्याय मिलता है या फिर उनका शिकायती पत्र रद्दी की टोकरी में फेंका जायेगा यह तो समय ही



## नौ नवंबर को होगा मुस्लिम युवक-युवतियों का सामूहिक विवाहः हाजी रज्जन अली

**चित्रकूट।** गुलशन ए रजा मुस्तफा कमेटी कर्वी के अध्यक्ष हाजी रज्जन अली ठेकेदार ने बताया कि मुस्लिम समाज की लडकियों के सामूहिक शादी सम्मेलन नौ नवम्बर 2022 को दोपहर उनके कोलगदहिया स्थित आवास परिसर में होगा। इच्छुक व्यक्तियों से अपील की है कि वे फिजूल खर्ची एवं समाज की कुरीतियों से बचने को अपने पुत्र एवं पुत्री का निकाह (शादी) सम्मेलन में सम्पन्न करायें। शनिवार को गुलशन ए रजा मुस्तफा कमेटी कर्वी के अध्यक्ष हाजी रज्जन अली ठेकेदार ने बताया कि नौ नवम्बर को दोपहर उनके कोलगदहिया स्थित आवास में मुस्लिम लडकियों व लडकों का सामूहिक विवाह होगा। शादी के मौके पर दूल्हा-दुल्हन के घर में डीजे की धुन पर लडकी-लडकों के नाच-गाना, भांगडा, आतिशबाजी, मडवा, मांझा, रतजगा, फोटो खिंचवाना, वीडियो बनाने जैसी बुरी रश्मों से बचने को ये सम्मेलन कराया जा रहा है। दहेज प्रथा को भी इससे रोका जा सकता है। सम्मेलन में अभिभावकों के लिए जरूरी होगा कि वह पांच नवम्बर तक कमेटी में अपना पंजीयन करा लें। शादी के लिए लडके की उम्र 21 व लडकी की 18 वर्ष से कम नहीं होनी चाहिए। सबूत के लिए दोनों का आधारकार्ड लाना जरूरी है। दूल्हा-दुल्हन के कपडे आदि की व्यवस्था अभिभावक खुद करेंगे। लडकी की विदाई के समय कमेटी की ओर से सम्मेलन में आये लोगों के उपहारों के साथ तयशुदा सहयोग राशि नकद दी जायेगी। उन्होंने बताया कि अधिक जानकारी को मोबाइल नम्बर 7651972118 व 8173935786 पर सम्पर्क कर सकते हैं।

## किसानों की समस्या का प्रशासन करे समाधानः महेन्द्र सिंह

**चित्रकूट।** पटेल सेवा संस्थान के जिलाध्यक्ष महेन्द्र सिंह पटेल ने जिलाधिकारी को लिखे पत्र में कहा कि रबी फसलों की बुवाई को डीएपी खाद उपलब्ध कराकर धान क्रय केन्द्रों का संचालन किया जाये। शनिवार को पटेल सेवा संस्थान के जिलाध्यक्ष महेन्द्र सिंह पटेल ने जिलाधिकारी को लिखे पत्र में कहा कि चित्रकूट खासा अभावग्रस्त क्षेत्र है। सितम्बर में हुई अत्यधिक बारिश से खरीफ फसलों को क्षति पहुंची है। केवल धान की फसल की ही उपज मिलने की उम्मीद है। समय से धान क्रय केन्द्रों का सही ढंग से संचालन किया जाये, ताकि किसान अपनी उपज की बिक्री कर रबी फसलों की बुवाई को डीएपी खाद खरीद सके।

# नगर के विकास के लिए भाजपा का चेयरमैन बनाना जरूरी: चंद्रप्रकाश खरे

संवाददाता। चित्रकूट

**नगर** पालिका कर्वी के वार्ड 25 में भाजपा जिलाध्यक्ष चन्द्रप्रकाश खरे व पूर्व जिलाध्यक्ष लवकुश चतुर्वेदी के मुख्य आतिथ्य में हुई बैठक में वार्ड की स्थिति का आंकलन कर आगामी वार्डों में होने वाले कार्यक्रमों की जानकारी दी।

शनिवार को वार्ड 25 कर्वी नगर पालिका की बैठक में भाजपा जिलाध्यक्ष चन्द्रप्रकाश खरे ने कहा कि 22 से 25 अक्टूबर तक किसी सार्वजनिक जगह में कमलदीप लगाने का काम करना है। 31 अक्टूबर को सरदार पटेल की जयंती पर वार्ड में स्वच्छता का कार्यक्रम चलना है। छह दिसम्बर को डॉ भीमराव अम्बेडकर की जयंती पर समरसता भोज का आयोजन तय है। पूर्व जिलाध्यक्ष लवकुश चतुर्वेदी ने कहा कि नगर का विकास सुनिश्चित करने को अपना चेयरमैन होना जरूरी है। वार्डों में ज्यादा से ज्यादा मेहनत कर अपने वार्ड मेम्बर के साथ अपना चेयरमैन जिताने का कार्य करना है। वार्ड प्रभारी भागवत त्रिपाठी ने कहा कि पार्टी पूरी तरह से चुनाव की तैयारी में है।

वार्डों में अपनी विचारधारा के ज्यादा से ज्यादा मतदाता जोडने का काम करें। एक पेज में दो सौ मतदाताओं में पचास-पचास वोटों का एक प्रमुख बनाकर उन्हीं से सम्पर्क करना होगा। नगर अध्यक्ष श्याम गुप्ता ने सभी का आभार जताया। आगामी पालिका चुनाव में पार्टी प्रत्याशी को जिताने का आवाहन किया। संचालन नगर महामंत्री बृजेन्द्र शुक्ला ने किया। बैठक में जीरो मिश्रा, विनीत पयासी, गौरव करवरिया, लालू सोनी, शिवशंकर उपाध्याय, रामनरेश, बद्री गुप्ता, मलखान सिंह, चन्द्रदेव पाण्डेय, सत्यनारायण खंगार, रोहित पहारिया व रविशंकर आदि मौजूद रहे।



वार्ड की बैठक में बोलते चन्द्रप्रकाश खरे पायनियर

## धूमधाम से मनाया गया दीपोत्सव कार्यक्रम, हुए सांस्कृतिक कार्यक्रम

**कोंच (जालौन)।** स्थानीय सेठ बद्रीप्रसाद ग्रुप ऑफ कॉलिज में शिक्षक और छात्र-छात्राओं ने शनिवार को दीपोत्सव कार्यक्रम मनाया। इस दौरान विभिन्न प्रतियोगिताएं और सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किये गये। भजन और संगीत से परिसर सराबोर रहा। छात्राओं ने आकर्षक रंगोली सजाई जिन्हें पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ कॉलिज के डायरेक्टर आशुतोष हूंका ने दीप जलाकर किया। उन्होंने दीपोत्सव कार्यक्रम पर विस्तार से प्रकाश डाला। कार्यक्रम के उपरांत डायरेक्टर आशुतोष हूंका, प्राचार्या डा. सावित्री गुप्ता ने समीपस्थ ग्राम जुझारपुरा पहुंचकर मलिन बस्ती में मिठाई बांटी और उनके संग दीपावली पर्व की खुशियां बांटी। इस दौरान कोर्डिनेटर कन्हैया नीखर, डॉ. बृजेन्द्र, डा. सरताज खान, रिया, दानिश सर, आफरीन सिद्दीकी, मनोज कुमार, राघवेंद्र पटेल, राधेश्याम, प्रदीप, डॉ. मृदुल दांतरे, पवन, कदीम सिद्दीकी, संदीप, नीलाक्षी आदि मौजूद रहे।

# सीओ ने खुद संभाली बाजार में गश्त की कमान

संवाददाता। कोंच (जालौन)

**त्योहार** की उमंग में कहीं कोई खलल न पड़ जाए इस चिंता में पुलिस की नजरें न केवल बाजारों पर जमी रहीं बल्कि दुकानदारों और बाजार में पहुंचे ग्राहकों से बातचीत कर उनसे यह भी जानने की कोशिश की कि उन्हें कोई दिक्कत परेशानी तो नहीं है। सीओ शैलेंद्र कुमार वाजपेयी खुद कमान अपने हाथों में थामे बाजार में गश्त करते नजर आए।

पुलिस कप्तान रवि कुमार के निर्देश और सीओ शैलेंद्र कुमार वाजपेयी की अगुवाई में शनिवार को धनतेरस के अवसर पर पुलिस ने बाजारों और रिहायशी इलाकों में पैदल गश्त किया और लोगों से बातचीत कर उनकी समस्याएं जानने का प्रयास किया। कोतवाल बलिराज शाही, अतिरिक्त निरीक्षक वीरेंद्र सिंह, एसएसआई आनंद कुमार सिंह, एसआई आरके सिंह, सर्वेश कुमार, खेमचंद्र, कमल किशोर, नरेंद्र सिंह आदि ने पुलिस बल के साथ लवली चौराहा, सर्राफा बाजार, मानिक चौक, रामगंज बाजार, मणिहार बाजार सहित रिहायशी इलाकों में भी लगातार गश्त करते हुए लोगों से उनकी परेशानी पूछी। दुकानदारों से बातचीत कर उनकी दिक्कतें जानने की कोशिश की। बाजारों में टहलबाजी कर रहे फालतू लोगों को भी वहां से चलता किया और पान गुटखा चाय वाले दुकानदारों को हिदायत दी कि दुकानों पर अनावश्यक लोगों को जमा न होने दें। सीओ ने अपनी दुकानें आधे रोड तक फैलाए दुकानदारों से लिमिट में रहने को कहा।



बाजार में गश्त करते सीओ शैलेंद्र कुमार वाजपेयी पायनियर

# ऑस्ट्रेलिया हारा, कीवी टीम का जीत से आगाज

## ● न्यूजीलैंड ने टी20 विश्व कप में कंगारू टीम को 89 रन से हराया

**भाषा।** सिडनी




**डेवोन कोनवे की** 58 गेंद में नाबाद 92 रन की पारी के बाद टिम साउदी और मिशेल सेंटनर के तीन-तीन विकेट की बदौलत न्यूजीलैंड ने शनिवार को यहां टी20 विश्व कप के सुपर 12 चरण के शुरुआती मैच में गत चैम्पियन आस्ट्रेलिया को 89 रन के बड़े अंतर से शिकस्त देकर अपने अभियान को शानदार तरीके से शुरू किया। इस 31 साल के वामहस्त बल्लेबाज ने अपनी शानदार नाबाद पारी में सात चौके और दो छक्के जड़े जिससे न्यूजीलैंड ने पहले बल्लेबाजी का न्योता मिलने पर तीन विकेट पर 200 रन का विशाल स्कोर खड़ा किया। कोनवे के साथ युवा सलामी बल्लेबाज फिन एलेन (16 गेंद में 42 रन) ने न्यूजीलैंड को आक्रामक शुरूआत दिलाई। दोनों ने पहले विकेट के लिए 25 गेंद में 56 रन जोड़े। लक्ष्य का पीछा करने उतरी ऑस्ट्रेलियाई टीम को साउदी (2.1 ओवर में छह रन देकर तीन विकेट) ने शुरुआती झटके दिए तो वही सेंटनर (चार ओवर में 31 रन पर तीन विकेट) ने मध्यक्रम के बल्लेबाजों को अपनी फिरकी में फंसाया जिससे टीम 17.1 ओवर 111 रन पर आउट हो गई। टी20 अंतरराष्ट्रीय में यह रनों के लिहाज से ऑस्ट्रेलिया की दूसरी सबसे बड़ी हार है। न्यूजीलैंड के खिलाफ टीम अपनी सरजमीं पर 2011 के बाद पहली बार हारी है। साउदी ने पारी के दूसरे ओवर में डेविड वार्नर (पांच रन) को चलता किया। वार्नर पुल शॉट खेलने के प्रयास में गेंद को विकेटों पर मार बैठे। मिशेल मार्श (16 रन) ने इसके बाद कुछ अच्छे शॉट लगाकर ऑस्ट्रेलिया की वापसी कराई लेकिन सेंटनर ने कप्तान केन विलियमसन के हाथों ऑस्ट्रेलिया के कप्तान आरोन फिंच (13 रन) को कैच कराया। इसके तुरंत बाद साउदी ने मार्श को अपना दूसरा शिकार बनया। सेंटनर ने खतरनाक मार्कस स्टोइनिस (सात रन) और टिम डेविड (11 रन) अपनी चतुराई से आउट किया, जिससे ऑस्ट्रेलिया ने की आधी टीम 10.2 ओवर में पवेलियन लौट गई थी। ग्लेन फिलिप्स ने डाइव लगाकर स्टोइनिस का शानदार कैच लपका तो वही जिमी नीशाम ने डेविड का कैच लिया। लॉकी फर्ग्युसन ने विकेटकीपर मैथ्यू वेड (दो रन) तो वहीं ईश सोढ़ी ने ग्लेन मैक्सवेल (28 रन) को आउट कर ऑस्ट्रेलिया की उम्मीदों पर पानी फेर दिया। इससे पहले कोनवे ने पारी के दौरान ज्यादा जोखिम उठाने से परहेज किया लेकिन इसका असर रन बनाने की उनकी गति पर नहीं पड़ा। इस विकेटकीपर बल्लेबाज ने पारी के 13वें ओवर में एडम जाम्पा की गेंद को दर्शकों के पास भेज कर अपना अर्धशतक पूरा किया। वह इस पारी के दौरान टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में डाविड मलान के बाद सबसे तेजी से 1000 रन पूरे करने वाले दूसरे बल्लेबाज बने। पारी के आखिरी ओवरों में जिमी नीशाम (13 गेंद में 26 रन) के पास अधिक स्ट्राइक रहा जिससे वह इस प्रारूप में अपना पहला शतक पूरा करने से चूक गया। नीशाम ने पारी की आखिरी गेंद पर हेजलवुड के खिलाफ छक्का लगाकर टीम के स्कोर को 200 रन तक पहुंचाया। अनुभवी मार्टिन गुप्टिल की जगह टीम में शामिल हुए 23 साल के एलन ने शुरुआती ओवरों में तीन छक्के और पांच चौके लगाकर एक बार फिर साबित किया कि उन्हें इस प्रारूप का भविष्य का सितारा क्यों कहा जा रहा है। उन्होंने दिग्गज मिशेल स्टार्क के शुरुआती ओवर में भी दो चौके और एक छक्का लगाकर अपने इरादे जाहिर कर दिए। दूसरे ओवर में गेंदबाजी लिए आए टेस्ट और एकदिवसीय कप्तान पैट कमिंस के खिलाफ भी एलन ने छक्का लगाया।

### स्कोरबोर्ड

**न्यूजीलैंड** : एलेन बो हेजलवुड 42,कोंवे नाबाद 92, केन पगबाधा बो जाम्पा 23, ग्लेन का और बो हेजलवुड 12, नीशाम नाबाद 2, अतिरिक्त : पांच रन, कुल योग : 20 ओवर मे तीन विकेट पर 200 रन, विकेट पतन :1-56, 2-125, 3-152, गेंदबाजी : स्टार्क 4-0-36-0, हेजलवुड 4-0 -41 -2, कमिंस 4-0-46-0, स्टोइनिस 4- 0-38- 0, जाम्पा 4- 0-39-1

**आस्ट्रेलिया** : वॉर्नर बो साउदी 05, फिंच का विलियमसन बो सैंटनर 13,मार्श का नीशाम बो साउदी 16, मैक्सवेल बो ईश सोढी 28,स्टोइनिस का ग्लेन फिलिप्स बो सैंटनर 07, डेविड का नीशाम बो सैंटनर 11, वेड का कॉनवे बो लॉकी फर्ग्यूसन 02,कमिंस का कॉनवे बो साउदी 21,स्टार्क बो बोल्ट 04,जम्पा बो बोल्ट 00,हेजलवुड नाबाद 01,अतिरिक्त : 03, कुल : 17.1 ओवर मे सभी आउट : 111 रन, विकेट पतन :I-5, 2-30, 3-34, 4-50, 5-68, 6-82, 7-89, 8-109, 9-109, गेंदबाजी : बोल्ट 4-0-24-2,साउदी 2.1-0-6-3 , सैंटनर 4-0-31-3, फर्ग्यूसन 3-0-20-I, सोढी 4-0-29-I

# कुरेन के पांच विकेट,इंग्लैंड की जीत

## ● अफगानिस्तान को पांच विकेट से हराया

**पर्थ।** इंग्लैंड की टीम शनिवार को यहां टी20 विश्व कप के सुपर 12 मैच में सैम कुरेन (10 रन देकर पांच विकेट) की शानदार गेंदबाजी और बेहतरीन क्षेत्ररक्षण के बाद बल्लेबाजी में इतना खास प्रदर्शन नहीं करने के बावजूद अफगानिस्तान पर पांच विकेट से जीत दर्ज करने में सफल रही। कप्तान जोस बटलर के टॉस जीतकर गेंदबाजी का फैसला करने के बाद बाएं हाथ के मध्यम गेंदबाजी आल राउंडर कुरेन के पांच विकेट के अलावा इंग्लैंड ने तीन शानदार कैच लपके। इससे अफगानिस्तान 112 रन पर सिमट गई। अफगानिस्तान के लिए इब्राहिम जदरान (32 रन) और उस्मान गनी (30 रन) ने योगदान किया। इस लक्ष्य का पीछा करने उतरी इंग्लैंड ने पांच विकेट विकेट गंवा दिए थे लेकिन टीम के लिए लियाम लिविंगस्टोन (21 गेंद में 29 रन) अंत तक क्रीज पर डटे रहे। इंग्लैंड ने 11 गेंद रहते जीत दर्ज की। बटलर 18 गेंद में 18 रन बनाने के बाद फजलहक फारूकी का शिकार हुए। लेकिन अफगानिस्तान का स्कोर इतना बड़ा नहीं था कि इससे बल्लेबाजी में गहराई वाले इंग्लैंड के लाइन अप को परेशानी होती। बेन स्टोक्स (02) भी सस्ते में आउट हो गए थे जिससे इंग्लैंड ने 11वें ओवर में तीन विकेट गंवाकर 65 रन बनाए थे। 16वें ओवर में यह स्कोर पांच विकेट पर 97 रन हो गया जब राशिद खान ने हैरी ब्रुक (07) को इब्राहिम जदरान के हाथों कैच आउट कराया। ओप्टस की जीवंत




पिच पर बल्ले और गेंद से अच्छा मुकाबला देखने की उम्मीद थी। लेकिन अफगानिस्तान की टीम पावरप्ले में रहमनुल्लाह गुरबाज के दूसरे ओवर में आउट होने के बाद 35 रन ही बना सकी। टीम के सुपर 12 के शुरूआती मुकाबले के लिए फिट घोषित हुए गुरबाज ने क्रिस वोक्स पर फाइन लेग में एक शानदार छक्का जड़ा लेकिन मार्क वुड की 146 किमी प्रति घंटे की रफ्तार वाली गेंद ने उनकी पारी समाप्त कर दी। गेंद गुरबाज के बल्ले का किनारा लेकर विकेटकीपर जोस बटलर के हाथों में समां गई। वुड ने इब्राहिम जदरान का स्वागत 154 किमी प्रति घंटे की रफ्तार की गेंद से किया। लेकिन अगली गेंद फुल टॉस थी जिसे इस बल्लेबाज ने कवर्स की ओर पहुंचाया। हजरतुल्लाह जजई ने वोक्स की गेंद पर कवर प्वाइंट पर बाउंड्री लगाई। वुड ने दूसरे छोर पर कसी गेंदबाजी जारी रखी लेकिन जदरान भी लगे हुए थे, उन्होंने इस तेज गेंदबाज की शार्ट गेंद पर फाइन लेग पर एक छक्का जड़ा। अफगानिस्तान की उम्मीद बीच के ओवरों में रन गति बढ़ाने की थी, लेकिन लियाम लिविंगस्टोन ने डीप से भागते हुए जजई की पारी का अंत किया। सात ओवर बाद अफगानिस्तान का स्कोर दो विकेट पर 37 रन था। सैम कुरेन गेंदबाजी करने आए और उस्मान गनी ने उन पर चौका जड़ दिया।

### स्कोरबोर्ड

**अफगानिस्तान पारी**:हज़रतुल्लाह का लिविगस्टोन बो स्टोक्स 07, गुरबाज का बटलर बो वुड 10,जदरान का मोइन बो कुरेन 32 ,गनी का लिविंगस्टोन बो कुरेन 30 ,जदरान का आदिल राशिद बो स्टोक्स 13, नबी का बटलर बो वुड 03 ,ओमरजई का स्टोक्स बो कुरेन 08 ,खान का हेल्स बो कुरेन 00, रहमान का एवं बो वोक्स 00 ,अहमद मलिक नाबाद 02,फारूकी का मलान बो कुरेन 00 ,**अतिरिक्त**: (लेगबाई:04, वाइड:03) 07, **कुल योग**: (19.4 ओवर मे सभी आउट) 112,**विकेट पतन**:I-11, 2-35, 3-62, 4-82, 5-91, 6-109, 7-109, 8-110, 9-112, गेंदबाजी:स्टोक्स 4-0-19-2,वोक्स 4-0-24-I,वुड 4-0-23-2,कुरेन3.4-0-10-5, राशिद 4-0-32-0

**इंग्लैंड** :बटलर का मुजीबुर रहमान बो फारूकी 18, हेल्स का फारूकी बो अहमद 19, मलान का मोहम्मद नबी बो मुजीबुर रहमान 18,स्टोक्स बो मोहम्मद नबी 02,लिविगस्टोन नाबाद 29,ब्रुक का इब्राहिम जदरान बो राशिद खान 07,अली नाबाद 08,**अतिरिक्त** : 12,**कुल** : 18.1 ओवर मे पांच विकेट पर 113 रन,**विकेट पतन** :I-35, 2-52, 3-65, 4-81, 5-97,**गेंदबाजी** : फारूकी 4-0-24-I,ओमरजई 1.1-0-11-0 रहमान 4-0-22-I, खान 4-0-17-I,अहमद 2-0-23-I, नबी 3-0-16-I

### स्वप्निल ने ओलंपिक कोटा हासिल किया

**काहिरा।** स्वप्निल कुसाले ने आईएसएसएफ विश्व निशानेबाजी चैंपियनशिप मे शनिवार को यहां पुरुषों की 50 मीटर राइफल थ्री पोजिशन के फाइनल मे चौथा स्थान हासिल कर भारत के लिए तीसरा पेरिस ओलंपिक कोटा हासिल किया। भारत के लिए पहला कोटा भौनीश मेंदीरत्ता ने पुरुषों की ट्रैप स्पर्धा मे जबकि दूसरा कोटा रुद्रांक्ष बालासाहेब पाटिल ने 10 मीटर एयर राइफल स्पर्धा मे हासिल किया था। कुसाले ने क्वालिफिकेशन मे 593 अंक बनाकर दूसरे स्थान पर रहते हुए आठ खिलाड़ियों के फाइनल मे जगह बनाई थी। वह एक समय स्वर्ण पदक के मैच मे जगह बनाने के करीब थे लेकिन उनका आखिरी शॉट खराब रहा जिसमे उन्होंने केवल 8.2 अंक बनाए।

### समर्थ और हरिताश्री ने फेनेस्टा ओपन में अंडर-14 खिताब जीता

**नई दिल्ली।** समर्थ साहिता और हरिताश्री वेंकटेश ने शनिवार को यहां फेनेस्टा ओपन राष्ट्रीय टेनिस चैम्पियनशिप मे क्रमश: अंडर-14 लड़कों और लड़कियों के खिताब अपने नाम किए। लड़कों के अंडर-16 फाइनल मे हितेश चव्हाण ने अर्जुन राठी को 6-4, 4-6, 6-4 से शिकस्त देकर खिताब जीता। लड़कियों के अंडर-16 वर्ग फाइनल मे माया रेवती ने लक्ष्मी सिरी डांडू को 6-2, 7-6 से हराया। समर्थ अंडर-14 लड़कों के फाइनल मे विजेता रहे जब उनके प्रतिद्वंद्वी अर्णव विजय पापरकर ने पहले सेट मे 3-4 से पिछड़ने के बाद हटने का फैसला किया।

### महिला फुटबॉल विश्व कप में अमेरिका का सामना वियतनाम और नीदरलैंड से

**आकलैंड।** गत चैम्पियन अमेरिका का सामना 2019 महिला विश्व कप फुटबॉल के ग्रुप चरण मे नीदरलैड से होगा जो 2019 के फाइनल का दोहराव होगा। टूर्नामेंट के ड्रॉ यहां शनिवार को निकाले गए। चार बार की चैम्पियन अमेरिकी टीम को ग्रुप ई मे वियतनाम, नीदरलैड और प्लेआफ के विजेता के साथ रखा गया है। पहली बार टूर्नामेंट मे 32 टीमे भाग लेंगी जिन्हे चार चार के आठ समूहो में बांटा गया है। अमेरिका जुलाई अगस्त मे होने वाले टूर्नामेंट के ग्रुप मैच न्यूजीलेड में खेलेगा। दूसरी रैंकिंग वाली स्वीडन को ग्रुप जी मे दक्षिण अफ्रीका, इटली और अर्जेंटीना के साथ रखा गया है।

### उत्तर प्रदेश हैपकिडो संघ के मनीष सिंह बने अध्यक्ष, चेयरमैन होंगे नवीन दास

**लखनऊ।** परंपरागत कोरियाई मार्शल आर्ट हैपकिडो का देश में तेजी से प्रसार हो रहा है। दूसरी ओर उत्तर प्रदेश में इस खेल को बढ़ावा देने के लिए उत्तर प्रदेश हैपकिडो संघ का पुर्नगठन किया गया है। इसमें मनीष सिंह (पीसीएस) अध्यक्ष और नवीन दास (खनन अधिकारी ) चेयरमैन बनाए गए है। पुर्नगठन की प्रक्रिया में सहारनपुर में शुक्रवार को हुई उत्तर प्रदेश हैपकिडो संघ की बैठक की अध्यक्षता भारतीय हैपकिडो महासंघ के अध्यक्ष डाआनन्देश्वर पाण्डेय ने की। वहीं बैठक में लिए गए निर्णयों की जानकारी अंतर्राष्ट्रीय खिलाड़ी व उत्तर प्रदेश हैपकिडो संघ के सचिव अमनदीप यादव ने दी। इस बैठक में उत्तर प्रदेश में हैपकिडो खेल को बढ़ावा देने खिलाड़ियों के हित में कार्य करने का संकल्प लिया गया।

# पाक को हराकर देश को दीवाली का तोहफा देने के इरादे से उतरेगी टीम इंडिया

**भाषा।** मेलबर्न



**आईसीसी विश्व** कप में पाकिस्तान के खिलाफ कभी ना हारने का रिकॉर्ड पिछली बार टूटने से आहत भारतीय क्रिकेट टीम टी20 विश्व कप के अपने पहले सुपर 12 चरण के मुकाबले में रविवार को चिर प्रतिद्वंद्वी को हराकर देश को दीवाली का तोहफा देने के इरादे से उतरेगी। इस मैच पर बारिश की गाज गिरने की आशंका जताई जा रही है लेकिन यहां के मौसम के जानकारों के अनुसार पूरा मैच रद्द होने की संभावना कम है। दोनों देशों के हजारों क्रिकेटप्रेमी इस मैच को देखने यहां जुटे हैं। स्टेडियम के सारे टिकट बिक चुके हैं। रोहित शर्मा और बाबर आजम की टीमों के लिए यह एक आम मैच है लेकिन दोनों देशों के लाखों क्रिकेटप्रेमियों के लिए बस यही मैच है। महेंद्र सिंह धोनी की अगुवाई में भारतीय टीम आईसीसी टूर्नामेंटों में पाकिस्तान से कभी नहीं हारी और धोनी बार बार कहते आए हैं कि क्रिकेट के मैदान पर बदले जैसा कोई शब्द नहीं होता। लेकिन पिछले एक साल में बहुत कुछ बदल गया। शाहीन शाह अफरीदी की खतरनाक गेंदबाजी के दम पर पाकिस्तान ने पहली बार विश्व कप के किसी मैच में भारत को हराया। अफरीदी ने 31 रन देकर तीन विकेट लिए और पाकिस्तान को न सिर्फ जीत दिलाई बल्कि आधुनिक क्रिकेट के दिग्गज बल्लेबाजों को निरूत्तर भी किया। रोहित , विराट कोहली और केएल राहुल दुबई में पिछले साल मिली हार को भूले नहीं होंगे। उस पर एशिया कप खेलने पाकिस्तान नहीं जाने के बीसीसीआई के बयान और अगले साल भारत में होने वाले वनडे विश्व कप से हटने की पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड की धमकी ने आग में घी डालने का काम किया है। भारतीय टीम के लिए चिंता का सबब टीम संयोजन है। पिछले कुछ समय से भारत को स्थिर टीम संयोजन नहीं मिल सका है। भारत को एक अतिरिक्त गेंदबाज को उतारने के लिए विशेषज्ञ विकेटकीपर ऋषभ पंत को बाहर करना पड़ सकता है। बल्लेबाजी क्रम को अफरीदी के अलावा नसीम शाह और हारिस रऊफ़ का भी सामना करना है। भारत के शीर्ष तीन बल्लेबाज अफरीदी को पावरप्ले में कैसे खेलते हैं, इससे ही मैच की दशा और दिशा तय होगी। ऐसे में टी20 प्रारूप में भारत के नंबर एक बल्लेबाज सूर्यकुमार यादव पर बहुत कुछ निर्भर होगा जो हर हालात में अपना स्वाभाविक खेल दिखाने के लिए मशहूर हैं। बारिश होने पर रोहित टॉस जीतकर गेंदबाजी करना पसंद करेंगे। भारत के पास तीन विशेषज्ञ स्पिनर हैं लेकिन मौसम के हिसाब से उन्हें उतारने के बारे में फैसला लिया जाएगा। बारिश होने पर हर्षल पटेल को मौका मिल सकता है जो बल्लेबाजी में भी माहिर हैं। पाकिस्तान के पास तीन खब्बू बल्लेबाज शान मसूद, मोहम्मद नवाज और खुशदिल शाह हैं लिहाजा रविचंद्रन अश्विन के खेलने की संभावना से भी इनकार नहीं किया जा सकता। बराबरी के इस मुकाबले में पाकिस्तान का पलड़ा तनिक भारी लग रहा है तो उसकी एकमात्र वजह है शाहीन शाह अफरीदी। एमसीजी पर 37 साल बाद भारत और पाकिस्तान का मुकाबला हो रहा है। आखिरी बार 1985 बेंसन एंड हेजेस विश्व चैम्पियनशिप में दोनों टीमें खेली थी। वह सुनील गावस्कर का भारत के कप्तान के तौर पर आखिरी मैच था और रवि शास्त्री ने अपने शानदार प्रदर्शन से आडी कार जीती थी।

## हमने नौ साल से आईसीसी टूर्नामेंट नही जीता है, यह बात खिलाड़ियों के दिमाग में है : रोहित

**मेलबर्न।** भारतीय टीम पाकिस्तान के खिलाफ रविवार को टी20 विश्व कप के अभियान का आगाज करेगी तो कप्तान रोहित शर्मा के दिमाग में इस हाई-प्रोफाइल मैच की चुनौती से निपटने के साथ आईसीसी (अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद) खिताब के नौ साल के सूखे को खत्म करने की बात होगी। रोहित का मानना है कि दबाव हर किसी के जिंदगी का हिस्सा होता है और वह पाकिस्तान के खिलाफ मैच को दबाव की जगह चुनौती मानते है। भारतीय टीम ने आईसीसी टूर्नामेंट में अपनी पिछली सफलता 2013 में चैम्पियन्स ट्रॉफी में हासिल की थी। उस समय रोहित ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में सलामी बल्लेबाज के तौर पर खुद को साबित करना शुरू किया था। मैं दबाव शब्द का उपयोग नहीं करना चाहता क्योंकि दबाव तो हमेशा रहेता है। यह कभी बदलने वाला नहीं है। मैं इसे एक चुनौती के रूप में लेना चाहता हूं। पाकिस्तान की यह टीम बहुत ही चुनौतीपूर्ण है। मैंने 2007 से 2022 तक जितनी भी पाकिस्तानी टीमें खेली हैं, वे एक अच्छी टीम रही हैं। यह सही है कि हमने नौ साल से आईसीसी ट्रॉफी और इस स्तर के टूर्नामेंट में सफलता हासिल नहीं की है। बेशक, यह हमारे खिलाड़ियों के दिमाग में है, लेकिन इसके बारे में सोचने से ज्यादा जरूरी यह है कि हम उस काम को करे जो हमारे हाथ में है।

### हम हर मैच में अंतिम एकादश में बदलाव को तैयार



**मेलबर्न।** रोहित शर्मा अपने खिलाड़ियों को सुरक्षित माहौल देने के पक्षधर है लेकिन वह जरूरत पड़ने पर हर मैच मे अंतिम एकादश मे बदलाव के लिए भी तैयार है और उनके खिलाड़ी भी। भारत ने पिछले एक साल में टी20 क्रिकेट में 29 खिलाड़ियों को आजमाया है। रोहित ने पाकिस्तान के खिलाफ पहले मैच से पूर्व प्रेस कांफ्रेंस मे कहा , मै अंतिम एकादश को लेकर विकल्प खुले रखना चाहता हूं। हम अंतिम एकादश चुनने का एक ही तरीका नही रखना चाहते। हम इसे लेकर खुला रवैया रखना चाहते है। हर मैच में एक या दो खिलाड़ी बदलने भी पड़े तो हम इसके लिए तैयार है। मुख्य कोच राहुल द्रविड़ मैच अप के पुरजोर समर्थक है और उसी के आधार पर बदलाव किए जाएंगे। मैच अप के मायने है कि विरोधी टीम के किसी खिलाड़ी के खिलाफ विशेष बल्लेबाज या गेंदबाज को उतारना।

### अभी विश्व कप पर ध्यान, एशिया कप में समय है

**मेलबर्न।** भारतीय कप्तान रोहित शर्मा अगले साल पाकिस्तान मे खेले जाने वाले एशिया कप क्रिकेट के बारे मे सोच कर मौजूदा टी20 विश्व कप की तैयारियों से ध्यान नही भटकना देना चाहते और इस मुद्दे पर बीसीसीआई को फैसला करने देना चाहते है। पाकिस्तान के खिलाफ टी20 विश्व कप की पूर्व संध्या पर इस विवाद पर पूछे जाने पर रोहित ने कहा, मै इस विश्व कप पर ध्यान केंद्रित करना चाहता हू क्योकि यह हमारे लिए महत्वपूर्ण है। हम भविष्य मे होने वाली चीजो के बारे मे नही सोच रहे है। इसके बारे में अभी सोचने का कोई मतलब नही है। इस पर फैसला बीसीसीआई करेगा। हम इस बात पर ध्यान केंद्रित कर रहे है कि कैसे हमे कल के मैच के लिए बहुत अच्छी तरह से तैयार होना है। बीसीसीआई सचिव जय शाह ने कहा था कि भारतीय टीम पाकिस्तान का दौरा नही करेगी और इसका आयोजन तटस्थ स्थल पर किया जाएगा।

## सिर्फ सूर्यकुमार नहीं, सभी के लिए योजना बनाई है: बाबर

**भाषा।** मेलबर्न

सूर्यकुमार यादव की आक्रामक बल्लेबाजी भले ही सभी टीमों के लिए भयभीत करने वाली हो लेकिन भारत के खिलाफ रविवार को यहां होने वाले टी20 विश्व कप मुकाबले की तैयारियों में जुटे पाकिस्तानी कप्तान बाबर आजम एक विशेष बल्लेबाज को अतिरिक्त अहमियत नहीं देना चाहते। सूर्यकुमार टी20 अंतरराष्ट्रीय मैचों में सबसे तेज 1000 रन पूरे करने वाले क्रिकेटर हैं। वह मैदान के चारों ओर शॉट लगाते हैं और उन्होंने सभी टीमों के गेंदबाजों की धुनाई की है। बाबर ने मैच की पूर्व संध्या पर कहा, हमने सूर्यकुमार नहीं बल्कि प्रत्एक खिलाड़ी के लिए योजना बनाई है। हमारी एक योजना है और उम्मीद करते हैं कि इसे मैदान पर उचित तरीके से इस्तेमाल कर पाएंगे। पाकिस्तान के लिए अच्छी खबर है कि शान मसूद ने सिर की चोट से वापसी कर ली है। बाबर ने बताया कि फखर जमां अब भी चोट से उबर रहे हैं और वह मैच के लिए उपलब्ध नहीं होंगे। उन्होंने कहा, शान मसूद उबर चुके हैं। उसने सारे टेस्ट पास कर लिए हैं। पिच दो दिन से ढकी थी लेकिन हम जानते हैं कि हमारी अंतिम एकादश कैसी होगी। अगर बारिश से मैच के ओवर घटते हैं तो इसके लिए भी बाबर की टीम तैयार है।

## लक्ष्य सेन डेनमार्क ओपन क्वार्टर फाइनल में हारे

**भाषा।** ओडेन्से

**राष्ट्रमंडल** खेल चैम्पियन लक्ष्य सेन डेनमार्क ओपन सुपर 750 टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल में जापान के कोडाइ नाराओका से हारकर बाहर हो गए। विश्व चैम्पियनशिप 2021 के कांस्य पदक विजेता सेन को युवा ओलंपिक 2018 के कांस्य पदक विजेता नाराओका के खिलाफ 17-21, 12 - 21 से पराजय झेलनी पड़ी। दोनों अंतरराष्ट्रीय सर्किट पर पहले भी तीन बार खेल चुके हैं लेकिन दो बार जापानी खिलाड़ी को जीत मिली है। नाराओका ने शुरू ही से मैच में बढ़त बना ली थी। शुरू में 5 -2 की बढ़त बनाने के बाद उन्होंने 13-9 की बढ़त कर ली। सेन ने एक समय 15-14 की बढ़त बना ली लेकिन जापानी प्रतिद्वंद्वी ने तेजी से वापसी की। दूसरे गेम में नाराओका ने सेन को वापसी का कोई मौका ही नहीं दिया।



# कोहली को सूर्यकुमार के साथ सहायक की भूमिका निभाने में कोई गुरेज नही

**भाषा।** मेलबर्न

**दिग्गज** बल्लेबाज विराट कोहली को सूर्यकुमार यादव के साथ बल्लेबाजी करते समय सहायक भूमिका निभाने में कोई परेशानी नहीं है क्योंकि टीम का उनका युवा साथी बल्लेबाज जोखिम उठा कर खेलने के लिए तैयार है। खास बात यह हैं खुद सूर्यकुमार ने कोहली को अपने तरीके से खेलने का सुझाव दिया और यह तरीका अतीत में टीम के लिए फायदेमंद रहा है। कोहली ने स्टार स्पोर्ट्स के कार्यक्रम क्रिकेट लाइव में सूर्यकुमार को बैलेस्टिक (एक प्रकार का मिसाइल) करार देते हुए कहा, एसकेवाई (सूर्यकुमार) के साथ बल्लेबाजी करना शानदार रहा है। भारत के इस पूर्व कप्तान ने कहा, उसके कौशल और क्षमता के कारण साथ में बल्लेबाजी करने में बहुत मजा आता है। वह सिर्फ यह पूछता है कि गेंद विकेट से कैसे आ रही है और फिर, दो-तीन गेंदों के भीतर परिस्थितियों को समझ कर उसके मुताबिक खेलता है। दोनों की साझेदारी में वह खुद जोखिम उठाने के साथ चाहता है कि मैं बस क्रीज पर एक छोर से खड़ा रहूं। ऐसे में जब मैं उसके साथ बल्लेबाजी करता हूं तो मैं अलग तरह की भूमिका निभाता हूं। मैं इस भूमिका का लुत्फ उठाता हूं क्योंकि यह टीम के लिए फायदेमंद रहता है। कोहली और सूर्यकुमार ने पिछले महीने हैदराबाद में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ श्रृंखला के तीसरे और आखिरी टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच में 10.2 ओवर में 104 रन की साझेदारी की थी जिससे भारतीय टीम ने 187 रन के लक्ष्य का सफलतापूर्वक पीछा किया था। भारतीय टीम ने आईसीसी का कोई खिताब पिछले नौ साल से नहीं जीता है और कोहली के कप्तानी छोड़ने के बाद टीम रोहित की अगुवाई में पहली बार विश्व कप (टी20) में उतर रही है। टूर्नामेंट में पाकिस्तान के खिलाफ मैच पूर्व संध्या पर रोहित के साथ तालमेल के बारे में पूछे जाने पर कोहली ने कहा, हमारी चर्चा हमेशा इस बात पर होती है कि हम बड़े टूर्नामेंट कैसे जीतें और हम उसी के मुताबिक योजना बनाते हैं और तैयारी करते हैं। जब से मैं टीम में वापस आया हूं, माहौल बहुत अच्छा है। कोहली ने वेस्टइंडीज और जिम्बाब्वे दौरे से ब्रेक (विश्राम) लिया था और छह सप्ताह तक खेल से दूर रहने के बाद उन्होंने वापसी का जश्न एशिया कप में अफगानिस्तान के खिलाफ शतक लगाकर मनाया। कोहली ने लगभग तीन साल के बाद यह शतक जड़ा था। जब टीम के अंदर अच्छा माहौल होता है तो आप कुछ भी करने के लिए तैयार रहते हैं। इसलिए हमारी समझ और खेल के प्रति नजरिया हमेशा एक जैसा रहा है। हम हमेशा खामियों को दूर करने की दिशा में काम करते हैं, चाहे वे कितनी भी छोटी हों।



### शाहीन को खेलने की रणनीति है वी के अंदर खेलें: तेंदुलकर

**मेलबर्न।** शाहीन शाह अफरीदी दुनिया के सफेद गेंद के सर्वश्रेष्ठ गेंदबाजो में से एक है और महान क्रिकेटर सचिन तेदुलकर का कहना है कि अगर भारतीय बल्लेबाजो को इस प्रतिभाशाली पाकिस्तानी बाएं हाथ के तेज गेंदबाज के खिलाफ आक्रमण करना है तो उन्हे उसे स्ट्रेट खेलने की कोशिश करनी होगी। तेदुलकर पाकिस्तान के वसीम अकरम के खिलाफ सीमित ओवर का क्रिकेट काफी खेल चुके है जो सर्वकालिक महान बाएं हाथ के तेज गेंदबाजों में शुमार है। तेदुलकर से जब पूछा गया कि अगर वह अपने खेलने वाले दिनो मे शाहीन जैसी प्रतिभा के गेंदबाज के खिलाफ खेले होते तो उन्होने हंसते हुए कहा, मैने अपना ध्यान इस तरह दिया ही नही क्योकि मै जानता हू कि मै उसका सामना नही करूंगा। लेकिन उन्होने अपने विचार साझा करते हुए कहा, शाहीन एक आक्रामक गेंदबाज है और वह हमेशा विकेट झटकने की कोशिश मे रहता है। वह गेंद को पिच करता है और गेंद को स्विंग करता है। उसमे गेंदबाज का आउट करने की क्षमता है। इसलिए उसके खिलाफ रणनीति यही होनी चाहिए कि उसे स्ट्रेट और वी के अंदर खेलो। तेदुलकर ने चेताया कि अगर बल्लेबाज ट्रिगर मूवमेंट (शुरूआती प्रतिक्रियात्मक मूवमेंट करता है तो जरूरी नही है कि इस पर बल्लेबाज शॉट खेलने की प्रतिबद्धता दिखाए।

## सुल्तान जोहोर कप : भारतीय जूनियर पुरूष टीम ने मलेशिया को 5-2 से हराया

**भाषा। जोहोर (मलेशिया)।** भारतीय जूनियर पुरूष हॉकी टीम ने शनिवार को यहां मेजबान मलेशिया को 5-2 से शिकस्त देकर सुल्तान जोहोर कप मे अपना अभियान शुरू किया। भारत के लिए अमनदीप ने छठे मिनट, अराईजीत सिंह हुंडाल ने 10वे मिनट, बॉबी सिंह धामी ने 20वे मिनट, सुदीप चिरमाको ने 26वे मिनट और शारदा नंद तिवारी ने 56वे मिनट मे गोल दागा। मलेशिया की ओर से शाहमी इरफान सुहैमी ने 13वे और मोहम्मद मामत ने 52वे मिनट मे गोल किए। भारत ने शुरू से ही अपने इरादे जाहिर कर दिए जब कप्तान उत्तम सिंह ने पहले ही मिनट में सर्कल के अंदर दबाव बनाया। वही मलेशिया ने मजबूत रक्षण जारी रखा और विपक्षी टीम के प्रयासो को विफल किया। कुछ मिनट बाद अमनदीप ने रिवर्स हिट से भारत को बढ़त दिला दी। अराईजीत सिंह हुंडाल ने पेनल्टी कॉर्नर प्रयास मे गेंद नेट मे पहुंचाकर भारत को 2-0 से आगे कर दिया।

## क्रिकेट का सरताज बना काल्विन ताल्लुकेदार्स



**लखनऊ।** कॉल्विन ताल्लुकेदार्स कॉलेज के प्रांगण में 13 कुँ मुनीन्द्र सिंह मेमोरियल क्रि केट टूर्नामेण्ट का फाइनल मैच का समापन एवं पुरस्कार वितरण समारोह सम्पन्न हो गया। मुख्य अतिथि राजा आनन्द सिंह अध्यक्ष ब्रिटिश इण्डियन एसोसिएशन ने विजेता टीम एवं उप विजेता टीम को प्रमाणपत्र स्मृतिचिह्न एवं ट्राफी प्रदान की। इस अवसर पर कुँ मनीष वर्धन सिंह, कालेज प्रबन्धक राजा राकेश प्रताप सिंह, उपाध्यक्ष ब्रिटिश इण्डियन एसोसिएशनए क विनय कुमार सिंह, उप प्रबन्धक राजा वीरेन्द्र सिंह परमार, राय स्वरेश्वर बली, विशिष्ट अतिथि विवेक राज सिंह, सीनियर एडवोकेट हाईकोर्ट उपस्थित रहे। कालेज के प्रधानाचार्य अनूप राज ने प्रबन्ध समिति के सभी सदस्यों को पुष्पगुच्छ एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। इस अवसर नन्हे मुन्ने बच्चों ने रंगारंग नृत्य प्रस्तुत करके कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। फाइनल मैंच में काल्विन ताल्लुकेदार्स कालेज की टीम ने टॉस जीता एवं पहले बैटिंग करने का फैसला किया। काल्विन ताल्लुकेदार्स कालेज के खिलाड़ियों ने 20 ओवर में 120 रन बनायें तथा एलपीएसए सहारा स्टेट ने 20 ओवर में 114 रन बनाये। 6 रनों से काल्विन ताल्लुकेदार्स कालेज विजयी रहा। मैन ऑफद मैच इलेश प्रताप सिंह ने 45 रन बनाये। मैन ऑफद सीरीज विकास यादव रहे। सीरीज के दौरान इनका स्कोर 157 रन एवं 3 विकेट लिए। इस अवसर पर श्रीमती अनुपमा सिंह, प्रधानाचार्या,यूपी बोर्ड, डॉ. कृपाशंकर व अन्य गणमान्य व्यक्ति इस अवसर पर उपस्थित रहे।